17 जून 2025
मंगलवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



दक्षिण बिहार से पटना आना हुआ आसान, सीएम ने मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड की सौगात

4



## पूर्व सीएम विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**श्रद्धांजलि**

- अंतिम संस्कार से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को दी श्रद्धांजलि
- पूर्व सीएम शव की पहचान उनके रिश्तेदारों के डीएनए नमूनों से मिलान के बाद हुई



**केटी न्यूज/राजकोट**

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार आज यानी सोमवार को राजकीय सम्मान के साथ राजकोट में किया जाएगा। पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन 12 जून को एअर इंडिया विमान हादसे में हुआ था। इस हादसे में 274 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। एअर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच कर रहे अधिकारियों ने पुष्टि की है कि कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर मिल गया है। दुर्घटना के संभावित कारण का पता लगाने में के लिए यह एक महत्वपूर्ण खोज है। इससे पहले, विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने पुष्टि की थी कि दुर्भाग्यपूर्ण विमान का केवल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) ही मिला है। अधिकारियों ने रविवार प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा को ब्लैक बॉक्स मिलने की पुष्टि की। राजकोट में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी को 21 बंदूकों से सलामी दी गई। पूर्व सीएम का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी मौजूद हैं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रह रहे भारतीय चिकित्सक डॉ. शमशीर वायलिल ने विमान दुर्घटना से प्रभावित मेडिकल छात्रों और चिकित्सकों के परिवारों के लिए छह करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है। बुर्जील होल्डिंग्स के संस्थापक एवं अध्यक्ष और वीपीएस हेल्थ के प्रबंध निदेशक डॉ. शमशीर ने कहा कि दुर्घटना के बाद की स्थिति देखकर वे स्तब्ध रह गए।

### चार मृतक छात्रों के परिवारों को मिलेंगे एक-एक करोड़

डॉ. शमशीर के राहत पैकेज में चार मृतक छात्रों के परिवारों के लिए एक-एक करोड़ रुपये, पांच गंभीर रूप से घायल छात्रों के लिए 20-20 लाख रुपये और अपने प्रियजनों को खोने वाले चिकित्सकों के परिवारों के लिए 20-20 लाख रुपये शामिल हैं। यह वित्तीय सहायता बी जे मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के समन्वय में प्रदान की जाएगी। उन्होंने 2010 में मंगलुरु विमान दुर्घटना के बाद, प्रभावित परिवारों को वित्तीय सहायता दी थी और स्वास्थ्य सेवा प्रदाता बुर्जील होल्डिंग्स में रोजगार के अवसर प्रदान किए थे।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजकोट पहुंचकर पूर्व सीएम विजय रूपाणी को श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल आचार्य देवव्रत और सीएम भूपेंद्र पटेल ने भी रूपाणी को नमन किया।

## रॉबर्ट वाड्रा को ईडी ने भेजा समन

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए नया समन जारी किया है। यह मामला ब्रिटेन स्थित हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़ा है। सूत्रों के अनुसार, वाड्रा को आज ईडी कार्यालय में पेश हो बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

यह मामला प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जांच के दायरे में है। रॉबर्ट वाड्रा को इससे पहले 10 जून को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने तब पेश होने से यह कहते हुए मना कर दिया था कि उन्हें 9 जून को फ्लू जैसे लक्षण थे और उन्होंने कोविड टेस्ट कराया है। उनके वकील ने उस समय कहा था कि वाड्रा समन से बचने की कोशिश नहीं कर रहे हैं और वे देश से बाहर जाने से पहले या बाद में कभी भी ईडी के सामने पेश होने के लिए तैयार हैं।सूत्रों के अनुसार, ईडी वाड्रा का बयान दर्ज करने के बाद इस मामले में चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी कर रही है। बता दें कि वाड्रा से ईडी ने अप्रैल में तीन दिन लगातार पूछताछ की थी। थी। ये पूछताछ हरियाणा में 2008 की एक जमीन डील में कथित गड़बड़ियों से जुड़े एक अन्य मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई थी। रॉबर्ट वाड्रा ईडी की जांच के तहत कुल तीन मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में फंसे हुए हैं। संजय भंडारी एक हथियार डीलर हैं जो 2016 में दिल्ली में इनकम टैक्स विभाग की छापेमारी के बाद लंदन भाग गए थे।

**खबरें फटाफट**

### मणिपुर में तेंगगोल संगठन के पांच सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में तनाव के माहौल के बीच उग्रवादी संगठन अरामबाई तेंगगोल के पांच सदस्यों को दो गंभीर मामलों में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि इन पर एक व्यक्ति के अपहरण और दो पुलिसकर्मियों पर हमले का आरोप है। रविवार को संगठन के तीन सदस्यों को इंफाल वेस्ट जिले के पाओबितेक मायाई लाइकाई इलाके से चेसम अब्दुल कादर के अपहरण के मामले में गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। एक अन्य सदस्य को 12 जून को और एक को 13 जून को गिरफ्तार किया गया। इन पर 9 जून को बिष्णुपुर जिले के नंबोल बाजार में पुलिसकर्मियों पर हमला करने का आरोप है। यह हमला तब हुआ जब पुलिस प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर रही थी, जो अरामबाई टेंगगोल द्वारा बुलाए गए बंद का समर्थन कर रहे थे। हमले में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सहित दो पुलिसकर्मी घायल हुए थे।आंध्र प्रदेश पुलिस को तमिलनाडु पुलिस ने श्रीहरिकोटा में आतंकी के छिपे होने की सूचना दी थी। इसके बाद सुरक्षा और सत्यापन के अधिकारियों ने छापेमारी की। बाद में यह अफवाह निकली।

## सोनपुर थाना क्षेत्र के बाजिदपुर फोरलेन पर हुआ दर्दनाक हादसा

# वैशाली में सड़क हादसे में छह लोगों की मौत

- पिकअप वैन का टायर फटने से हुआ हादसा, कई गंभीर रूप से जख्मी
- सदर अस्पताल जख्मियों का इलाज नहीं पर परिजनों का फूट गुस्सा, किया जमकर बवाल




**एजेंसी/हाजीपुर**

वैशाली जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र के बाजिदपुर फोरलेन पर सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक पिकअप वैन का अचानक टायर फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल लाया गया, लेकिन वहां उचित इलाज न मिलने पर परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों का आरोप था कि अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन मौजूद होने के बावजूद बिजली नहीं होने के कारण स्कैन नहीं किया जा पा रहा है। इससे घायलों का सही ढंग से इलाज नहीं हो रहा है। घायल के परिजनों ने बताया कि वे सुबह से ही अस्पताल में मौजूद हैं, लेकिन कोई डॉक्टर उनकी बात नहीं सुन रहा है। न तो सही जानकारी दी जा रही है और न ही मरीजों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने वाला कोई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद है। नाराज परिजनों का कहना था कि सदर अस्पताल में कौन से डॉक्टर ड्यूटी पर थे।

इस बात की ही जानकारी नहीं मिल पा रही थी। इसी लापरवाही से नाराज होकर परिजनों ने मरीजों को इमरजेंसी वार्ड से बाहर निकाल दिया और अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन हरकत में आया। सुरक्षाकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। बाद में परिजन खुद ही घायलों को स्ट्रेचर पर एक जगह से दूसरी जगह ले जाने लगे। पिकअप वैन हादसे में जिन छह लोगों की मौत हुई, उनमें चंदेश्वर पासवान की पत्नी फूलमती देवी, किशोरी राम के 18 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार, अरुण राम के 16 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार, योगेंद्र भगत की 55 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी देवी, सुरेन पासवान के 18 वर्षीय पुत्र बादल कुमार और भगवान माझी की पत्नी अहिला देवी शामिल हैं। वहीं, गंभीर रूप से घायल लोगों में दिघवारा निवासी राजकुमार पंडित की पत्नी अंजू देवी, राजू बैठ की पत्नी राधिका देवी, सरवन राम के पुत्र सोनू कुमार, पंचूराम की पुत्री राजलक्ष्मी कुमारी, रामबाबू राम के सात वर्षीय पुत्र शिवम कुमार, मनोहर पासवान की पत्नी लालमुनी देवी, हरि पासवान की पत्नी कविता देवी, 13 वर्षीय मधु कुमारी और दुलन पासवान के पुत्र हिमांशु कुमार का नाम शामिल है। इस घटना ने न केवल सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि अस्पतालों की बदहाल व्यवस्था को भी उजागर कर दिया है। परिजन अब भी बेहतर इलाज और प्रशासनिक ध्यान की मांग कर रहे हैं।

### आंधी और बिजली गिरने से यूपी में 25 की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम की मार एक बार फिर जानलेवा साबित हुई है। पिछले 24 घंटों में राज्य के कई जिलों में आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल बताए जा रहे हैं। सीएम योगी ने इस प्राकृतिक आपदा पर गहरा शोक व्यक्त किया है और पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद पहुंचाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने सभी जिलों के प्रशासन से तत्काल राहत और बचाव कार्य चलाने को कहा है। सीएम ने अधिकारियों से कहा है कि वे प्रभावित इलाकों का दौरा कर स्थिति का आकलन करें और राहत कार्य में कोई कोताही न हो।राहत आयुक्त कार्यालय के मुताबिक, कानपुर देहात, झांसी, जालौन, हरदोई, संभल, कुशीनगर, शाहजहांपुर और लखनऊ में एक-एक, प्रयागराज में पांच, ललितपुर और गोरखपुर में दो-दो, बरेली और बिजनौर में दो-दो तथा जौनपुर में चार लोगों की जान आंधी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से गई है। इधर, मौसम विभाग ने भी चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक यूपी के पश्चिमी और मध्य हिस्सों में तेज आंधी, बिजली गिरने और बारिश की संभावना बनी हुई है। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, बागपत, हापुड़, नोएडा, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, रामपुर और बरेली जैसे जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच सीएम ने यह भी निर्देश दिए हैं कि अगर किसी जगह फसल को नुकसान पहुंचा है, तो उसका जल्द से जल्द सर्वे कराया जाए और रिपोर्ट शासन को भेजी जाए ताकि प्रभावित किसानों को मुआवजा मिल सके।

### पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट से 4 महिलाओं की दर्दनाक मौत, 6 जख्मी

**आमरोह।** लाइसेंसी पटाखा फैक्ट्री में महिलाएं पटाखा बनाने का काम कर रही थी। सोमवार को अचानक पौने 12 बजे ब्लास्ट की घटना से 4 महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गयी और वही आधा दर्जन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयी हैं। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब दिन के पौने 12 बजे पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट की इस घटना में 4 महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गयी वही आधा दर्जन महिलाएं बुरी तरह घायल हो गयी है। पटाखा का धमाका इतना जोरदार था कि ताश के पत्तों की तरह फैक्ट्री बिखर गई। फैक्ट्री मलबा में तब्दिल हो गया। इस धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। घटना के कारणों का पता अभी नहीं चल पाया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। घटना उत्तर प्रदेश के अमरोहा स्थित अतरासी कलां की है जहां खेत के बीचों बीच संचालित पटाखा फैक्ट्री में अचानक ब्लास्ट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया और मलबे के नीचे दबे मजदूरों को बाहर निकाला। इस घटना में वहां काम करने वाली 4 महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गयी है जबकि 6 महिलाएं भी गंभीर रूप से घायल हो गयी हैं। धमाके की आवाज से ग्रामीणों के बीच भी हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने भी राहत और बचाव का कार्य शुरू की। चारों मृतका के शव को कब्जे में लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अमरोहा के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया पटाखा फैक्ट्री लाइसेंसी थी। हापुड़ के रहने वाले सैफउर्रहमान के बेटे केसर अहमद के नाम पर लाइसेंस है। उन्होंने बताया कि पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट से 4 महिलाओं की मौत हो गई जबकि 6 महिलाएं घायल हो गयी हैं। जिनका इलाज पास के अस्पताल में चल रहा है।

### जी-7 समिट शुरू: इजराइल-ईरान मुद्दे पर सहमति बनना मुश्किल

**कैननास्किस।** कनाडा के कैननास्किस में जी-7 समिट शुरू हो गया है। इस समिट में सभी 7 सदस्य देशों के बीच इजराइल-ईरान संघर्ष पर सहमति बनना मुश्किल नजर आ रहा है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि, जाहिर है इस पर चर्चा होगी लेकिन प्रस्ताव को ठोस रूप देना बाकी है। हमें लोगों को एक साथ लाना होगा यह कैसे किया जाएगा इस पर बात करनी होगी।` अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि, अमेरिकी राष्ट्रपति इजराइल और ईरान से जुड़े जी-7 के जॉइंट बयान पर साइन करने की तैयारी में नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के बीच मुलाकात हुई। इस मुलाकात के बाद ट्रम्प ने कहा- जी-7 पहले जी-8 हुआ करता था। बराक ओबामा और ट्रूडो दो ऐसे शख्स थे जो रूस को इसमें शामिल नहीं करना चाहते थे। और मैं कहूंगा कि यह एक गलती थी। कनाडाई पीएम मार्क कार्नी की वर्ल्ड नेताओं के साथ पहली बड़ी अंतरराष्ट्रीय बैठक है। उन्हें 4 चैलेंज का सामना करना पड़ सकता है। ईरान का मुद्दा जी-7 एजेंडा में सबसे ऊपर रहेगा। इस पर सहमति बनाना कठिन साबित हो सकता है। यह समिट ऐसे समय हो रहा है जब वैश्विक व्यापार युद्ध चल रहा है। इसकी ट्रम्प ने की थी। वे कारोबारी रिश्तों को संतुलित करने के लिए टैरिफ का इस्तेमाल कर रहे हैं। राष्ट्रपति के तौर पर ट्रम्प की यह दूसरी कनाडा यात्रा है। पहली बार वे 2018 में क्यूबेक के शार्लवॉ में जी-7 समिट में शामिल हुए थे।

### गृह मंत्री शाह ने लॉन्च किए तीन टेक प्लेटफॉर्म, आपदा प्रबंधन में मिलेगा मदद

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को देश की आपदा प्रबंधन एजेंसियों की काम करने की गति और सटीकता बढ़ाने के लिए तीन बड़े तकनीकी मंचों का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में राहत आयुक्त, आपदा प्रबंधन सचिव और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बलों के अधिकारी शामिल हुए। इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम फॉर इमरजेंसी रिस्पॉन्स, नेशनल डाटाबेस फॉर इमरजेंसी मैनेजमेंट लाइट 2.0 और फ्लड हैजर्ड जोनेशन एटलस ऑफ असम का शुभारंभ किया। गृह मंत्री ने कहा कि ये तीनों प्लेटफॉर्म हमारे आपदा प्रबंधन तंत्र को नई तकनीकों और सटीकता से लैस करेंगे। न्होंने कहा कि आईसीआर-ईआर देशभर में किसी भी आपदा के समय रियल टाइम में सैटेलाइट डाटा बचाव एजेंसियों तक पहुंचाएगा, जिससे प्रतिक्रिया त्वरित होगी। एनडीईएम लाइट 2.0 देश के कोने-कोने में मदद मिलेगी।

### महाराष्ट्र: अस्पताल ने नहीं दी एंबुलेंस तो बेटी के शव को थैले में रख बस से 90 किमी दूर लेकर गया पिता

**एजेंसी/नासिक**

महाराष्ट्र में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। एक आदिवासी पिता को अपनी मृत बेटी को थैली में डालकर 90 किमी दूर अपने घर ले जाना पड़ा। घटना नासिक जिले की है। कटकरी आदिवासी समुदाय के 28 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर सखाराम का कहना है कि मैंने स्वास्थ्य प्रणाली की लापरवाही और उपेक्षा के कारण पहले अपनी नवजात बच्ची को खो दिया, फिर एंबुलेंस नहीं दिए जाने पर 20 रुपये का थैला खरीदकर उसमें शव रखकर महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस से 90 किलोमीटर दूर ले गया। सखाराम ने नासिक सिविल अस्पताल प्रबंधन पर एंबुलेंस देने से इनकार करने का आरोप लगाया। सखाराम का कहना है, वह और उनकी 26 वर्षीय पत्नी अविता दो बच्चों के साथ ठाणे जिले के बदलापुर में ईंट भट्टे पर काम करते थे। 11 जून को अविता को प्रसव पीड़ा शुरू हुई तो सुबह से ही एंबुलेंस के लिए कॉल किया, लेकिन कोई नहीं आया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गांव की आशा कार्यकर्ता भी नहीं थी। फिर खोडाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के लिए निजी वाहन की व्यवस्था की। अविता ने कहा, पीएचसी पहुंचने के बाद उसे एक घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा। बाद में उसे मोखदा ग्रामीण अस्पताल में रेफर किया गया।

**राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश किया है जारी**

## अब शनिवार को भी खुला रहेगा सुप्रीम कोर्ट का रजिस्ट्री कार्यालय

**एजेंसी/नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट के नियम में एक बड़ा बदलाव किया गया है। यह बदलाव सुप्रीम कोर्ट ने ही राष्ट्रपति की मंजूरी से किया है। आपको बता दें कि इस संशोधन के बाद अब सुप्रीम कोर्ट का रजिस्ट्री और कार्यालय शनिवार को भी खुले रहेंगे। आपको बता दें कि पहले सुप्रीम कोर्ट का रजिस्ट्री कार्यालय शनिवार को बंद रहते थे मगर अब इस संशोधन के बाद हर शनिवार सुबह 10 बजे से दोपहर के 1 बजे तक खुले रहेंगे। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से एक नोटिस भी जारी किया गया है। आइए आपको बताते हैं कि सुप्रीम कोर्ट की तरफ से जारी किए गए नोटिस में क्या लिखा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने जो नोटिस जारी किया है उसमें हुए अहम संशोधन के बारे में बताया गया है। नोटिस के मुताबिक संविधान के अनुच्छेद 145 के तहत सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति की मंजूरी से सुप्रीम कोर्ट रूल्स 2013 के ऑर्डर 2 के नियम 1,2 और 3 में संशोधन किया गया है। इस संशोधन के बाद अब सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री और कार्यालय हर शनिवार सुबह 10 बजे से दोपहर के 1 बजे तक खुले रहेंगे। यह बदलाव अगले महीने से देखने को मिलेगा यानी यानी 14 जुलाई 2025 से यह नियम लागू होंगे। इसके संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस संशोधन की अधिसूचना भारत के गजट में 14 जून 2025 को पब्लिश कर दी गई है। आप अगर उस अधिसूचना को देखना चाहते हैं तो फिर आप सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस संशोधन के संबंध में जारी की गई अधिसूचना को देख सकते हैं।



केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण

बक्सर

बक्सर, 17 जून 2025
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# टक्कर के बाद ट्रक के केबिन में लगी आग, जिंदा जला ट्रक चालक

♦ करीब 10 मीटर तक सड़क पर लगी थी आग, दमकल वाहन ने पाया आग पर काबू

**केटी न्यूज/डुमरांव**



एन एच 922 पर एक भीषण हादसे में एक ट्रक के केबिन में आग लग गई। इस घटना में ट्रक चालक स्टेयरिंग पर ही जल गया। बताया जाता है कि ट्रक का अचानक टायर फटने से वह अनियंत्रित हो आगे खड़ी टेलर से टकरा गई, टक्कर के साथ ही ट्रक के केबिन और टेलर के पिछले हिस्से में आग लग गई।

घटना सोमवार की अहले सुबह करीब 4.30 बजे नया भोजपुर थाना क्षेत्र के भोजपुर कोठी के समीप एनएच के दक्षिणी लेन की है। जानकारी मिलते ही डायल 112 और नया भोजपुर थाने की टीम मौके पर पहुंची तथा अग्निशमन विभाग को भी इसकी जानकारी दी गई। घटनास्थल पर पहुंची अग्निशमन वाहन ने करीब एक घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया, इसके बाद ही ट्रक चालक के शव को केबिन से निकाला गया।

**पेट के नीचे का हिस्सा जलकर राख हो चुका था:** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटन में ट्रक चालक पूरी तरह से जल गया था तथा पेट के नीचे का हिस्सा जलकर राख हो चुका था तथा उसकी हड्डियां स्टेयरिंग से चिपक गई थीं। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के महाराजगंज थाना क्षेत्र के चेहरी गांव निवासी रविंद्र कुमार के रूप में हुई है। वह ट्रक संख्या बीआर 28 जी ए 9839 पर कोईलवर से बालू लाद उत्तर प्रदेश की तरफ जा रहा था। आगे वाली टेलर के चालक महाराजगंज थाना क्षेत्र के ही पकड़ी नोनिया गांव निवासी दीनानाथ ने बताया कि वह अपनी टेलर खड़ी कर पानी लेने गया था, इसी दौरान पीछे से आ रहे रविंद्र की ट्रक का टायर अचानक फट गया जिससे वह अनियंत्रित हो पीछे से टेलर में टकरा गई। टक्कर होते ही ट्रक के केबिन और मेरे वाहन के पिछले हिस्से में आग लग गया था। इस घटना में चालक के साथ हैं ट्रक का आधा हिस्सा जबकि टेलर के पीछे का दोनों पहिया पूरी तरह से जल गया है, जिससे घटना की विभत्सता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

नया भोजपुर के प्रभारी थाना अध्यक्ष श्रीराम ठाकुर ने इसकी पुष्टि की है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही डुमरांव सर्किल इंस्पेक्टर श्रीनाथ कुमार भी मौके पर पहुंच वस्तु स्थिति का जायजा लिए। इस भीषण हादसे के बाद एन एच 922 पर ट्रक चालकों में हड़कंप मचा रहा।

## एक नजर

### इन्वर्टर में हो रहे शॉर्ट सर्किट ठीक करने के दौरान करंट लगने से गई युवक की जान



**बक्सर।** जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकरौल पंचायत के राजापुर गांव में रविवार रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। इन्वर्टर से करंट लगने के कारण 38 वर्षीय मनीष कुमार की मौत हो गई। मनीष, त्रिलोकी खरवार का पुत्र था और हाल ही में उसने एक नया इन्वर्टर खरीदा था। बताया जा रहा है कि इन्वर्टर के सभी कनेक्शन उसने खुद ही जोड़े थे। रात के समय अचानक इन्वर्टर में शॉर्ट सर्किट हो गया। मनीष उसे ठीक करने की कोशिश कर रहा था, तभी करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह इन्वर्टर और बैटरी के संपर्क में आ गया, जिससे उसका शरीर बुरी तरह झुलस गया। परिजनों ने तुरंत उसे बचाने की कोशिश की और स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। मनीष के परिवार में उसकी पत्नी, दो बेटियां और एक छोटा बेटा है। उसका छोटा भाई पटना में नौकरी करता है। गांव में यह खबर फैलते ही शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने भी शोक जताते हुए परिवार को ढांढस बंधाया। वहीं, घटना के बाद से उसकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही उसका भाई अहले सुबह तक पटना से गांव आ गया। इस घटना के बाद सोमवार को भी पीड़ित परिवार सहज नहीं हो पाया था।

### कोचाढ़ी में पेड़ से सटा हाई वोल्टेज तार, पत्ते के सम्पर्क में आने से किशोर झुलसा



**चौसा।** चौसा के कोचाढ़ी गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक 12 वर्षीय किशोर बिजली के हाइ वोल्टेज करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। यह दर्दनाक हादसा प्लांट के समीप कोचाढ़ी गांव स्थित भीखम बाबा स्थान के समीप हुआ। कोचाढ़ी निवासी मुनीब सिंह का पुत्र सोना कुमार सोमवार की दोपहर बारिश से बचने के लिए गांव के पास एक पेड़ के नीचे छिपने पहुंचा था। घायल किशोर को ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए चौसा सीएचसी लाया गया। बताया जा रहा है कि प्लांट के लिए पेड़ के समीप से 33 केवी का बिजली तार गया था। जहा बारिश की वजह से पेड़ की शाखाएं तथा पत्ते उस तार के संपर्क में आ गए थे। जैसे ही सोना कुमार पेड़ के नीचे पहुंचा, वह करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास के लोगों ने जब उसकी चीख सुनी तो दौड़कर उसे बचाया और तत्काल उसे चौसा सीएचसी लाया गया। जहा इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, किशोर के एक हाथ झुलस गया है और उसकी हालत सामान्य है। घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार विभाग को पेड़ों की कटाई और हाई वोल्टेज तारों की मरम्मत की जानी चाहिए।

### अचानक सड़क पर आए मवेशी से टकराई बाइक, पिता-पुत्री जख्मी, एक रेफर

**चौसा।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित चौसा-मोहनिया मुख्य मार्ग पर महावीर स्थान के समीप सोमवार की सुबह सड़क हादसे में दो लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अचानक एक मवेशी सड़क पर दौड़ते हुए आ गया, इस दौरान वह एक बाइक से टकरा गया। जिससे बाइक पर सवार पिता व पुत्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

जख्मियों की पहचान रामपुर पंचायत के तिवाय गांव निवासी सुनील सिंह कुशवाहा और उनकी पुत्री आराध्या के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुनील अपनी बच्ची को लेकर बाइक से बक्सर से चौसा होते हुए तिवाय गांव जा रहे थे, तभी महावीर स्थान के निकट एक आवारा मवेशी अचानक सड़क पर तेजी से दौड़ता हुआ आ गया। इसके कारण सुनील की बाइक अचानक मवेशी से टकराते ही बाइक असंतुलित होकर पलट गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी दौरान गश्त में निकली पुलिस घायलों को तत्काल निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां बच्ची की हालत गम्भीर होने पर उसे चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे वाराणसी रेफर कर दिया गया। सुनील सिंह को मामूली चोटें आईं हैं और उन्हें निजी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## चौसा और राजपुर प्रखंड में दोपहर में अचानक हुआ वज्रपात, मचा कोहराम

# आकाशीय बिजली का तांडवः एक मवेशी समेत चार की मौत, चार जख्मी

♦ घटना के बाद तीन गांवों में पसरा मातम, सदर अस्पताल में चल रहा है जख्मियों का इलाज

**केटी न्यूज/बक्सर**



### पेड़ के नीचे बैठे लोगों पर हुआ व्रजपात

सोमवार की दोपहर करीब 1.30 बजे चौसा दुर्गा मंदिर के समीप के रहने वाले करीब आधा दर्जन लोग थाना घाट पर एक पेड़ के नीचे बैठे थे। सभी गंगा किनारे अपने मवेशियों को चरा रहे थे। इसी दौरान दोपहर में अचानक मौसम में बदलाव हुआ तथा आकाश में बादल घिरने के साथ अभी बूंदाबांदी शुरू ही हुई थी कि तेज आवाज के साथ बिजली गिर गई, जिससे पेड़ के नीचे बैठे लोग चपेट में आ गए। आनन फानन में उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से जख्मी तीन का इलाज जारी है।

जिले में प्रकृति की मार ने भारी तबाही मचाई है। रविवार को जिले के चौसा व राजपुर में वज्रपात गिरने की घटनाओं में एक मवेशी समेत चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि चार गंभीर रूप से जख्मी है, जिनका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। वज्रपात की यह घटना चौसा दुर्गा मंदिर के समीप थाना घाट, नरबतपुर व राजपुर के देवढ़िया में घटित हुई है। जख्मियों की हालत नाजूक बनी हुई है। जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

इसकी जानकारी होते ही जहां पीड़ित परिवारों में कोहराम मच गया है, वहीं प्रशासनिक कवायदें तेज हो गई है। दोनों अंचलों ने सीओ ने घटना की जानकारी के लिए अपने-अपने राजस्वकर्मियों को मौके पर भेजा है।

मृतकों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौसा दुर्गा मंदिर निवासी बीरेन्द्र गोंड (50 वर्ष) पिता सूरज गोंड, मिथिलेश राम (20 वर्ष) पिता बलिराम राम, नरबतपुर गांव निवासी श्रीभगवान उर्फ झोला सिंह (55 वर्ष) पिता बहादूर सिंह के अलावे राजपुर थाना क्षेत्र के देवढ़िया गांव निवासी अंकुश कुमार (12 वर्ष) पिता प्रेम जीवन राम शामिल है। वहीं, चौसा दुर्गा मंदिर निवासी सोनू राम (18 वर्ष), नीरज (19 वर्ष), अमित कुमार चौधरी (30 वर्ष) तथा राजपुर के देवढ़िया गांव निवासी अनंत राम (13 वर्ष) गंभीर रूप से जख्मी हुए है। इनका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

वहीं, थाना घाट के पास गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक दुधारू मवेशी की मौत भी हो गई है। घटना के बाद से क्षेत्र में आकाशीय बिजली की घटना से हड़कंप मच गया है। लोग अपने बच्चों को बाधार में जाने से रोक रहे है। शनिवार को भी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सोनपा पश्चिम डेरा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोर की मौत हो गई थी।

**नरबतपुर में मवेशी चरा रहे किशोर आए चपेट में:** वहीं, इसी समय नरबतपुर गांव के बधार में भी मवेशी चरा रहे दो किशोरों पर वज्रपात हुआ, जिसमें एक की मौत हो गई तथा एक जख्मी हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन उन्हें लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे का इलाज जारी है। घटना के बाद बधार में मवेशी चरा रहे किसानों व पशुपालकों में हड़कंप मच गया तथा जान बचाने के लिए भाग खड़े हुए।

**घटना के बाद मच गई थी अफरा तफरी:** चौसा के थाना घाट पर आकाशीय बिजली गिरने की घटना के बाद दुर्गा मंदिर मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई है। देखते ही देखते घटना स्थल पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए थे। सदर अस्पताल में भी लोगों की भारी भीड़ जुटी थी। घटना के बाद लोग अपने बच्चों की कुशलता की जानकारी के लिए परेशान थे। वहीं, लोग इस आपदा को कोष रहे थे।

**राजपुर के देवढ़िया में भी गिरी आकाशीय बिजली:** वहीं, आकाशीय बिजली गिरने की तीसरी घटना राजपुर थाना क्षेत्र के देवढ़िया गांव की है। यहां दोपहर में ठनका गिरने से श्रीभगवान सिंह उर्फ झोला सिंह नामक किसान की मौत हो गई। हालांकि, घटना के बाद स्वजन अस्पताल ले गए थे, लेकिन डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**शवों का कराया गया पोस्टमार्टमः** मुफस्सिल थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने बताया कि थाना क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के समीप थाना घाट व नरबतपुर में आकाशीय बिजली से तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि तीन जख्मी है। वहीं, राजपुर थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि देवढ़िया में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक अधेड़ किसान की मौत हो गई है। थानाध्यक्षों ने कहा कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पीड़ित परिवार को उचित मुआवजे की अनुशंसा की जाएगी।

# संदिग्ध स्थिति में शिक्षक अजय कुमार की मौत

**केटी न्यूज/बक्सर**



शहर के बाजार समिति रोड स्थित महात्मा गांधी नगर में रविवार की शाम एक शिक्षक का शव उनके आवास से संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया। मृतक की पहचान नावानगर प्रखंड के खड़गपुरा प्राथमिक विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक अजय कुमार सिंह (उम्र लगभग 45 वर्ष) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार अजय कुमार सिंह बीते कुछ वर्षों से अकेले जीवन व्यतीत कर रहे थे। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, कुछ समय पहले उनका तालाक हो गया था, जिसके बाद वे अवसाद में रहने लगे थे। रविवार की शाम जब उनके भाई घर पहुंचे तो अजय कुमार का शव कमरे में पड़ा मिला। तुरंत इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। नगर थाना पुलिस ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, लेकिन मानसिक स्थिति को देखते हुए आत्महत्या की आशंका से इनकार नहीं किया जा रहा। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच हर एंगल से की जा रही है। पड़ोसियों ने बताया कि अजय कुमार शांत स्वभाव के व्यक्ति थे और किसी से ज्यादा बातचीत नहीं करते थे। वे अधिकतर समय घर में अकेले रहते थे। तलाक के बाद से वे सामाजिक रूप से भी अलग-थलग पड़ गए थे।

नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि यह मामला संवेदनशील है। पुलिस सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली परियोजना में हादसाः मजदूर के सिर पर गिरा लोहे का पार्ट, गंभीर रूप से घायल

**केटी न्यूज/बक्सर**

चौसा में निमार्णाधीन बिजली संयंत्र परियोजना में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। काम के दौरान एक मजदूर के सिर पर लोहे का भारी नट-बोल्ट गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर को तत्काल सहयोगी मजदूरों ने इलाज के लिए चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार, घायल मजदूर की पहचान सारण जिले के छपरा निवासी 39 वर्षीय स्वर्गी राम का पुत्र ओमप्रकाश के रूप में हुई है। वह बिजली परियोजना में एक ठेकेदार के अधीन मजदूरी का कार्य करता था। सोमवार की सुबह जब वह साइट पर कार्य कर रहा था, तभी ऊंचाई से एक बड़ा नट-बोल्ट गिरा। हालांकि मजदूरों ने सुरक्षा के लिए हेलमेट पहन रखा था, लेकिन बोल्ट से हेलमेट अलग दिशा में जाकर गिरा, उसके बाद ऊंचाई से गिरे नट उसके सिर पर जा लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के तुरंत बाद साथी मजदूरों ने उसे उठाकर एम्बुलेंस की मदद से चौसा सीएचसी पहुचाया। डॉक्टरों के अनुसार मजदूर के सिर में गंभीर चोट है, लेकिन फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। परियोजना स्थल पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर सवाल उठने लगे हैं। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# फौजी से आभूषण चोरी मामले में ऑटो चालक गिरफ्तार

♦ 8 जून को चक्की निवासी फौजी के बैग से उचक्कों ने उड़ा लिए थे छह लाख के गहने

**केटी न्यूज/डुमरांव**

आठ जून को चक्की विशेश्वर डेरा निवासी व भारतीय थल सेना के जवान कमलेश यादव से छह लाख के आभूषण की उचक्कई मामले का खुलासा नया भोजपुर पुलिस ने कर दिया है। इस मामले में गिरोह के मास्टर माइंड सह ऑटो चालक को पुलिस ने वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर संलिप्तता पाने पर गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, दो महिलाओं को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों को दबोचने के लिए पुलिस टीम छापेमारी कर रही है।

जानकारी के अनुसार फौजी 8 जून को अपने गांव से डुमरांव आने के लिए ऑटो से नया भोजपुर एक टेम्पो से आया। चालक ने उसके बैग को ऑटो के पीछे रखवा दिया। ऑटो में पहले से ही उसके गिरोह के चार लड़के मौजूद थे, जो मौका मिलते ही बैग का चेन खोल उसमें रखे फौजी के पत्नी के गहनों को उड़ा दिए। ऑटो से उतर बैग की हालत देख फौजी ने बैग चेक किया, जिसमें रखे मंगलसूत्र, झुमका, टॉप आदि आभूषण गायब थे, जिसकी कीमत फौजी ने छह लाख रूपए बताई है।

फौजी ने नया भोजपुर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस इस मामले की जांच शुरू की। वैज्ञानिक अनुसंधान व सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद यह साफ हो गया था कि ऑटो चालक कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के नोनियापुरा गांव निवासी राकेश कुमार प्रसाद उर्फ केवट है। पुलिस ने उसका अपराधिक रिकार्ड खंगाला तो पता चला कि ये लोग ऑटो रिक्शा चलाने के आड़ में यात्रियों का आभूषण व सामान गायब कर देते है। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर इसके घर से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उससे पूछताछ की गई।

नया भोजपुर के प्रभारी थानाध्यक्ष श्रीराम ठाकुर ने बताया कि उसने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है तथा अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम भी बताए है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## डीएलएड प्रशिक्षण सत्र 2023-25 व 2024-26 की परीक्षा का प्रभारी डीएम ने लिया जायजा, बोली...

# परीक्षा केंद्र पर विधि व्यवस्था का संधारण करें, परीक्षार्थियों की लें अच्छे से तलाशी

**केटी न्यूज/बक्सर**



डीएलएड (फेस-टू-फेस) पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2023-25 के द्वितीय वर्ष एवं सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष की परीक्षा को स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शान्तिपूर्ण रूप से संचालित कराने हेतु सोमवार को प्रभारी जिलाधिकारी कुमारी अनुपम सिंह ने एमपी उच्च विद्यालय बक्सर का निरीक्षण किया।

प्रभारी जिलाधिकारी ने प्रतिनियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्र पर विधि व्यवस्था का संधारण करें। साथ ही, परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के समय गेट पर परीक्षार्थियों की तलाशी लें। वहीं, सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया। परीक्षार्थियों के परीक्षा केंद्र में प्रवेश हेतु अनुमान्य समय का अनुपालन करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

उन्होंने बताया कि प्रथम पाली के परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने के समय सुबह 09:00 बजे तक परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसी प्रकार द्वितीय पाली के परीक्षार्थियों को द्वितीय पाली के परीक्षा प्रारम्भ होने के समय दोपहर 01:30 बजे तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। दोनों पालियों के लिए निर्धारित समय के बाद विलम्ब से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति कदापि नहीं दी जाएगी। प्रभारी जिलाधिकारी ने गश्ती दल मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया कि वो स्वयं भी परीक्षा केंद्रों पर भ्रमणशील रहकर विधि व्यवस्था का संधारण करेंगे। उन्होंने सदर एसडीएम को निर्देश दिया गया कि परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करेंगे। साथ ही स्वयं भ्रमणशील रहकर विधि व्यवस्था का संधारण करेंगे।

प्रभारी जिलाधिकारी द्वारा सभी उपस्थित दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक, वीक्षक एवं अन्य को निर्देशित किया गया कि परीक्षा को स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त रूप से संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी परिस्थिति में कोई भी लापरवाही स्वीकार नहीं किया जाएगा।

CAMBRIDGE SCHOOL DUMRAON
Affiliated to C.B.S.E., Delhi, Up to (10+2)- Aff. No. 330723, SCHOOL No. 65720
Harnahi Road, Dumraon, Buxar - 802119
8210918840, 7319972175, 6393686958 www.cambridgeschooldumraon.com facebook.com/CAMBRIDGEDUMRAON
A CO-EDUCATIONAL SCHOOL FROM NURSERY TO STD. XII
ADMISSION NOTICE FOR STD. XI (SCIENCE & COMMERCE STREAMS)
OUTSTANDING PERFORMANCE OF OUR STUDENTS IN AISSE (Std. X) & AISSCE (Std. XII) CBSE BOARD EXAMS 2025
SCHOOL TOPPER- STD. XII
SARTHAK RAJ MISHRA 92%
SUBJECT WISE HIGHEST MARKS IN STD. XII
Chemistry : 98 Biology : 91
English Core : 97 Physics : 91
Physical Education : 96 Business Studies : 86
Mathematics : 92 Economics : 83
TOPPERS- STD. X
1st KHUSHI KUMARI 95.2%
2nd ANSH RAJ SINGH 94.8%
2nd PRAGATI KUMARI 94.8%
2nd SHREYA RAJ 94.8%
3rd ANMOL RAJ VATS 94%
3rd MOHIT KUMAR SINGH 94%
SUBJECTWISE HIGHEST MARKS
• Mathematics : 100 • Sanskrit : 100 • Social Science : 97
• Science : 100 • English : 95 • Hindi : 94
INFORMATION
The Information & Admission Cell at the JUNIOR WING, Dr. Jagnarayan Singh Hospital Campus, will remain open on all working days (Mon. - Sat.) from 9:00 am - 01:00 pm also during Summer Vacation.
LIMITED SEATS. HURRY UP!!!
REGISTRATION IS GOING ON FOR ADMISSION TO CLASS XI (SCIENCE & COMMERCE STREAMS) FOR THE ACADEMIC SESSION 2025-26. CLASSES WILL START FROM 23 JUNE, 2025.
SCHOLARSHIP SCHEME
• CANDIDATES WITH 90% & ABOVE WILL BE GIVEN HALF FREESHIP (50% REBATE IN ADMISSION FEE AND MONTHLY TUITION FEE) FOR BOTH CLASSES XI & XII. OTHER CHARGES ARE PAYABLE FOR BOTH CLASSES.
• INTEGRTION OF FOUNDATION CLASSES FOR NEET AND JEE MAINS IN CURRICULUM.
CHAIRMAN- MR. T.N. CHOUBEY

# भाजपा नेताओं ने डॉक्टर और कर्मियों के खिलाफ जमकर किया हंगामा

- रविवार को पूर्व भापजा नेता के साथ कर्मियों ने किया था दुर्व्यवहार, जांच को पहुंची थी टीम

**केटी न्यूज/डुमरांव**



अनुमंडल अस्पताल में आज युवा भाजपा नेता दीपक यादव के नेतृत्व में युवाओं ने अनुमंडल अस्पताल डुमरांव परिसर में भ्रष्टाचार, अराजकता, लेट लतीफी एवं मरीजों से दुर्व्यवहार को लेकर जकमकर बवाल काटा। इस दौरान अस्पताल परिसर में कोई भी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित नहीं थे, घटना के बाद अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव एवं सीएस बक्सर ने मामला को संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि बिना किसी सूचना के अल्ट्रासाउंड करने वाले डॉक्टर गायब थे। वहीं सुबह से ही महिला चिकित्सक डॉक्टर प्रेमा कुमारी ने मरीज को अल्ट्रासाउंड जांच लिखा था, जिसमें अधिकांश गर्भवती महिला थी। सभी अल्ट्रासाउंड कराने के लिये उसके कक्ष चारोतरफ मड़राती रही। इतना ही नहीं 11रू00 बजे तक दंत चिकित्सक भी मौजूद नहीं थे, इस पूरे प्रकरण के बाद मैनेजर भी गायब ही रहे।

ज्ञात हो की एक दिन पूर्व रविवार को पूर्व उपमुख्य पार्षद ० भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा अपने 90 वर्षीय माता का इलाज कराने अनुमंडल अस्पताल पहुंचे गए थे। अस्पताल कर्मियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुए नहीं पुर्जी काटी थी और नहीं कोई अग्रेत्तर कार्रवाई ही किया। फिर उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद डा. बिरेन्द्र प्रसाद से इसकी शिकायत की, फिर उन्होंने कर्मी को डांटते हुए रजिस्ट्रेशन पूर्जा बनाने के लिये कहा, फिर बनाया गया। पूर्जा बनने के बाद भी उस कर्मी के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। इन सभी मुद्दों पर मुखर होते हुए भाजपा युवा नेता दीपक यादव ने कहा कि अनुमंडल अस्पताल में व्याप्त अराजकता भ्रष्टाचार एवं मरीजो और उनके परिजनों से अव्यवहारिक रूप से पेश आने की आवाज उठाई और मुख्य गेट पर आकर जमकर प्रदर्शन करते हुए खिलाफ में नारेबाजी की। कुछ समय अस्पताल में अफरा-तफरी का आलम कायम हो गया। इनका कहना था कि जबतक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती है हम चुन बैठने वाले नहीं है, आंदोलन शुरू किया जाएगा। फिर इसकी शिकायत सीएस से की गई। सीएस ने इसे गंभीरता से लेते हुए डीएस डॉ. गिरीश कुमार सिंह को पूरा रिपोर्ट भेजने को कहा। मौके पर भाजपा नेता अभिषेक रंजन संटू मित्रा मुखिया सिंह कुशवाहा नगर अध्यक्ष विजय कुशवाहा पूर्व नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा शिवजी शर्मा आकाश कुमार सुनील सिंह राहुल सूर्यवंशी सहित कई युवा मौजूद रहे।

## एक नजर

### खतरा: मुख्य चौक से होकर दो सड़कों की ओर जाने वाले रास्ते पर बना नाले का स्लैब टूटा

**डुमरांव।** स्थानीय प्रखंड के कोरानसराय के एनएच-120 सड़क स्थित मुख्य चौक के समीप मठिला व चौगाईं की ओर जाने वाली सड़क पर बने नाले पर स्लेप टूट जाने से वाहन चालकों व राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा ह। लोगों ने बताया कि कोरानसराय बाजार में सड़क के दोनों किनारों पर कुछ समय पहले ही नाला निर्माण कराया गया था, लेकिन खराब निर्माण के वजह से दोनों साइड के नाले का स्लेप टूट गया। इसको लेकर राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के प्रदेश संगठन महामंत्री सह भाजपा नेता संतोष दूबे ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि डुमरांव-बिक्रमगंज नेशनल हाईवे 120 के कार्य कर रहे नेशनल हाईवे के निर्माण में लगी कंपनी द्वारा खराब निर्माण कार्य के वजह से स्लेप कुछ दिन बाद ही टूट गया। इसके टूटने से कोरानसराय से मठिला, सरेंजा, चौसा होते हुए उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क वाहनों के आने-जाने में परेशानी हो रही है। इसके साथ ही कोरानसराय से लेकर ब्रह्मपुर तक जोड़ने वाली मुख्य दोनों प्रमुख सड़कों पर नाला निर्माण का स्लेप टूट जाने की वजह से पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इसकी वजह से लोगों को पैदल चलने वालों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि मुख्य चौक पर वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग जाती है। छोटे वाहनों का परिचालन में बहुत ही कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे 120 हो या यूं कहे की कोरानसराय से चौसा उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली सड़क हो, कोरानसराय से ब्रह्मपुर को जोड़ने वाली सड़क हो, सभी पर भारी वाहनों को आना-जाना रात्रि नौ बजे के बाद शुरू हो जाता है, इससे जाम की समस्या भी खड़ी हो जाती है। लोगों का कहना है की शीघ्र ही इस समस्या को दूर नहीं किया गया तो कभी भयंकर दुर्घटना घटित हो सकती है, जिससे इंकार नहीं किया जा सकता।



### एथेनॉल कंनी के सीएमडी ने जन्मदिन पर लगाए पौधे, सीओ2 की पहली खेप को दिखाई हरी झंडी

**नावानगर।** भारत प्लस एथेनॉल कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) और समाजसेवी अजय सिंह ने रविवार को अपने जन्मदिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नवानगर स्थित सीओ2 प्लांट परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर को उन्होंने कर्मचारियों के साथ साझा कर इसे यादगार बना दिया। जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में अजय सिंह ने कर्मचारियों संग केक काटा और अपने बेटे के साथ मिलकर पौधारोपण किया। उन्होंने कहा, इस दिन को अपनी टीम के साथ बिताना मेरे लिए गौरव की बात है। इन्हीं के अथक प्रयासों से यह प्लांट आज साकार रूप में हमारे सामने है। इस कार्यक्रम के दौरान प्लांट से उत्पादित सीओ2 की पहली खेप को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह पहली खेप प्लांट से उत्पादन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई। कर्मचारियों में इस उपलब्धि को लेकर खासा उत्साह देखा गया। जानकारी के अनुसार बिहार में अजय सिंह द्वारा स्थापित तीसरा सीओ2 प्लांट है, जो राज्य में औद्योगिक प्रगति का प्रतीक बनता जा रहा है। कार्यक्रम में कंपनी के जीएम अजीत शाही सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे। पूरे आयोजन में उत्साह, ऊर्जा और टीम भावना की स्पष्ट झलक देखने को मिली।



### आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ हवन पूजन और प्रसाद वितरण के साथ संपन्न

**केसठ।** प्रखंड के दसियांव गांव में चल रहे आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हो गया। जो विगत नौ जून से चल रहा था।इस दौरान क्षेत्र के श्रद्धालुओं व भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर मंगल कामना की। ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी हुई थी।इस बीच श्रद्धालुओं के जयघोष से आस-पास के भक्ति की धारा प्रवाहित हो रही थी। श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के समापन को लेकर गांव का वातावरण पूरी तरह भक्ति की रस में सराबोर था। कार्यक्रम का नेतृत्व डा रमेश चंद्र द्विवेदी ने की। अंतिम दिन श्रद्धालुओं को कथा अमृतपान कराते हुए दयानंद जी महाराज ने कहा कि सृष्टि परस्पर सहयोग से चलती है। मनुष्य को ऐसे शब्दों का व्यवहार नहीं करना चाहिए,जिससे किसी प्राणी को कष्ट हो। उन्होंने अच्छे और बुरे कर्मों की व्याख्या करते हुए कहा कि हिंसा शब्दों के माध्यम से भी होती है।इस दौरान भगवान शिव पावर्ती के विवाह प्रसंग एवं मांगलिक गीतों से श्रोताओं को खूब झुमाया। मौके पर विकास कुमार, सौरभ कुमार, गौरव कुमार, संजय पाठक, मंटु मिश्र रमावती देवी, नीलम देवी, प्रद्युम्न कुमार, अमित कुमार, त्रिपुरारि कुमार, प्रमोद कुमार, रामबचन तिवारी, बिपुल दुबे, दिनेश दुबे समेत अन्य लोग मौजूद थे।



### खुलासा: ज्वेलरी व्यवसायी गोली कांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, आरोपी गिरफ्तार

**सरसाराम।** नासरीगंज थाना क्षेत्र के इटिम्हा बाजार में स्वर्ण व्यवसायी पंचरत्न कुमार पिता स्व. भिखारी साह इटिम्हा थाना नासरीगंज जिला रोहतास को इटिम्हा बाजार में स्थित उनके ज्वेलरी दुकान पर अपराधकर्मियों के द्वारा गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ, बिक्रमगंज के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा अग्रतर अनुसंधान के क्रम में घटना में उपयोग की गई बाइक, देशी कट्टा को पूर्व में ही ग्राम इटिम्हा से बरामद किया जा चुका है। वहीं, 15 मई को घटनास्थल से एक खोखा तथा एक पिलेट बरामद किया गया। वारदात के उपरांत कांड का मुख्य अभियुक्त रवि कुमार फरार हो गया था। जिसको 15 जून को गया जी जिला के फतेहपुर में दाउदनगर पथ पर स्थित एक लॉज से गिरफ्तार किया गया। इस कांड में गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त रवि कुमार ने गठित टीम के समक्ष पूछताछ के क्रम में इस काण्ड का खुलासा करते हुए बताया की इस घटना में उनके दोनों भाई नितीश कुमार एवं रितेश कुमार की भी संलिप्तता है। ये लोग घटना के दिन लाईनर की भूमिका निभा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त रवि कुमार के खुलासे के उपरांत नितीश कुमार एवं रितेश कुमार को भी गठित टीम के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। काण्ड के अग्रतर अनुसंधान एवं गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि काण्ड में गिरफ्तार उक्त अभियुक्त इस काण्ड के वादी पंचरत्न कुमार का भतीजा है जो पूर्व में साथ मिलकर सोना चाँदी का व्यवसाय करते थे, इनलोगों के बीच उसी समय से पैसा के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्तों के अपराधिक इतिहास के संबंध में प्रारंभिक जाँच में यह ज्ञात हुआ है कि उक्त गिरफ्तार अभियुक्त पर नासरीगंज थाना में विभिन्न कांडों की प्राथमिकी दर्ज है। जिसके आधार पर पुलिस आरोपी के अन्य अपराधिक इतिहास की भी में जांच में जुटी है।



## खबरें फटाफट

### स्नातक एडमिशन की पहली लिस्ट 24 को होगी जारी

**आरा।** वीकेएसयू के अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम सत्र 2025-29 के सेमेस्टर वन में दाखिले को लेकर आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन में हुई त्रुटि सुधार की तिथि बढ़ा दी है। अब 19जून तक विद्यार्थी अपने आवेदन में हुई त्रुटि का सुधार कर सकते है। वहीं अब तक आवेदन से वंचित विद्यार्थी आवेदन भी कर सकते हैं। नोडल अधिकारी प्रो डीके सिंह ने बताया कि अब कोई तिथि नहीं बढ़ेगी। अगामी 24 जून को पहली मेरिट लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा। आगामी 25 जून से एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

### पुलिस ने दो वारंटियों को भेजा जेल

**सासाराम।** काराकाट थाना क्षेत्र के किरहीं गांव से दो वारंटी अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान पिंटू कुमार और गणेश सिंह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने बताया कि दोनों के खिलाफ बिक्रमगंज न्यायालय से वारंट निर्गत था। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर दोनों को हिरासत में ले लिया । पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान लगातार चलाया जा रहा है ।

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**सासाराम।** जिले के कछवां थाना क्षेत्र के घरवासडीह गांव में मारपीट के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शंभू राम और धनेश्वर राम के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि दोनों के विरुद्ध कछवां थाना में कांड संख्या 135/25 के तहत मारपीट का मामला दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के बाद दोनों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## बिहार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति ने छात्राओं को छात्रवास का दिया तौहफा

# विश्वविद्यालय में बन रही हैं 46 नई अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं : कुलपति

- 17 कमरों के ट्रीपल बेड में मिलेगी सारी सुविधाएं
- कैंपस में ही छात्र व छात्राओं की मिलने वाली सुविधाओं का लिया जायजा, कमी को शीघ्र पूरा करने का किया वादा



**केटी न्यूज/डुमरांव**

रविवार को डुमरांव स्थित वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय में बिहार कृषि विश्वविद्यालय के वीसी डा. दुनिया राम सिंह निरीक्षण करने के लिये पहुंचे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सह अधिष्ठाता डॉ. पारसनाथ ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर कुलपति का गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण और दीप प्रज्वलित के साथ हुई। इस दौरान कुलपति डॉ. सिंह ने छात्राओं के लिए पीजी सेकंड फ्लोर पर बने नए छात्रावास का विधिवत उद्घाटन किया। यह हॉस्टल 17 कमरों का है, जिसमें ट्रिपल बेड की सुविधा दी गई है। उन्होंने हॉस्टल के विभिन्न कक्षों, स्पोर्ट्स रूम और मेस का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि छात्राओं को खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित किया जाए ताकि उनका समग्र विकास हो सके। मेस की व्यवस्था को लेकर उन्होंने गहन जांच की और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता देखी।

छात्रावास निदेशक डॉ. श्वेता शांभवी ने कुलपति को परिसर की मूलभूत सुविधाओं से अवगत कराया। इस दौरान कुलपति ने अपने निरीक्षण के दौरान कॉलेज कैम्पस के मेस में एग्जॉस्ट फैन लगाने, आवासीय परिसर में इंसेक्ट लाइट लगाने, फुट मैट और आरओ सिस्टम की व्यवस्था करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने हॉस्टल के बाहर बने रैंप का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के बाद कॉलेज परिसर में उत्कृष्टता का उत्सव कार्यक्रम के तहत शिक्षक-छात्र संवाद और प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर हर कार्य की समीक्षा की जा रही है और छोटी से छोटी जरूरतों पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब विश्वविद्यालय में 46 नई अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं बन रही हैं, जहां वर्ल्ड क्लास रिसर्च किए जाएंगे। कुलपति ने कहा कि वैज्ञानिकों को अपने शोंध को प्रयोगशालाओं से जोड़ने का निर्देश दिया गया है, ताकि उनके शोध का व्यावहारिक परिणाम सामने आए। विश्वविद्यालय में सोलर एनर्जी डिपार्टमेंट को भी मजबूत किया गया है। कुलपति ने जानकारी दी कि अंतरराष्ट्रीय छात्रावास की स्थापना को लेकर सरकार से अनुशंसा की गई है। कई नई योजनाओं के स्तर पर बिहार कृषि विश्वविद्यालय और उसकी अंगीभूत इकाइयों को मजबूत किया जा रहा है। कृषि शिक्षा की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि छात्रों का रुझान इस क्षेत्र में लगातार बढ़ रहा है। पिछले वर्ष विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट रेट 96 प्रतिशत रहा जो बड़ी उपलब्धि है। कुलपति ने बताया कि अब पहले सेमेस्टर में ही छात्रों से पूछा जाएगा कि वे आगे पीजी करना चाहते हैं या नौकरी में जाना चाहते हैं ताकि उन्हें उसी अनुरूप मार्गदर्शन दिया जा सके। कुलपति ने कहा कि हर दो महीने में विश्वविद्यालय की टीम डुमरांव कृषि महाविद्यालय का दौरा करेगी ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार का शैक्षणिक तनाव न हो। बिहार की कृषि उपज का जिक्र करते हुए कुलपति ने बताया कि इस वर्ष 14 टन आम अमेरिका भेजा गया है। कतरनी चावल की बढ़ती मांग के कारण इसकी खेती 700 एकड़ से बढ़ाकर 2000 एकड़ में की जा रही है। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि लीची और मखाना उत्पादन में बिहार विश्व में नंबर वन है। मगही पान के संवर्धन को लेकर भी कार्य हो रहा है। डीआरडीओ के साथ मिलकर चूड़ा-दही के नये प्रयोग पर भी काम किया जा रहा है, ताकि उसे सुखाकर देशभर में पहुंचाया जा सके।

उन्होंने बताया कि अब स्कूलों में बच्चों को क से कबूतर नहीं, बल्कि क से कतरनी चावल, ज से जर्दालु आम, म से मखाना और स से सिंदूर सिखाया जाएगा। इसके लिए सरकार को अनुशंसा भेजी गई है। प्लेसमेंट को लेकर उन्होंने बताया कि कई नामी कंपनियां आ रही हैं और उनसे न्यूनतम छह लाख रुपये का वार्षिक पैकेज देने की मांग की गई है ताकि छात्रों को बेहतर अवसर मिल सके। इस मौके पर पीआरओ डॉ. राजेश कुमार, कार्यपालक अभियंता प्रदीप कौशल, इंजीनियर ई.के.एस. रमन, कृषि अधिष्ठाता डॉ. अजय कुमार साह समेत महाविद्यालय के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था महाविद्यालय प्रशासन की ओर से की गई थी।

## जमीनी विवाद में अधेड़ को मारी गोली

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के चासी गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक अधेड़ पहले धारदार हथियार से मार गया। उसके बाद उन्हें गोली मार दी गई। जख्मी अधेड़ को गोली पेट में लगी है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए हर शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लगाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जख्मी अधेड़ नारायणपुर थाना क्षेत्र के चासी गांव निवासी स्व. राम पूजन पांडेय के 55 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार पांडेय है। वह वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के बाजार समिति में करीब दस वर्ष से अपना मकान बना कर रह रहे है एवं वह पेशे से ज्योतिषी है। घटना को लेकर गांव में आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही नारायणपुर थाना घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। जबकि इलाज कर रहे हैं सर्जन चिकित्सक डॉ.विकाश सिंह ने बताया कि जख्मी को गोली पेट में लगी थी। ऑपरेशन कर बुलेट निकाल दिया गया है और डैमेज पार्ट्स को रिपेयर कर दिया गया है। अभी मरीज की स्थिति स्टेबल है। इधर विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि 15 डिसमिल जमीन को लेकर गांव के ही पिंटू कुमार पांडेय, धर्मेंद्र पांडेय एवं शैलेंद्र कुमार पांडेय से विवाद चल रहा है।रविवार की देर शाम जब अपने घर बाजार समिति से गांव जा रहे थे और जैसे ही गांव में अपने घर के पास पहुंचे। तभी वहां पहले से घात लगाकर बैठे तीनों लोग धारदार हथियार से पहले उनके सिर पर मारा। इसके बाद उनके पेट में गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया।

वहीं दूसरी तरफ जख्मी विनोद कुमार पांडेय ने गांव के ही पिंटू कुमार पांडेय, धर्मेंद्र पांडेय एवं शैलेंद्र पांडेय पर पूर्व के जमीनी विवाद को लेकर धारदार हथियार से एवं गोली मारकर खुद को जख्मी करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## यूपी के व्यवसायी को अगवा कर पीटा

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के टाउन थाना क्षेत्र के रीगल होटल के बाहर सोमवार की सुबह यूपी निवासी व्यवसायी की अगवा कर जमकर पिटाई कर दी गयी, जिससे वह जख्मी हो गया। टाउन थाना पुलिस द्वारा व्यवसायी को जख्मी अवस्था में बरामद कर उसका इलाज सदर अस्पताल में करवाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के जगतपुर थाना क्षेत्र के जगतपुर रोजहिया गोकुलपुर निवासी स्व. रामधनी के 41 वर्षीय पुत्र हरी लाल पटेल है। वह पेशे से पंच कंट्रोल का संचालक है।

इधर, हरी लाल पटेल ने बताया कि वह सोमवार की सुबह करीब नौ बजे आरा शहर स्थित रिगल होटल में पंच कंट्रोल संबंधित काम को लेकर आया था। सुबह करीब 11 बजे वह होटल के बाहर खड़ा था। तभी कार पर सवार कुछ लोग आये और उसे अगवा कर जबरन कार में बैठा लिये। इसके बाद वे उसे अपने साथ शहर के सिंगही की ओर ले गये और चलती कार में उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की, जिससे वह जख्मी हो गया। वहीं, दूसरी तरफ जख्मी पंच कंट्रोल संचालक हरी लाल पटेल ने अगवा करने वाले लोगों पर अपने साथ मारपीट कर जख्मी करने व पास में रहे करीब डेढ़ लाख रुपये छिनने का आरोप लगाया है। जबकि प्राप्त जानकारी के अनुसार पंच कंट्रोल संचालक हरी लाल पटेल पंच कंट्रोल काम से संबंधित आरा शहर आ चुके हैं। काम को लेकर अगवा किये गये उक्त लोगों से पंच कंट्रोल काम को लेकर पहले विवाद भी हुआ था। उसी विवाद को लेकर उसे कार से ले जाकर मारपीट करने की बात सामने आ रही है। बहरहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## ग्रामीण स्तर पर घर के नजदीक सरकारी अस्पताल होने से बुजुर्गो एवं महिलाओं को मिल रहा आराम

# पंचायतों में स्वास्थ्य उपकेंद लोगों के लिए वरदान

**केटी न्यूज/सासाराम**




लोगों के घर के नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो इसको लेकर राज्य सरकार की पहल अब धीरे-धीरे रंग लाने लगी है। लोगों के घर के नजदीक स्वास्थ्य उप केंद्र स्थापित करने की योजना से अब लोगों को भी लाभ पहुंचाना शुरू हो गया है। जहां पहले लोग छोटी सी बीमारी, मौसमी बीमारी या जांच के लिए लंबी दूरी तय कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते थे, अब वही सुविधा उनको अपने घर के नजदीक मिलने लगी है।

इन सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदान कराने में एचडब्ल्यूसी अहम भूमिका निभा रहा है। बेहतर सुविधा और चिकित्सा उपलब्धता को लेकर इन स्वास्थ्य केंद्र को प्रमाणीकरण भी किया जा रहा है। उन्हीं में से एक है काराकाट प्रखंड के चिकसिल पंचायत अंतर्गत कुरूर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर। आठ गांवों के इस पंचायत में मौजूद यह हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर आठ गांवों को नहीं बल्कि इस पंचायत में रहने वाले 10000 से अधिक लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और चिकित्सकीय सुविधा के लिए इस एचडब्ल्यूसी को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र से भी नवाजा गया है। इस अस्पताल के भवन को बेहतर तरीके से मरीजों के लिए व्यवस्थित किया गया है। इंडिकेटर्स के माध्यम से दवाओं की जानकारी के साथ साथ मरीजों के लिए बैठने का बेहतर प्रबंधन और पीने के लिए मिनरल वाटर तक का इंतेजाम इस अस्पताल में बेहतर इलाज और सुविधा की गवाही दे रहा है।

**लोगों को हो रही सहूलियत :** कुरूर गांव निवासी 45 वर्षीय जितेंद्र कुमार साव जो कि अपना इलाज कराने पहुंचे थे, बताया कि गांव में इस अस्पताल के खुलने से लोगों के साथ महिलाओं को भी फायदा हुआ है। उन्होंने बताया कि पहले हम लोगों को 10 से 12 किलोमीटर दूर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोराडी जाना पड़ता था लेकिन अब घर के नजदीक ही सुविधा उपलब्ध हो रहा है। वही 65 वर्षीय दिनेश सिंह ने बताया कि यह अस्पताल प्रतिदिन खुलता है और सर्दी, खांसी बुखार सहित अन्य बीमारियों की दवा आसानी से उपलब्ध हो जाती है। उन्होंने बताया कि पहले बूढ़े बुजुर्ग लोगों को काफी परेशानी होती थी लेकिन अब पास में ही अस्पताल खुलने से सुविधा हो रही है।

**ओपीडी में हुई बढ़ोतरी:** हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के सीएचओ रमेश राय ने बताया कि दो वर्ष पूर्व इक्का दुक्का ही मरीज आते थे क्योंकि उस दौरान सुविधाएं कम थी लेकिन अब सुविधाएं बढ़ी है इस वजह से प्रतिदिन 60 से अधिक ओपीडी हो रहा है। सीएचओ ने बताया कि प्रत्येक माह एएनसी के लिए गर्भवती महिलाएं पहुंच रही है क्योंकि इसके लिए भी बेहतर इंतजाम है। इस केंद्र पर 135 प्रकार के आसपास दवा उपलब्ध है इसके अलावा एक दर्जन के आसपास जांच की सुविधा है। सीएचओ रमेश राय ने बताया कि स्वास्थ्य को बेहतर तरीके से व्यवस्था किया गया है जिसमें हर्बल पार्क भी बनाया गया है।

**समय समय पर किया जाता है निरीक्षण :** रोहतास सिविल सर्जन डॉक्टर मणिराज रंजन ने बताया कि जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। समय समय पर निरीक्षण कर सुविधाओं की जानकारी भी ली जा रही है। सिविल सर्जन ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में कही से कोताही नहीं बरती जाए इसपर भी नजर रखी जा रही है।

## बाइक सवारों ने की अंधाधुंध फायरिंग

**बिहिया।** नगर स्थित मेन रोड जज बाजार में रविवार की रात जमीन पर कब्जा को लेकर चल रहे विवादों के बीच बाइक सवार बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे नगर में दहशत का माहौल रहा। हालांकि इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार युवक मौके से आराम से चलते बने। मामले की सूचना पाकर बिहिया थानाध्यक्ष दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गये। पुलिस ने इस दौरान मौके से सात खोखा भी बरामद किया है। बाद में जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। पुलिस ने जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रूपबांध गांव निवासी राजेश यादव, जज बाजार निवासी सोनू साह सहित आठ नामजद व पांच से छह अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। बताया जाता है कि बाइक सवारों द्वारा दस राउंड से भी अधिक फायरिंग की गयी, जिससे नगर में दहशत मची रही।

17-05-2025 Final_17-05-2025 Final.qxd 6/16/2025 11:41 PM Page 4

केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण

बिहार

बक्सर, 17 जून 2025

website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ता पर उठाया चप्पल

- बैठक के दौरान पंखा (स्टैंड फैन) इधर-उधर करने को लेकर दोनों नेताओं के बीच हुई थी कहासुनी



**केटी न्यूज/नालंदा**

नालंदा के राणा बीघा स्थित भाजपा पार्टी कार्यालय में बैठने को लेकर कार्यक्रम में हंगामा हो गया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने बीजेपी कार्यकर्ता पर चप्पल उठा दिया जिसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गये और कार्यक्रम हंगामे की भेंट चढ़ गया। भाजपा जिला कार्यालय में संगठनात्मक बैठक में उस समय विवाद बढ़ गया जब महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा भारती और भाजपा जिला मंत्री उपेंद्र राजवंशी के बीच तीखी बहस हो गई। बहसबाजी इतनी बढ़ गई कि महिला मोर्चा अध्यक्ष ने चप्पल उठा लिया और कार्यकर्ता पर हमला करने के लिए उतारू हो गईं। इस पर जमकर हंगामा किया।

बताया जा रहा है कि बैठक के दौरान पंखा (स्टैंड फैन) इधर-उधर करने को लेकर दोनों नेताओं के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते विवाद का रूप ले लिया। चप्पल उठाने की घटना से उपस्थित कार्यकर्ता और पदाधिकारी स्तब्ध रह गए। हालांकि मौके पर मौजूद अन्य नेताओं और कार्यकताओं ने दोनों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। घटना के संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने इस घटना पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि पार्टी मे इस तरह का आचरण निंदनीय और अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। इस संबंध में पूरी जानकारी प्रदेश नेतृत्व को दी जाएगी

## महिलाओं के सम्मान के लिए हम हमेशा लड़ते आए है

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रज्ञा भारती ने अपनी सफाई में कहा कि महिलाओं के सम्मान के लिए हम हमेशा लड़ते आए हैं। जिला मंत्री उपेंद्र राजवंशी पहले से ही महिला कार्यकताओं के साथ अपमानजनक व्यवहार करते रहे हैं। हम ऐसा बर्ताव कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। और आवश्यक कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी। मामूली बात को लेकर हुए इस विवाद के बाद महिला जिलाध्यक्ष पूरे तैस में आ गई और पिटाई के लिए चप्पल तक उठा ली। इस दौरान स्थानीय कार्यकर्ता मामले को किसी तरह शांत कराया। लोगों के समझाने के बाद प्रज्ञा भारती ने अपना चप्पल नीचे रखा। लेकिन जिस प्रकार पार्टी के अंदर खचाखच भरे लोगों के बीच चप्पल उठाने की नौबत आ गई उससे यह बात स्पष्ट होता है कि नालंदा जिला भाजपा के अंदर सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। इस तरह की घटनाएं न केवल पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाती हैं बल्कि कार्यकताओं के बीच बढ़ते तनाव को भी सामने लाती हैं। नालंदा भाजपा के अंदरुनी हालात इस घटना से स्पष्ट होते हैं कि संगठनात्मक एकता और अनुशासन में कमी है।

# आवास सहायक को 10 हजार रु का घूस लेते निगरानी ने दबोचा

**अरवल।** निगरानी विभाग की टीम ने एक घूसखोर आवास सहायक को 10 हजार रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। टीम ने सोमवार को करपी प्रखंड कार्यालय में यह कार्रवाई की।

आरोपी को अरेस्ट करने के बाद निगरानी की टीम उसे अपने साथ पटना लेकर चली गई। दरअसल, करपी प्रखंड में सोमवार को निगरानी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पीएम आवास योजना के तहत तैनात आवास सहायक सुनील कुमार सुमन को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सुनील कुमार सुमन पुराण पंचायत में तैनात था। जानकारी के मुताबिक, रामपुर चौरम थाना क्षेत्र के बालागढ़ गांव निवासी भूषण कुमार ने निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई कि सुनील कुमार सुमन आवास योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि जारी करने के एवज में 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है।शिकायत के सत्यापन के बाद निगरानी विभाग ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया व सुनील को रिश्वत लेते ही धर दबोचा।

**बिहार के विभिन्न जिलों में वज्रपात का कहर, बारिश के दौरान व्रजपात ने ढाया कहर**

# सूबे में वज्रपात से नौ लोगों की मौत,एक दर्जन से अधिक घायल

- पूरे इलाके में मचा कोहराम
- परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



**केटी न्यूज/पटना**

सूबे के कई जिलों में बारिश ने गर्मी से राहत को दिलाई लेकिन, कुछ जगहों पर वज्रपात के कारण इलाके में मातम पसर गया। सोमवार को वज्रपात के कारण नौ लोगों की मौत हुई है। इसमें बक्सर में चार, पश्चिम चंपारण में तीन और लखीसराय व कैमूर में एक-एक शख्स की मौत हो गई। घटना के बाद लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

इधर, मौसम विभाग ने पहले ही बिहार के कई जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी कर दिया था। सोमवार को पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने भोजपुर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, गया, नवादा, जमुई वैशाली, मधुबनी, सीतामढ़ी, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, भागलपुर, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, गोपालगंज, सीवान में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। इन जिलों के लोगों से मौसम विभाग ने सावधान रहने की अपील की है। मौसम विज्ञान केंद्र ने दक्षिण बिहार में देर शाम से मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। पटना में सुबह से ही धूप निकली है। लोग यहां आज भी बारिश के इंतजार में हैं। उमस भरी गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है।

**बक्सर में चार लोगों की मौत :** बक्सर जिले में ठनका के चपेट में आने से चार युवकों की मौत हो गई। वहीं करीब पांच युवक झुलस गए। इनका इलाज चल रहा है। इस दुर्घटना में विरेन्द्र गोंड, मिथिलेश राम एवं श्रीभगवान यादव (50)की मौत हुई है। पश्चिमी चंपारण जिले के लौरिया प्रखंड अंतर्गत सुअरछाप गांव में धान की रोपनी करने के दौरान व्रजपात से गिरने से एक महिला की मौत हो गई। वहीं पांच लोग झुलस गए। इधर, रामनगर थाना क्षेत्र के मेघवाल मठिया गांव में आम के बागीचे में खेल रहे बच्चों पर आकाशीय बिजली गिर गई। इस हादसे में दो छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। गांव में मातमी सन्नाटा और परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## कैमूर में महिला की मौत

कैमूर जिले के मोहनिया थाना अंतर्गत देवकली गांव से जहां एक महिला की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हो गई है। मृत महिला की पहचान देवकली गांव निवासी राजकुमार राम की 36 वर्षीय पत्नी इंदु देवी के रूप में हुई है। तभी आकाशीय बिजली गिरने की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को परिजनों द्वारा अनुमंडल अस्पताल मोहनिया ले जाया गया, जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर विंध्याचल सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**लखीसराय में किसान की मौत :** लखीसराय जिले के रामगढ़ चौक थाना क्षेत्र स्थित शेखपुरवा गांव में सोमवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से 45 वर्षीय विदेशी यादव की दर्दनाक मौत हो गई। वह खेत में काम कर रहे थे, तभी अचानक बिजली गिरने से उनकी मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। ग्रामीणों द्वारा सदर अस्पताल पहुंचाए जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## होमगार्ड बहाली में दो मुन्ना भाई गिरफ्तार

**कटिहार।** कटिहार के राजेंद्र स्टेडियम में चल रहे होमगार्ड की बहाली में बड़ा फजीर्वाड़ा सामने आया है। फिजिकल टेस्ट के दौरान दो युवक दूसरे अभ्यर्थी के जगह दौड़ में शामिल होने आए थे। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में जानकारी देते हुए प्रभारी डीएसपी सद्दाम हुसैन ने बताया कि होमगार्ड की बहाली प्रक्रिया के तहत रोजाना अभ्यर्थी का बायोमेट्रिक मिलान किया जा रहा है। इसी क्रम में दो युवकों को संदेह के आधार पर रोक लिया गया। पूछताछ और दस्तावेजों की जांच में दोनों की पहचान फर्जी निकली।







# बारात जा रहे बाइक सवार चचेरे भाईयों को हाइवा ने रौंदा, मौके पर दर्दनाक मौत



**केटी न्यूज/सहरसा**

बाइक से बारात जाने के दौरान हाईवा की चपेट में आने से दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। घटना सहरसा जिले के बैजनाथपुर-महेशखुट मुख्य मार्ग की है। दोनों मृतक की पहचान मधेपुरा जिले के घेलाढ थाना क्षेत्र के रामनगर, वार्ड नंबर 13 के 18 वर्षीय राजा कुमार और 18 वर्षीय क्रिशन कुमार के रूप में हुई है।

## दोनों अपने परिवार का इकलौता बेटे

दोनों की मौत के बाद परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। मृतक के बड़े चाचा पप्पू शर्मा के बेटे शिवजी कुमार का शादी रविवार की रात होनी थी। जिसके लिए उनके गांव से बारात सौरबाजार क्षेत्र के फारसाहा गांव जाना था। रविवार की रात दोनों चचेरे भाई बाईक पर सवार होकर बारात में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक हाईवा ट्रक की चपेट में दोनों आ गए। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गये।

राहगीरों द्वारा उसे उठाकर नजदीक के लॉर्ड बुद्धा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां ईलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। सोमवार को सौरबाजार थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। सौरबाजार थानाध्यक्ष ने कहा कि घटना के बाद हाईवे छोड़कर ट्रक चालक फरार है। दो युवकों की सड़क हादसे में मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले किया जाएगा। इस घटना से मृतक के गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। वही परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## मालगाड़ी ट्रेन हुई डिरेल, जंक्शन के पास हुआ हादसा

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जंक्शन के पास में एक हादसा हुआ है। कपरपुरा से ट्रैक के लिए गिट्टी को गिरा करके आ रही मालगाड़ी बेपटरी हो गई है। घटना के बाद मौके पर रेलवे के कई आला अधिकारी पहुंचे हैं। घटना के बाद कई ट्रेनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई है। सोनपुर से एआरटी को बुलाया जा रहा है और इसको ठीक करने के बाद परिचालन को शुरू कर दिया जाएगा।दरअसल मुजफ्फरपुर जंक्शन के आगे हाजीपुर लाइन के पास में एक मालगाड़ी अचानक डिरेल हो गई है। बताया गया है कि ट्रेन जंक्शन की यार्ड में आ रही थी और तभी इस दौरान मालगाड़ी के एक डिब्बे पटरी से उतर गए जिसमें उक्त डिब्बे के दो पहिए है रेलवे विभाग को जानकारी मिलने के बाद अब रेल महकमे में अफरातफरी मच गई है।




**पहले फेज में सिपारा से महुली तक एलिवेटेड रोड बनकर तैयार हो चुका है**

# दक्षिण बिहार से पटना आना हुआ आसान, सीएम नीतीश ने मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड की सौगात

- जहानाबाद, अरवल, बिहारशरीफ और गया के लिए सफर अब आसान हो जाएगा



**केटी न्यूज/दरभंगा**

अब दक्षिण बिहार से राजधानी पटना आना-जाना और भी आसान हो गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फिर से एक एलिवेटेड रोड की सौगात दी है। उन्होंने पटना-महुली हाईवे रोड का शुभारंभ कर दिया है। इससे अब रोज घंटों लगने वाले जाम से लोगों को मुक्ति मिलेगी और समय की बचत होगी। इस सड़क के चालू होने से राजधानी के दक्षिणी इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत मिलने वाली है। दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में आना-जाना भी अब बेहद आसान हो जाएगा। अब लोगों को जाम में घंटों नहीं फंसाना पड़ेगा। वह अब आसानी से राजधानी आ सकते है। इससे व्यापार सहित मरीजों को राहत मिलेगी। व्यवसायियों की सामग्री जाम में फंसी रह जाती थी।

**1400 करोड़ की लागत से बना है यह रोड**

1400 करोड़ रुपये की लागत निर्मित मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना अंतर्गत भूपतिपुर से पुनपुन (एनएच-22) तक एलिवेटेड-सह-एटग्रेड सड़क पर आवागमन चालू हो गई है। इस मौके पर राज्य के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, सांसद रविशंकर प्रसाद, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव समेत कई वरिष्ठ नेता और अधिकारी मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने किया। उन्होंने कहा कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड के चालू होने से पटना के दक्षिणी इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत मिलने वाली है। जहानाबाद, अरवल, बिहारशरीफ और गया के लिए सफर अब आसान हो जाएगा। पहले फेज में सिपारा से महुली तक एलिवेटेड रोड बनकर तैयार हो चुका है। सिपारा से महुली एलिवेटेड पथ पर जाने के लिए भूपतिपुर के पास बने रैंप से होकर लोग अब सफर कर सकेंगे और सिपारा से महुली की दूरी महज 5 से 6 मिनट में पूरी हो जाएगी। लोकार्पण के बाद सीएम ने नवनिर्मित एलिवेटेड रोड का भूपतिपुर से पुनपुन तक निरीक्षण किया।

17-05-2025 Final_17-05-2025 Final.qxd 6/16/2025 11:41 PM Page 5



## संक्षिप्त समाचार

### हजारीबाग के जंगल में मिला युवती का शव, जांच में जुटी पुलिस

**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग जिले के बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बरकनगांगो पंचायत अंतर्गत बनकेशरी जंगल में सुबह एक अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ है। बॉडी मिलने की बात से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीण जब जंगल की ओर गए तो उन्हें तेज दुर्गंध का एहसास हुआ। पास जाकर देखने पर जमीन पर नमक बिखरा था और मिट्टी के नीचे किसी कपड़े की झलक दिख रही थी। इसकी सूचना उन्होंने तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बरकट्ठा थाना प्रभारी गौतम उरांव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। खुदाई करवाई गई तो एक युवती का शव बरामद हुआ, जिसे कपड़े में लपेटकर नमक छिड़का गया था और ऊपर से मिट्टी डालकर छिपा दिया गया था। शव की स्थिति देख कर अंदाजा लगाया गया कि हत्या की वारदात को अंजाम देकर पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को जंगल में दफना दिया गया है। मृतका के चेहरे को बुरी तरह कुचला गया था, जिससे उसकी पहचान कर पाना संभव नहीं हो सका है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। शुरुआती जांच में यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आसपास के थाना क्षेत्रों में गुमशुदगी की रिपोर्टों की जांच की जा रही है ताकि मृतका की पहचान हो सके। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है।

### बीआईटी मेसरा परिसर की सुरक्षा होगी चाक-चौबंद 780 एकड़ में फैले कैंपस की होगी फेंसिंग

**रांची, एजेंसी।** 780 एकड़ क्षेत्र में फैले बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा के कैंपस में सुरक्षा को देखते हुए चारों ओर से इसकी फेंसिंग की जाएगी। रविवार को बीआईटी के लालपुर कैंपस में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी गई। रजिस्ट्रार सुदीप दास ने कहा कि बीआईटी मेसरा एक आवासीय परिसर है जहां सभी छात्रों को छात्रावास में रहना पड़ता है। इसमें कॉलेज, स्वास्थ्य सेवा केंद्र, आवासीय परिसर, छात्रावास और क्वार्टर हैं। लेकिन हाल के दिनों में हमने देखा है कि कैंपस में कई घटनाएं हो रही है। जो सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंभीर है। साथ ही यह झारखंड राज्य से एनआईआरएफ में पहली बार आने वाला एकमात्र विश्वविद्यालय है, इसलिए रैंकिंग के उच्च पैमाने पर आने के लिए बीआईटी को सुधार और विस्तार की आवश्यकता है। रिसर्च के लिए भी सुरक्षा की दृष्टिकोण से बाउंड्री की जरूरत है। सिक्योरिटी इंचार्ज डॉ. प्रियंक कुमार ने कहा कि कैंपस में स्टूडेंट्स की साइकिल, लैपटॉप तक चोरी हो रही है। कैंपस के पूर्व और दक्षिण से रिंग रोड भी गुजरती है। जिसके कारण परिसर में आसपास के लोगों का अवागमन बढ़ गया है। और आए दिन घटनाएं घट रही है। उन्होंने बताया कि फेंसिंग का काम शुरु हो गया है। लेकिन आसपास के लोगों द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है। हालांकि प्रशासन का सहयोग संस्थान को मिल रहा है। संस्थान के लोगों ने कहा कि उन्हें स्थानीय लोगों से किसी भी प्रकार की दुश्मनी नहीं है, केवल उन्हें परिसर में रह रहे स्टूडेंट्स की सुरक्षा की चिंता है। प्रेस कांफ्रेस के दौरान मीडिया सेल के कृति अभिषेक, डीन मनीष कुमार और फाइनांस की अर्चना मुखर्जी मौजूद थी।

### 24 घंटे में ब्लड बैंकों में जमा हुए 862 यूनिट खून, इनमें 155 यूनिट महिला डोनर्स ने दिए

**रांची, एजेंसी।** राजधानी के ब्लड बैंकों में अक्सर ब्लड क्राइसिस की खबर सुनने को मिलती है। कई बार ऐसा होता है कि ब्लड का स्टॉक 10 यूनिट के भी नीचे पहुंच जाता है। जिसके बाद सामाजिक संगठनों और स्वैच्छिक रक्तदाताओं द्वारा ब्लड बैंक को ब्लड क्राइसिस से निकालने में सहायता की जाती है। विश्व रक्तदाता दिवस के दिन राजधानी रांची में 24 घंटे में रिकॉर्ड ब्लड डोनेशन हुआ। शहर की 8–10 संस्थाओं ने मिलकर जिलेभर में 850 से ज्यादा यूनिट रक्त संग्रह किया। जिले में एक दिन में करीब 862 यूनिट ब्लड वॉलंटरी ब्लड डोनेशन कैंप के माध्यम से कलेक्ट हुआ। इससे यह समझा जा सकता है कि राजधानी में जब–जब खून की कमी होगी, तब स्वैच्छिक रक्तदाता समूह आगे आकर जरूरतमंदों के लिए खून जुटाने में लग जाएंगे।कुल रक्तदान 862 यूनिट में करीब 18त्न यानी 155 यूनिट से ज्यादा ब्लड महिला डोनर्स ने दिए।

# रेलवे ने चंपाकली' और 'अनारकली' की मदद से किया ईआईडीएस डिवाइस का परीक्षण



**चक्रधरपुर, एजेंसी।** चक्रधरपुर रेल मंडल मुख्यालय में रविवार को गुजरात से आये दो हाथियों ने रेलवे को एआई बेस्ड एलिफेंट इंट्रूशन डिटेक्शन सिस्टम (ईआईडीएस) का परीक्षण में मदद की है जो की आने वाले समय में हाथियों को ट्रेन की चपेट में आकर अपनी जान गंवाने से बचाएगा। इन दो हाथियों का नाम चंपाकली और अनारकली है। चंपाकली और अनारकली नामक दो हाथियों को अनंत अंबानी के गुजरात के जामनगर में स्थित वनतारा से चक्रधरपुर रेल मंडल मुख्यालय लाया गया है।

रविवार को चक्रधरपुर के मिनी ग्रिड के पास दोनों हाथियों भीषण गर्मी के बीच रेलवे की खूब मदद की और ईआईडीएस के परीक्षण में सहयोग किया है। रविवार की सुबह 11 बजे से शाम 06 बजे तक ईआईडीएस का परीक्षण किया गया। परीक्षण के पहले दिन चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम तरुण हुरिया खुद परीक्षण स्थल पहुंचे चंपाकली और अनारकली के कार्य को देखा। उन्होंने इस परीक्षण में शामिल सभी रेल अधिकारी, रेलकर्मी, वन विभाग के अधिकारी कर्मी, चंपाकली और अनारकली के साथ आई टीम सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा की हाथी हमारी धरोहर है और हमें उसे बचाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। इस दौरान मौके पर दक्षिण पूर्व रेल मुख्यालय के सीएसटीई प्राजेक्ट विकाश कुमार पटेल, डिप्टी सीएसटीई हैडक्वाटर पीके शर्मा, सीनियर डीएसटीई नील मधुर दास, एएसटीई बीपिन बिहारी सिंह, एसके सिंह, एसएससी डी नायक सहित सिग्नल एंड टेलीकॉम विभाग रेलकर्मी, आरपीएफ के जवान सहित अन्य मौजूद थे। ईआईडीएस का परीक्षण करने के लिए दोनों हाथियों को चक्रधरपुर के रेलवे मिनी ग्रिड के पास दांतीबेगुना गांव की और जाने वाली उस सड़क के किनारे ले जाया गया था। जिसके ठीक बगल से हावड़ा मुंबई मुख्य रेल मार्ग के की तीन रेलवे लाइन गुजरती है।

यहां सुबह 11 बजे के बाद यंत्र के परीक्षण का शुरू किया गया। जहां पहले से रेल मंडल के सिग्नल एंड टेलीकॉम विभाग के द्वारा एआई बेस्ड एलिफेंट इंट्रूशन डिटेक्शन सिस्टम के तीन डिवाइस को चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक में स्थित इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल रूम में लगाया था। इन डिवाइस को ऑप्टिकल-फाइबर केबल के साथ जोड़ कर रेल लाइन के किनारे गड्ढे खोद कर ऑप्टिकल-फाइबर केबल को रेल लाइन के 40 मीटर दूर बिछा कर रखा गया था। इसके बाद ऑप्टिकल-फाइबर केबल के आसपास से हाथियों को पार कराया गया। हाथी के पार होते ही एआई सिस्टम प्रेशर-वेव्स को महसूस करके हाथियों के पैरों के कंपन और तरंग से उसकी पहचान की। इसके बाद एल्गोरिदम से हाथी की पहचान करते हुए इलाके में हाथी के विचरण की जानकारी ऑप्टिकल फाइबर केबल्स की मदद से इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल रूम में लगाया गया एलिफेंट इंट्रूशन डिटेक्शन सिस्टम के तीन डिवाइस को मिला। जानकारी मिलते ही डिवाइस में ग्राफ डेटा तैयार होता रहा। इस दौरान दोनों हाथियों ने खूब मेहनत की। पहले दिन का यह परीक्षण सफल रहा। सोमवार को भी यंत्र के परीक्षण हाथियों के जरिए की जाएगी।

बड़े उद्योगपति में शुमार मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी के गुजरात जामनगर स्थित वनतारा से चंपाकली और अनारकली नामक दो हाथियों को एनिमल एम्बुलेंस से चक्रधरपुर मंगवाया गया था।

## शहीद कैप्टन करमजीत सिंह के नाम पर मार्ग का नामकरण



**हजारीबाग, एजेंसी।** शहर के पीडब्ल्यूडी चौक से लेकर पीटीसी चौक को अब शहीद कैप्टन करमजीत सिंह मार्ग के नाम से जाना जाएगा। झारखंड के पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री सुदिव्य कुमार ने नामकरण किया है।

इस मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा, कि शहीदों को याद रखना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि शहादत के बाद मैंने शहीद के परिजनों से मुलाकात की थी। तब इस मार्ग का नाम शहीद के नाम पर रखने की बात हुई थी। यह वादा हमने पूरा किया है। इन्होंने यह भी कहा शहादत के बाद कुछ चीजों के लिए तत्कालीन उपायुक्त नैंसी सहाय से वार्ता हुई थी। कुछ चीज अभी शेष है, जो वर्तमान उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह को अवगत कराकर पूर्ण करवाया जाएगा।

इधर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने वादा पूरा करने पर राज्य सरकार को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि शहीद हमेशा याद रहते हैं लेकिन जिस तरह से मार्ग का नामकरण किया गया है ऐसे वह अब हजारीबाग के इतिहास के पन्नों में अमर हो जाएंगे। यह सब सभी के प्रयासों से हो पाया है। इस दौरान कार्यक्रम में हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद समेत जिले भर के वरीय पदाधिकारी उपस्थित हुए। शहीद कैप्टन करमजीत सिंह का पूरा परिवार और समाज के लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

बता दें कि जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास 12 फरवरी को हुए आईईडी धमाके में सेना के एक कैप्टन समेत दो जवान शहीद हो गए थे। उनमें शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी उर्फ पुनीत भी थे। करमजीत, हजारीबाग के जुलू पार्क के रहने वाले थे। वे अजिनदर सिंह बक्शी और नीलू बक्शी के एकलौते बेटे थे।

## नीट यूजी : बायोम इंस्टीट्यूट के सफल छात्रों ने निकाली विक्ट्री रैली



**रांची, एजेंसी।** नीट यूजी का रिजल्ट शनिवार को जारी किया गया। जिसमें बायोम इंस्टीट्यूट के सैकड़ों छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रविवार को इंस्टीट्यूट की ओर से विक्ट्री रैली निकाली गई। रैली में एक तरफ विक्ट्री साइन के साथ उत्साहित चेहरे तो दूसरी तरफ एक-दूसरे को बधाई देते छात्र सड़क पर नजर आ रहे थे। सफल छात्र-छात्राओं ने रैली में उत्साह के साथ भाग लिया।

यह रैली बायोम इंस्टीट्यूट नगड़ा टोली से हरिओम टावर तक गई। वहीं, बायोम इंस्टीट्यूट शिवपुरी हिनू से भी रैली निकाली गई, जो हिनू चौक तक गई। बता दें कि बायोम इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें इंस्टीट्यूट के सिद्धार्थ अग्रवाल ने ऑल इंडिया रैंक 373 और 623 अंक प्राप्त कर राज्य के टॉपरों की लिस्ट में जगह बनाई है। वे संस्थान में दो वर्षीय क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र थे।

इसके साथ ही अभिषेक कुमार कसेरा ने 603 अंक, करण सिंह ने 602 अंक, ओवैस रजा ने 596 अंक, करण भास्कर सिंह ने 595 अंक, ऋतिक दुबे ने 577 अंक, राहुल कुमार मिश्रा ने 577 अंक, मो. तौफीक ने 575 अंक, सुजाता रानी ने 571 अंक, दिव्या कुमारी ने 570 अंक प्राप्त किए हैं। संस्थान के 1800 स्टूडेंट्स ने नीट यूजी की परीक्षा दी थी, जिसमें से 1621 स्टूडेंट्स ने परीक्षा सफलता पाई है। सफल छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया।

## झारखंड में नशे के खिलाफ पुलिस का वज्र अभियान, पांच दिन में करोड़ों की सामाग्री बरामद



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में नशे के सौदागरों के खिलाफ जोरदार कार्रवाई की जा रही है। ब्राउन शुगर और अन्य मादक पदार्थों की बरामदगी का आंकड़ा मात्र पांच दिनों में ही करोड़ पार कर गया है। इसमें सबसे सराहनीय कार्य चतरा पुलिस के द्वारा किया गया है। नए पुलिस कप्तान के आने के बाद एक बड़े ड्रग्स कार्टेल को ध्वस्त किया गया है।

**जागरुकता अभियान के बीच ताबड़तोड़ कामयाबी :** झारखंड में नौजवानों को नशे से दूर करने के लिए 10 जून से व्यापक अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत, पुलिस अधिकारी शहर के चौक चौराहे से लेकर स्कूल और कॉलेज तक पहुंच रहे हैं। बच्चों को नशे से कैसे दूर रहना है और नशा उनके जीवन को कैसे बर्बाद करता है यह बता रहे हैं। इस जागरुकता अभियान के बीच पुलिस ने ड्रग्स कार्टेल के खिलाफ भी बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। राजधानी रांची में डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, चतरा एसपी सुमित अग्रवाल, हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन और लोहरदगा एसपी सादिक अली रिजवी ने नशे के तस्करों के खिलाफ लड़ाई छेड़ दी है। नशे के तस्करों पर सबसे ज्यादा दबिश मात्र 5 दिनों के भीतर चतरा एसपी सुमित अग्रवाल ने दी है।

**चतरा में 21 करोड़ का ब्राउन शुगर जब्त :** 11 और 12 जून को चतरा एसपी सुमित अग्रवाल ने चतरा में बेहद संगठित तरीके से चलाए जा रहे ड्रग्स कार्टेल पर करार हमला किया। चतरा के पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र में रेड कर 3।821 केजी अवैध ब्राउन शुगर, 2।784 केजी अवैध अफीम, 1।019 केजी सफेद पाउडर के साथ नगद पैसे बरामद की है। बरामद ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 10 करोड़ रुपए से ज्यादा है। इस कारवाई में एक महिला के साथ चार ड्रग्स पैडलर भी गिरफ्तार किए गए हैं। वही 12 जून को भी चतरा एसपी ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग पांच करोड़ रुपये का ब्राउन शुगर बरामद किया है। इसके साथ ही साथ भारी नगद भी बरामद किया है। हाल के दिनों में चतरा पुलिस की ड्रग्स कार्टेल के खिलाफ यह सबसे बड़ी कारवाई मानी जा रही है। चतरा एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि ड्रग्स कार्टेल को नेस्तनाबूद करना उनका मुख्य उद्देश्य है।

**हजारीबाग, रांची और लोहरदगा में भी बड़ी कार्रवाई :** दरअसल, पिछले एक सप्ताह के भीतर हजारीबाग, रांची और लोहरदगा में भी नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। हजारीबाग एसपी अंजनी के नेतृत्व में ड्रग्स कार्टेल के बड़े नेटवर्क का खुलासा किया गया है, जिसमें लाखों की कीमत का ड्रग्स बरामद किया गया है। वहीं लोहरदगा एसपी सादिक अली रिजवी ने शनिवार को करोड़ों का डोडा पकड़ा है।

## कीटनाशक खाने वाले पंचायत सेवक की मौत, डुमरी बीडीओ समेत चार पर प्रताड़ना का आरोप




**गिरिडीह, एजेंसी।** डुमरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में कीटनाशक खाने वाले पंचायत सेवक ने दम तोड़ दिया। उन्होंने मरने से पहले, डुमरी बीडीओ सहित चार पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। उनका रांची के रिम्स में इलाज चल रहा था। पंचायत सेवक सुखलाल महतो की मौत की पुष्टि, डुमरी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुमित कुमार ने की है।

**क्या है मामला :** बता दें कि डुमरी प्रखंड बलथरिया के पंचायत सेवक कुलगो निवासी सुखलाल महतो ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में कीटनाशक पी लिया था। ऑफिस परिसर में कीटनाशक खाने से गंभीर हालत में उन्हें डुमरी रेफरल अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया था। हालत को देखते हुए उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया था, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिये रिम्स रेफर कर दिया गया था, जहां उनका इलाज चल रहा था। इससे पहले कीटनाशक खाने से पूर्व सुखलाल महतो ने सोशल मीडिया पर डुमरी विधायक के नाम पत्र लिखा था जिसमें डुमरी बीडीओ, बलथरिया पंचायत के मुखिया पति, पीएमएवाई के बीसी और बलथरिया के रोजगार सेवक पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था।

**कमेटी कर रही है जांच :** दूसरी तरफ पंचायत सेवक द्वारा जहर खाने के मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया है और जिले के डीसी को जांच का आदेश दिया है। जिसके बाद डीसी रामनिवास यादव ने जांच कमेटी बनाई है। कमेटी में अपर समाहर्ता विजय सिंह बिरुआ, सरिया बगोदर के एसडीएम संतोष कुमार गुप्ता, मुख्यालय डीएसपी नीरज कुमार सिंह एवं डॉ। रवि महर्षि को शामिल किया गया है। डीसी के द्वारा गठित कमेटी ने डुमरी अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर डुमरी प्रखंड के कई कर्मियों के साथ-साथ बीडीओ से भी पूछताछ की है।

इधर सुखलाल महतो के प्रकरण को लेकर डुमरी के विधायक जयराम महतो भी काफी गंभीर हैं। जयराम महतो ने राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह से पूरे मामले की जांच करने की मांग की है। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की भी मांग की है।

## पलामू का बास्केटबॉल और बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन



**पलामू, एजेंसी।** जिला पलामू का बास्केटबॉल और बैडमिंटन कोर्ट शहीद आईपीएस अजय कुमार सिंह और अमरजीत बलिहार को समर्पित किया गया है. पलामू पुलिस स्टेडियम में बास्केटबॉल और बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया गया है. रविवार शाम इनका उद्घाटन किया गया. बास्केटबॉल कोर्ट को लोहरदगा के शहीद एसपी आईपीएस अजय कुमार सिंह और बैडमिंटन कोर्ट को दुमका के शहीद एसपी एसपी अमरजीत बलिहार के नाम पर तैयार किया है. दोनों स्पोर्ट कोर्ट को पलामू पुलिस परिवार एवं आम लोगों के लिए तैयार किया गया है. दोनों कोर्ट का निर्माण पिछले कुछ महीनों से चल रहा था. दोनों कोर्ट का निर्माण एबीसीआईएल, भारत वाणिज्य कर लिमिटेड और पलामू पुलिस के अधिकारी एवं जवानो के मदद से तैयार किया गया है।

रविवार देर शाम पलामू एसपी रीष्मा रमेशन हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने इसका उदघाटन किया. इस दौरान एएसपी अभियान अरुण कुमार सिंह, आदित्य बिरला केमिकल इंडिया लिमिटेड के यूनिट हेड, भारत वाणिज्य कर लिमिटेड के अधिकारी, एससीडीपीओ मणिभूषण प्रसाद आलोक कुमार टूटी, डीएसपी राजेश यादव राजीव रंजन समेत कई अधिकारी मौजूद रहे. इस मौके पर एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि शहीद अधिकारी केवल पुलिस बल के लिए ही नहीं, पूरे समाज के लिए प्रेरणा के स्रोत है. दोनों कोर्ट का निर्माण शहीदों के याद में किया गया है. आईपीएस अजय कुमार सिंह और अमरजीत बलिहार ने सर्वोच्च कर्तव्य का निर्वहन करते हुए बलिदान दिया है. पुलिस लाइन केवल एक सेवा का केंद्र नहीं है बल्कि अनुशासन एवं फिटनेस का केंद्र भी बनेगा।

हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने कहा अजय कुमार सिंह और अमरजीत बलिहार जैसे अधिकारियों ने अपने कर्तव्य के लिए जिस साहस और समर्पण का परिचय दिया, वह हमारी पीढ़ियों के लिए एक मिसाल है।

# जला रही गर्मी, रुला रही बिजली, शहर में 12, तो गांव में 5 घंटे ही हो रही आपूर्ति, गिरिडीह जिले को 150 मेगावाट बिजली की जरूरत, मिल रही है सिर्फ 115 मेगावाट



**गिरिडीह, एजेंसी।** एक तो उमस भरी गर्मी, उपर से बिजली आपूर्ति की चौपट व्यवस्था से गिरिडीह में शहर से लेकर गांव तक के लोग त्रस्त हैं। शहर में 24 घंटे में ठीक से 12 घंटे लगातार बिजली नहीं मिल पा रही है। हर एक-दो घंटे में बिजली कट रही है, जो फिर एक-दो घंटे के बाद ही आ रही है। ऐसा हाल बीते एक सप्ताह से है।

ग्रामीण इलाकों में तो बमुश्किल 5 घंटे बिजली मिल रही है। पूरे जिले में सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति के लिए जिले के विभाग को 150 मेगावाट बिजली की जरूरत है, लेकिन अभी विभाग को मात्र 115 मेगावाट ही बिजली मिल पा रहा है। इसमें डीवीसी के पावर ग्रिड से 55 और जेयूएसएनएल से 60 मेगावाट ही बिजली मिल पा रही है। डीवीसी की हालत बीते दो दिनों से काफी खराब थी, जिस वजह से शहर में विद्युतापूर्ति पूरी तरह से फेल हो गई थी। शुक्रवार की रात से डीवीसी ने 55 मेगावाट बिजली की आपूर्ति शुरू की, लेकिन जेयूएसएनएल 120 मेगावाट की जगह मात्र 60 मेगावाट ही बिजली उपलब्ध करा पा रही है। इसलिए शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में बिजली की आपूर्ति व्यवस्था चौपट हो गई है।

जसीडीह पावर ग्रिड से ही मिल रही आधी बिजली जसीडीह से गिरिडीह के करहबारी में बने झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड (जेयूएसएनएल) के पावर ग्रिड को 120 मेगावाट की जगह मात्र 60 मेगावाट बिजली मिल रही है। इस वजह से वहां के पावर ग्रिड से गिरिडीह शहर को 60 मेगावाट बिजली आपूर्ति की जाती है, लेकिन वहां से गिरिडीह को मात्र 20 मेगावाट, जमुआ को 45 मेगावाट की जगह 20 और सरिया 30 मेगावाट की जगह 20 मेगावाट ही बिजली भेजी जा रही है। जिस वजह से शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों की बिजली आपूर्ति प्रभावति हो गई है। अब इसमें सुधार कब होगा। इसे लेकर कोई भी अधिकारी कुछ कहने को तैयार नहीं है। डीवीसी और जेयूएसएनएल से पर्याप्त बिजली मिलने पर गिरिडीह शहर के साथ बेंगाबाद, गांडेय, जमुआ, गावां, धनवार, तिसरी, गांवा, देवरी, सरिया और बिरनी में बिजली के सुधार होने की उम्मीद है, लेकिन हालत ऐसी है कि जेयूएसएनएल को जसीडीह पावर ग्रिड से ही आधे बिजली की कटौती कर दी गई है।

**व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा :** शकील बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता शकील आलम ने बताया कि बीते 9 जून से ही बिजली की समस्या बढ़ गई है। उसे ठीक का लगातार प्रयास किया जा रहा है। डीवीसी पावर स्टेशन का हालत दो दिन से खराब था, जिसे रात में दुरुस्त कराया गया है। वहीं, जमुआ के लिए अलग से पुरानी 33 हजार की तार को ठीक कर दिया गया है। वहीं जसीडीह से ही जेयूएसएनएल के करहरबारी पावर ग्रिड को कम बिजली मिल रही है। जिस वजह से हालत खराब है। उसे भी ठीक करवाने की बात चल रही है।शहर के सब स्टेशनों को मिल रहीं कितनी मेगावाट बिजली पावर ग्रिड से शहर के गिरिडीह बस स्टैंड पावर सब स्टेशन को 10 मेगावाट में 6 मेगावाट, सिहोडीह सब स्टेशन को 3 मेगावाट में 1.5 मेगावाट, बेंगाबाद सब स्टेशन को 8 मेगावाट में 6 मेगावाट, करहरबारी सब स्टेशन को 6 मेगावाट में 4 मेगावाट, बदडीहा सब स्टेशन को 3.5 मेगावाट में 2.5 मेगावाट बिजली मिल रही है।

## झारखंड के कलाकारों को मिलेगी सुविधाएं, मंत्री सुदिव्य कुमार ने की कई घोषणाएं!

**हजारीबाग, एजेंसी।** झारखंड के कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए राज्य सरकार ने उन्हें निबंधन और बीमा से जोड़ने का फैसला लिया है। इसके लिए झारखंड सरकार जल्द ही इस प्रकार की योजना लाने जा रही है। हजारीबाग समेत पूरे राज्य भर के कलाकारों को उचित सम्मान मिलेगा। इस बात की जानकारी खुद मंत्री सुदिव्य कुमार ने दी।हजारीबाग में आयोजित कलाकार महोत्सव के स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी, जिसमें सभी प्रस्तुति काबिले तारीफ थी। जो बताती है कि हजारीबाग की धरती कलाकारों के लिए भी जानी जाती है। इस दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि कलाकार समाज के बौद्धिक संपदा होते हैं। झारखंड सरकार आपकी बौद्धिक संपदा का संरक्षण करेगी साथ ही कलाकारों को उचित सम्मान भी देगी।मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि झारखंड की कला को समृद्ध करने के लिए सरकार काम करेगी। चाहे वह सोहराय हो या फिर कोई अन्य विधा।

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

संपादकीय

बक्सर, 17 जून 2025
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



## सुभाषितम्

अपने विषय में कुछ कहना प्रायः बहुत कठिन हो जाता है क्यों कि अपने दोष देखना आपको अप्रिय लगता है और उनको अनदेखा करना औरों को।- महादेवी

## इजराइल-ईरान संघर्ष के बीच हो रहे जी-7 से उम्मीदें

रटंत तोते की तरह दुनिया के अधिकांश देशों के कर्ता-धर्ता बुलंद आवाज में यह तो कहते सुने जाते हैं कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता, लेकिन फिर भी इस युद्ध रुपी जाल में वही फंसते हुए दिख जाते हैं। यदि यकीन नहीं होता तो पिछले दो दशक के आंकड़े उठाकर देख लें, यकीन हो जाएगा। अधिकांश देश अपनी सीमा के अंदर और सीमा पार से उपजती समस्याओं का समाधान बातचीत से निकालने की बजाय एक-दूसरे पर हिंसक कार्रवाई करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। कहने को वर्तमान में अमेरिका की विश्व स्तर पर चौधराहट कायम है, लेकिन जिस तरीके से ट्रंप सरकार व्यापारिक लाभ को आगे रखकर फैसले ले रही है, उससे दुनियां के देश शांति का रास्ता छोड़ हिंसा की राह अपनाने को मजबूर होते चले जा रहे हैं। फिर चाहे मामला अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व शासनकाल की बात हो या फिर वर्तमान में लिए जा रहे कल्पनातीत फैसले हों। इससे हटकर एक तरफ रुस और यूक्रेन के बीच एक लंबा युद्ध का इतिहास लिखा जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा का जो हाल किया, उसे देख दुनियां कराह उठी है। नौनिहाल बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों समेत बीमार लोगों की बड़ी तादात इजराइली हमलों में इस दुनियां को सदा के लिए अलविदा कह चुकी है। खूबसूरत दिखने वाले मकानात और शहर के शहर खंडहर हो चुके हैं। अब खाने-पीने और इलाज नहीं होने के कारण नई आपात स्थिति निर्मित हो गई है। इसलिए कहा जा रहा है कि इस समय यदि किसी को दुनियां में क्रूरता के साथ इंसानियत कुचलने का प्रमाण देखने का दिल करे तो वह गाजा का दौरा कर सकता है। इस हिंसा का कोई अंत नहीं है, क्योंकि जब सोच कत्लेआम की हो जाए तो खून भी पानी हो जाता है और मानव कीड़े-मकोड़ों की तरह नजर आने लगते हैं। इसी बीच इजराइल ने संभवतः दुनियां का ध्यान गाजा से हटाने के लिए ईरान पर यह कहते हुए हमला किया कि उसे परमाणु संपन्न देश बनने नहीं दिया जाएगा। इसके बाद लगातार चौथे दिन इजराइल और ईरान की एक-दूसरे पर आक्रामक कार्रवाई ने पश्चिम एशिया को विस्फोटक मोड़ पर ला-खड़ा किया है। रात के अंधेरे में इजराइली वायुसेना ने तेहरान स्थित विदेश मंत्रालय परिसर को निशाना बनाया, जहां 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इससे एक दिन पहले ही ईरानी रक्षा मंत्रालय पर मिसाइल बरसाई गईं थीं। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों की बात करें तो ईरान में वैज्ञानिकों और सैनिक कमांडरों से हटकर अब तक करीब 224 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि डेढ़ हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान ने ह्यट्रू-प्रॉमिस-थ्रीह्व नामक अभियान के तहत पलटवार करते हुए सेंट्रल इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनसे पांच लोगों की मौत हो गई और करीब 90 लोग जख्मी हो गए। इजराइली पक्ष का कहना है कि ईरानी हमलों में कुल 20 मौतें हुई हैं जबकि 500 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इजराइल ने भी इस युद्धक्षेत्र को ह्यऑपरेशन राइजिंग लॉयनह्व का नाम देते हुए दो-सौ से अधिक फाइटर जेट तैनात किए हैं। इस कार्रवाई में 14 ईरानी परमाणु-महत्व के वैज्ञानिक और 20 से ज्यादा सैन्य कमांडर मारे जाने का दावा किया गया है। जवाबी कार्रवाई में ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) ने इजराइल के तीन एफ-35 जेट गिराने, कुछ रक्षा प्रतिष्ठानों को ध्वस्त करने तथा तेल-गैस संपदा पर हमले का संकल्प जताया है। दोनों देशों की बयानबाजी ने क्षेत्रीय-सुरक्षा संतुलन की कमर तोड़ दी है, यहां तक कि आईआरजीसी के वरिष्ठ जनरल मोहसेन रेजाई ने दावा किया कि जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान नया सहयोगी होगा। इसका समय रहते इस्लामाबाद ने खंडन कर दिया, पर इस बयान ने परमाणु-खतरे की चिंता को और गहरा कर दिया है। ऐसे विस्फोटक दृश्य-पटल पर सात प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं का मंच– जी-7 अपना वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित कर रहा है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा और जापान के नेता ऊर्जा-सुरक्षा, खाद्य-श्रृंखला और वैश्विक विकास के मसले पर चर्चा को बैठेंगे, किंतु राजनयिक गलियारे में असली कसौटी यही होगी कि वे इजराइल-ईरान युद्धविराम के लिए कोई ठोस खाका पेश कर पाते हैं या नहीं।

## चिंतन-मनन

### बल और बुद्धि में संतुलन जरुरी

एक बार बल और बुद्धि में विवाद हो गया। बल ने कहा,मैं बड़ा हूं। मेरे बिना कुछ भी नहीं होता। बुद्धि ने कहा,तुम किसी काम के नहीं हो। मैं बड़ी हूं। मेरे बिना तुम्हारी उपयोगिता ही क्या है? दोनों इस विषय पर उलझ गए। विवाद का निपटारा करने के लिए वे विवेक के पास पहुंचे। दोनों ने अपनी-अपनी श्रेष्ठता बताते हुए न्याय करने की प्रार्थना की। विवेक ने कहा,मेरे साथ चलो। मैं न्याय करूंगा। उसने अपने हाथ में एक हथौड़ा और लोहे की एक कील ली। वह कील मुड़ी हुई थी। विवेक उन दोनों को साथ लेकर चल पड़ा। वे तीनों एक वृद्ध व्यक्ति के पास पहुंचे। विवेक बोला,आप समझदार हैं, बुद्धिमान और अनुभवी हैं। हमारा एक छोटा-सा काम कर दें। यह लोहे की कील टेढ़ी हो गई। आप इसे सीधी कर दें। वृद्ध ने कहा-हां कर दूंगा। विवेक ने वृद्ध के हाथ में हथौड़ा थमा दिया। वृद्ध व्यक्ति ने हथौड़ा चलाना चाहा किंतु वह उसे चला नहीं सका। उसके हाथ इस कार्य को करने में असमर्थ थे। उसने हथौड़ा लौटाते हुए कहा,भाई, यह कार्य संभव नहीं है। विवेक ने बुद्धि से कहा,देखो, बुद्धिमान होते हुए भी यह वृद्ध इस छोटे से कार्य को नहीं कर सका। बुद्धि, बल और विवेक तीनों आगे बढ़े। विवेक ने देखा एक हट्टा-कट्टा जवान खेत में काम कर रहा है। वह शक्तिशाली था किंतु बुद्धिमान नहीं था। तीनों उस जवान के पास पहुंचे। विवेक ने कहा,भैया, तुम बहुत शक्तिशाली हो। क्या तुम हमारा एक काम कर दोगे? यह लोहे की कील टेढ़ी हो गई है। इसे सीधा करना है। तुम इस हथौड़े से इसे सीधा बना दो।

# भारत में मोबाइल प्रयोग का बच्चों पर पड़ता दुष्प्रभाव

-डॉ. शैलेश शुक्ला



आधुनिक युग में मोबाइल फोन अब केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों की दिनचर्या और जीवनशैली का अभिन्न अंग बन चुका है। विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, माता-पिता अपने कार्य में व्यस्त रहते हुए बच्चों को मोबाइल फोन थमा देते हैं ताकि वे शांत और व्यस्त बने रहें। लेकिन यह सुविधा अब एक गंभीर समस्या का रूप लेती जा रही है। वर्ष 2023 में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेस द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 10 से 17 वर्ष की आयु के बच्चों में से लगभग 31.4% बच्चे किसी न किसी मानसिक तनाव या चिंता का सामना कर रहे हैं, जिनमें से अधिकांश का कारण स्क्रीन समय का अत्यधिक बढ़ना है। मोबाइल फोन के कारण बच्चों की एकाग्रता में गिरावट, चिड़चिड़ापन, और आक्रामक व्यवहार तेजी से बढ़ रहा है।

ऑनलाइन गेमिंग, सोशल मीडिया और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म बच्चों के दिमाग पर लगातार उत्तेजक सामग्री डालते हैं, जिससे वे वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में सामंजस्य बिठाने में अक्षम हो जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2019 में को मानसिक विकार के रूप में मान्यता दी थी। इस संदर्भ में 2021 में लांसेट साइकेट्री द्वारा किए गए एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में पाया गया कि ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े बच्चों में असामाजिक व्यवहार, आत्म-केन्द्रित दृष्टिकोण और गुस्सैल प्रवृत्तियाँ अधिक देखने को मिलीं। भारत के संदर्भ में दिल्ली के एक शोध (2022) में बताया गया कि 12 से 16 वर्ष के किशोरों में से 33.1% बच्चे डिप्रेशन से पीड़ित हैं, 24.9% को चिंता रहती है और 56% बच्चों में व्यवहारिक उतावलापन या चिड़चिड़ापन देखा गया है झ्र जो सीधे तौर पर मोबाइल के अनियंत्रित उपयोग से जुड़ा है।

इन मानसिक समस्याओं का असर बच्चों के भावनात्मक विकास पर भी पड़ता है। वे धीरे-धीरे परिवार और समाज से कटने लगते हैं। माता-पिता की अनुपस्थिति में स्क्रीन ही उनका साथी बन जाती है, जो उन्हें स्वाभाविक संवेदनाओं से दूर कर देता है। डिजिटल दुनिया में हर समय उपलब्ध रहने की आदत बच्चों के सोचने-समझने और निर्णय लेने की शक्ति को कमजोर कर रही है। यह स्थिति सामाजिक व्यवहार की जड़ों को कमजोर करती है और बच्चे आभासी दुनिया में खो जाते हैं, जिससे आत्म-संयम, आत्म-निर्भरता और जिम्मेदारी जैसे गुण विकसित नहीं हो पाते।

मोबाइल फोन के अत्यधिक प्रयोग का सबसे प्रत्यक्ष दुष्प्रभाव बच्चों की नींद पर पड़ता है। ब्लू लाइट का प्रभाव नींद के हार्मोन मेलाटोनिन को बाधित करता है, जिससे बच्चों को सोने में कठिनाई होती है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ की 2022 की एक रिसर्च के अनुसार, मोबाइल स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू लाइट बच्चों की नींद की गुणवत्ता को 58% तक घटा सकती है, जिससे वे दिन भर थकान, एकाग्रता की कमी और चिड़चिड़ेपन का अनुभव करते हैं। नींद की कमी बच्चों के विकास को भी प्रभावित करती है। राष्ट्रीय शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अनुसार, 6 से 14 वर्ष के बच्चों को प्रतिदिन कम से कम 9-10 घंटे की नींद की आवश्यकता होती है, लेकिन मोबाइल पर अधिक समय बिताने वाले बच्चों में यह औसत केवल 6 से 7 घंटे तक ही सीमित रह जाता है। नींद की कमी न केवल मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि शारीरिक विकास, इम्यूनिटी और मेमोरी निर्माण को भी बाधित करती है।

इसके साथ ही, मोबाइल का अत्यधिक उपयोग बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। वर्ष 2023 में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा प्रकाशित एक शोधपत्र में बताया गया कि मोबाइल पर अधिक समय बिताने वाले बच्चों में मोटापा 18% अधिक पाया गया। क्योंकि ये बच्चे शारीरिक गतिविधियों से कट जाते हैं, जिससे उनका मेटाबोलिक रेट कम हो जाता है। इसके अलावा, आंखों पर अत्यधिक जोर पड़ने से आंखों की मांसपेशियों में तनाव, दृष्टि में धुंधलापन और ड्राई आई सिंड्रोम जैसे लक्षण भी देखने को मिलते हैं। ऑल इंडिया ऑप्थाल्मोलॉजी सोसाइटी की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार, मोबाइल का 3 घंटे से अधिक उपयोग करने वाले 10 में से 6 बच्चों में आंखों की सूजन, जलन और धुंधलेपन की समस्या पाई गई।

शारीरिक निष्क्रियता के कारण बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी बीमारियाँ भी प्रारंभिक अवस्था में विकसित हो रही हैं, जो पहले वयस्कों में देखी जाती थीं। 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, 12 से 18 वर्ष के 14% बच्चों में ब्लड प्रेशर सामान्य से अधिक पाया गया, जिनमें से अधिकांश का स्क्रीन टाइम प्रतिदिन 5 घंटे से अधिक था।

मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग बच्चों की पढ़ाई और शैक्षिक उपलब्धियों पर भी नकारात्मक असर डाल रहा है। जहां एक ओर डिजिटल शिक्षा एक क्रांतिकारी कदम माना गया, वहीं दूसरी ओर इसका अनियंत्रित प्रयोग बच्चों की बौद्धिक क्षमताओं को प्रभावित कर रहा है। दिल्ली द्वारा 2022 में किए गए एक अध्ययन में बताया गया कि 10 से 16 वर्ष के छात्रों में से 48.7% छात्रों ने स्वीकार किया कि मोबाइल की वजह से वे होमवर्क और पढ़ाई से ध्यान भटकाते हैं। यही नहीं, 2023 में किए गए एक सर्वे में बताया गया कि 12वीं के छात्रों में से 41% ने परीक्षा की तैयारी के समय भी गेमिंग या सोशल मीडिया का उपयोग करना बंद नहीं किया।

मोबाइल फोन की आदत बच्चों में सतही ज्ञान का विकास करती है, जहां वे केवल जानकारी की खोज करते हैं, लेकिन गहराई से अध्ययन नहीं करते। गूगलिंग की आदत उन्हें स्वयं सोचने और समस्याओं को सुलझाने की प्रक्रिया से दूर करती है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की एक रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि मोबाइल पर पढ़ाई करने वाले छात्रों में आलोचनात्मक सोच और विश्लेषणात्मक क्षमताएं 22% तक कम होती हैं, जो पारंपरिक पढ़ाई करने वाले छात्रों की तुलना में कम होती हैं। इसका प्रभाव दीर्घकालिक भी है, क्योंकि मोबाइल की आदत उन्हें तुरंत की आदत डालती है, जिससे वे कठिन विषयों को पढ़ने के बजाय आसान या मनोरंजक विकल्प की ओर मुड़ जाते हैं। इसके परिणामस्वरूप, परीक्षा के परिणामों में गिरावट, ज्ञान की गहराई में कमी और बौद्धिक विकास की रुकावट स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है।

# खूबसूरत रिश्तों नातों संबंधों की कद्र करें

- किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में भारत ही एक ऐसा देश है जहां रिश्तोंनातों की बहुत गहराई से कद्र होती है, जो कि आदि अनादि काल से ही भारत की मिट्टी में समाया हुआ है,इसलिए जो मानव भारत की मिट्टी पर पैदा हुआ है उसमें प्राकृतिक रूप से उसके मन में रिश्ते नातों, संबंधों की कद्र करना समा जाता है, परंतु समय का तकाजा है,उसके चकरे के घूमने से कई चीजें न केवल बदल जाती है,बल्कि व्यक्ति विशेष का स्वभाव, अंदाज, आदत तो छोड़ो लेकिन उसके जीवन की दिनचर्या ही बदल जाती है जिसमें उसके रिश्ते नाते संबंधों में दरार आने लगती है, जिससे वह व्यक्ति खुशीयों की खूबसूरत लकीर से हटकर अकेलापन और दुख की ओर चल पड़ता है। मेरा मानना है कि इसका सबसे मजबूत कारण मिस अंडरस्टैंडिंग मिस कम्युनिकेशन व कम्युनिकेशन गैप है, चूंकि सामने वाला व्यक्ति, कहना कुछ चाहता है, हम समझते कुछ हैं, और हो कुछ और जाता है इसलिए सबसे पहले हमें उस अंडरस्टैंडिंग के अंदाज को समझने की जरूरत है,जिस लहजे में हमसे बोला जा रहा है, अगर हम यह तकनीक सीख गए तो मेरा पूरा विश्वास है हमारे रिश्ते नाते हमेशा दूर-दूर तक साधारण वह मजबूत रहेंगे। अवस्था में रहेंगे और हमें खुशियां मिलेगी क्योंकि खुशियों के लिए हमारे द्वारा बनाए संबंधों रिश्तो नातों को मजबूत स्वस्थ और खुशहाल बनाना जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे रिश्तो के बिना जीवन बेकार है रिश्तो पर ध्यान देने की जरूरत है, खुशियों के खूबसूरत रिश्तों नातों को तोड़ने में गलतफहमी संवादहीनता व नांसमझी की मुख्य भूमिका है। खुशहाल रिश्तों नातों को मजबूत करने नजरअंदाजी झुकना व समर्पण का भाव होना अत्यंत जरूरी है।

साथियों बात अगर हम अपने जीवन में रिश्तों नातों को निभाने की करें तो,व्यक्ति के जीवन में उसका परिवार, दोस्त और रिलेटिव सबसे ज्यादा करीब होते हैं। रिश्ता चाहें जो भी हो,उसे निभाने के लिए कई जरूरी बातों का ख्याल रखना होता है। परिवार में हर व्यक्ति की सोच और स्वभाव एक दूसरे से अलग होती है, लेकिन फिर भी सभी घर में एक दूसरे के साथ बैलेंस बनाकर चलते हैं।कई बार व्यवहार बिल्कुल अलग होने और सोच एक दूसरे से न मिलने के कारण रिश्ते खराब हो जाते हैं और कई बार टूट भी सकते हैं,ऐसा कोई नहीं चाहता कि उनका रिश्ता उनके करीबियों से खराब हो जाए या टूट जाए, इसलिए अपने किसी भी रिश्ते में लापरवाही या नासमझी नहीं करनी चाहए। रिश्तो को खुशहाल रखने के लिए इन बातों को रेखांकित करना जरूरी है। (1) इज्जत और सम्मान करें-रिश्ता चाहें माता पिता से हो या दोस्तों से हो, उसकी मयार्दा को हमेशा याद रखना चाहिए,कोई भी रिश्ता बिना सम्मान के ज्यादा दिन नहीं टिक पाता है अपने रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए एक दूसरे की इज्जत करना बेहद जरूरी है। (2)भरोसा करें और ईमानदार रहें-दुनियां के हर रिश्ते की नींव भरोसे पर टिकी होती है। भरोसा कमजोर पड़ते ही सालों पुराने और खून के रिश्ते भी टूट जाते हैं,इसीलिए हमको अपने किसी भी रिश्ते में बेवजह शक नहीं करना चाहिए और अपनों का भरोसा कभी नहीं तोड़ना चाहिए। (3) इन चीजों को करने से बचेंरोक-टोक ना करें-हर समय की रोक-टोक किसी भी व्यक्ति को परेशान कर सकती है और वे आपसे धीरे धीरे दूर हो सकते हैं, इसीलिए बेवजह बात बात पर रोक टोक ना करें और सामने वाले को उनका पूरा समय देने की कोशिश करें। (4) मिसकॉम्युनिकेशन से बचें-किसी भी रिश्ते में कम्युनिकेशन गैप आने से रिश्ते खराब हो जाते हैं, इस स्थिति से बचने के लिए मन में कोई बात ना रखें और खुलकर बात करें और दूसरो को भी अपने मन की बात कहने का मौका दें। साथियों बात अगर हम रिश्ते खराब होने के कारणों की करें तो, जब जब किसी रिश्ते के बीच में मैं का भाव आ जाता है तो है रिश्ता खराब होना निश्चित होता है,उसरिश्ते को तब तक नहीं बचाया जा सकता जब तक की मैं का भाव मिटा न दिया जाए।और यह हमारी आपसी तालमेल पर ही निर्भर करता है कभी हम अपनी गलती माने, कभी सामने वाला अपनी गलती माने, इसी प्रकार से जिंदगी खुशी पूर्वक चलती रहती है। परंतु यदि हम यह सोच कर बैठ जाएंगे कि हम तो गल्ती करते ही नहीं, तो फिर रिश्ता निभाना मुश्किल हो जाएगा। कई बार हमको उस बात के लिए भी सामने वाले से माफी मांग लेनी चाहिए, जिसमें कि हमारा कोई दोष नहीं है,क्योंकि कभी-कभी यह समय की आवश्यकता होती है और बाद में सही समय पर उस व्यक्ति को उसकी गलती का एहसास दिलाया जा सकता है।परंतु यदि अभी लड़ाई चल रही है और हम भी अपनी बात पर अड़ गए, तो फिर विवाद का अंत होना संभव ही नहीं है, विवाद बढ़ता ही चला जाएगा और यह स्थिति हमारे जीवन में अशांति और क्लेश घर कर जाएगा। एक सफल रिश्ते की दूसरी सबसे महत्वपूर्ण कुंजी है,विश्वास और एक दूसरे पर भरोसा, इसे कभी भी नहीं टूटने देना चाहिए, क्योंकि यदि एक बार किसी का भरोसा आप पर से उठ गया, तो यकीन मानिए फिर दोबारा से उस व्यक्ति को भरोसे में ला पाना असंभव ही होता है वह हमेशा हमें शक की दृष्टि से ही देखेगा। यदि एक बार हमारे जीवन में शक नामक घुन लग गया तो यकीन मानिए फिर वह हमको तबाह करके ही छोड़ता है। पुरानी कहावत है लव रिक्वायर्स टोलरेंस।इसका सीधा अर्थ है प्यार में नजर अंन्दाजी यानि झुकना जरुरी है।यानि अगर झुकोगे नहीं,तो टूट जाओगे( रिश्ता खत्म)। तलाक के 90 प्रतिशत मामले अकड़ का नतीजा होते हैं। दोनों में से कोई भी झुकने को तैयार नहीं होता। इसलिए रिश्ता टूट जाता है।गलती हुई है,तो सॉरी बोलिए।बात को खत्म करिये।नजर अन्दाज करने की आदत डालिये।छोटी सी गलती को तूल देना अच्छा नहीं!अगर रिश्ता पति पत्नी का है,तो न कोई छोटा है,न कोई बड़ा ।टोकरी शहतूत के पेड़ की टहनी से इसलिए बनती है कि उसमें लचक होती है।वह मोड़ने पर टूटती नहीं ।यानि जो व्यक्ति झुकना नहीं जानता,वह टूट जाता है। इसलिए रिश्ता जिन्दा रखना है,तो झुकना सीखें वरना,एक दिन राख के ढेर में यादों को तलाशते रहजाएंगे ।रिश्तों में एक दूसरे को स्पेस देना बहुत जरूरी है। क्योंकि जब तक हम उनसे दूर नहीं जाएंगे वो आपकी कमी को कभी महसूस नहीं कर पाएंगे।और अगर रिश्तों को बेहतर बनाने की सोच से हम नजदीकियां बढ़ाएगे तो कहीं उलटा ही ना हो जाए,क्योंकि ज्यादा मिठास भी शुगर कर देती है,हाहाहा...। इसलिए थोड़ी दूरियां बनाइये ताकि हमारी कमी उन्हें महसूस हो,हमको याद करने का उन्हें अवसर दे।

साथियों बात अगर हम रिश्तो को जोड़े रखने की टिप्स को समझने की करें तो, रिश्तो को जोड़े रखने के लिए कभी अंधा कभी बहरा तो कभी गूंगा होना पड़ता है जी हां! यह रिश्ते को ही नहीं आज अपने घर में भी हर बुजुर्ग को बच्चों के साथ रहना, खाना है,तो यह करना चाहिए।

## ईरान-इजरायल भिंड़त : तीसरे विश्व युद्ध का शंखनाद, दो घड़ो में बटी दुनिया..?

-ओम प्रकाश मेहता

विश्व के आकाश पर फिर एक बार तीसरे विश्व युद्ध के बादल मंडराने लगे हैं, जिसके कारण दुनियां दो हिस्सों में विभाजित नजर आ रही है, ईरान और इजरायल की आपसी भिड़ंत के कारण यह स्थिति पैदा हुई है, इजराइल की तरफ से अमेरिका दम भर रहा है, तो ईरान के साथ रूस और चीन खड़े हैं, अब दावा किया जा रहा है कि इसराइल ने यदि ईरान पर हमला किया तो अमेरिका और यूरोप जैसे देश तुरंत बेंजामिन नैतन्याहू के समर्थन में खड़े नजर आएंगे। दूसरी तरफ ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई इस लड़ाई में अकेले नहीं है बल्कि उनके साथ रूस और चीन खड़े नजर आ रहे हैं। यदि यह स्थिति जमीनी हकीकत में तब्दील होती है तो इससे तीसरे विश्व युद्ध का आगाज हो जाएगा, बहरहाल दोनों ही ओर से हमले जारी हैं और इससे स्थिति भयावह होने की आशंका जताई जा रही है।

विश्व को आशंका है कि शक्तिशाली देशों की यह भिड़ंत कहीं परमाणु युद्ध में तब्दील न हो जाए, क्योंकि दोनों ही खेमें परमाणु हथियारों से लैस हैं और इसीलिए विश्व के कई देशों से इस टकराव को रोकने की आवाज आ रही है और विश्व दो गटों में बटा साफ नजर आ रहा है। इस बीच चीन ने कहा है कि वह पूरी मुस्तैदी से ईरान के साथ खड़ा है और क्षेत्रीय स्थिरता का समर्थन करता है, रूस ने भी इसी तरह का रूख अख्तियार किया है, रूस ने ईरान को शांति का चैंपियन बताया है, इसी बीच अमेरिका ने अपने समर्थक इसराइल को उन्नत हथियारों के साथ खुफिया सहायता भी उपलब्ध करा दी है, यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनायिक जोसेफ बोरेत्व का कहना है कि इसराइल का आत्मरक्षा का अधिकार है, यद्यपि यू.एन. ने ८०० अमेरिकी और यूरोपीय अधिकारियों ने खुले पत्र में सरकारी नीतियों की आलोचना की है जिसमें कहा गया कि यह नीतियां नैतिक स्थिति को कमजोर कर रही है, चीन और रूस का ईरान समर्थन ऐसे समय में आया है, जब ईरान पर इजरायल द्वारा साइबर हमले और लक्ष्यपूर्ण हिंसा के आरोप लगे हैं, ईरान ने जवाबी कार्यवाही की धमकी दी है, जिससे तनाव बढ़ता दिखाई देने लगा है।

ऐसी परस्पर तैयारीयों और घोषणाओं के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक आपातकालीन बैठक आयोजित कर इस पूरे मामले पर गंभीर विचार विमर्श करने का फैसला लिया है। यह बैठक आज भारतीय समयानुसार अर्धरात्रि के बाद होगी। जिसे युद्ध की आशंका के बीच अहम माना जा रहा है, स्थिति इसलिए भयावह आशंका से परिपुरित नजर आ रही है, क्योंकि अमेरिका और यूरोप इजरायल के साथ अपने सैन्य बल को साथ लिए खड़े नजर आ रहे हैं, तो चीन और रूस ईरान की हर तरह की मदद की पेशकश कर रहे हैं, इस बीच चीन और रूस ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद के इस प्रस्ताव का समर्थन किया है, जिसमें ईरान को क्षेत्रीय शांति बनाए रखने को कहा गया है, इसके लिए आयोजित बैठक में चीन और रूस ईरान के पक्ष में प्रस्ताव पेश करेंगे, जबकि अमेरिका वह यूरोप इजराइल का बचाव करेंगे, क्योंकि यह टकराव वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित कर रहा है भारत जैसे देशों की इस द्वंद्व में पक्षपात विहीन रहने की रणनीति है, ऐसा इसलिए क्योंकि ईरान और इसराइल दोनों ही भारत के अच्छे दोस्त हैं।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** आज दिनभर कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बनी रहेगी। जो लोग सरकारी या प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े हैं। | **तुला** प्रॉजेक्ट मैनेजमेंट में कार्यरत हैं। कार्य से जुड़े विवादों का समाधान निकल सकता है। |
| **वृषभ** दिन योजनाओं को आकार देने और कार्यान्वयन की दिशा में मजबूत कदम उठाने में बीतेगा। | **वृश्चिक** आज आर्थिक दृष्टि से दिन बहुत अनुकूल है। किसी पुराने निवेश से लाभ हो सकता है। |
| **मिथुन** क्षेत्र से जुड़े जातकों के लिए दिन विशेष उपलब्धियों वाला हो सकता है। | **धनु** आज सतर्कता की विशेष आवश्यकता है। जो लोग व्यापार में नए प्रयोग करने जा रहे हैं। |
| **कर्क** प्रतिबद्धता तत्काल परिणाम दे सकती है। अधूरे कार्य पूर्ण होने से मानसिक संतुष्टि मिलेगी। | **मकर** आज दिन औसत रहेगा, परंतु छोटे-छोटे कार्यों से बड़ी संतुष्टि मिलेगी। साझेदारी में किया गया। |
| **सिंह** व्यस्तता से भरा रहेगा। नौकरी में आपको अपने कामों को लेकर अतिरिक्त सतर्क रहना होगा। | **कुंभ** आपकी प्रफेशनल ग्रोथ में सहायक होगी। व्यापार में स्थायित्व की ओर बढ़ने के संकेत हैं। |
| **कन्या** आज दिन सामान्य है और आपका दिन बातचीत व समर्पण से कई समस्याओं को सुलझाने वाला रहेगा। | **मीन** आज भाग्य साथ देगा। दिन करियर में ऊंचाई और व्यापार में प्रगति लेकर आ सकता है। |

## विशेष

### भारतीयों का उत्साह पर बेहतर कैसे हों

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जी-7 शिखर सम्मेलन 2025 के लिए कनाडा के कैलगरी दौरे को लेकर कनाडा में बसे भारतीय समुदाय में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला है। यह उत्साह इस शर्त के साथ है कि भारत और कनाडा के रिश्ते बेहतर हों। खबरों के मुताबिक कनाडा में रहने वाले अनेक लोगों ने इस दौरे के महत्व और भारत की प्रगति पर अपने विचार साझा किए हैं। ऐसे ही भारतीयों का कहना है कि पीएम मोदी का कैलगरी आना उनके लिए गर्व की बात है। कनाडा में रहते हुए भी उन्हें इस बात की खुशी है कि भारत को जी-7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। यह भारत की वैश्विक साख को दर्शाता है। अब सवाल यह है कि आखिर भारत और कनाड़ा के बिगड़े संबंध कैसे सुधरेंगे? ऐसी कौन-सी बात की जाए, जिससे कनाडा भारत के प्रति पूराना दोस्ताना रवैया पुनः अख्तियार कर ले और फिर दोनों प्रगति पथ पर साथ चलें।

### आफत विमानों पर आई या बात है कुछ और

अभी अहमदाबाद विमान हादसे का दर्द कम भी नहीं हुआ है कि हज यात्रियों से भरे विमान के पहियों से निकली चिंगारी और धुआं, लेकिन राहत की खबर यह रही कि बड़ा हादसा टल गया। यही नहीं हांगकांग से आ रहे विमान में बम की धमकी इससे पहले बद्रीनाथ में हेलिकॉप्टर क्रैश होना और भी जानकारियों विमान संबंधी निकल कर आ रही हैं। इसे देखते हुए कहा जा रहा है कि विमानों पर आफत आई हुई है। यहां हज यात्रियों को लेकर जेद्दा से लखनऊ पहुंचा विमान बड़े हादसे का शिकार होते-होते बचा है।

## कार्टून कोना




### आज का इतिहास

1756 नवाब सिराजुद्दौला ने पचास हजार सैनिकों के साथ कलकत्ता पर हमला किया. 1917 महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम में हृदयकुंज को अपना आवास बनाया. 1925 युद्ध में जहरीली गैसों के प्रयोग के निषेध पर देशों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए. 1928 आधुनिक उड़ीसा के निमार्ता पंडित गोपबंधु दास का निधन हुआ था. 1944 आइसलैंड स्वतंत्र गणराज्य बना. 1950 शिकागो के डाक्टर रिचर्ड लालर ने गुर्दे के प्रत्यारोपण का पहला सफल ऑपरेशन किया. 1967 चीन ने हाइड्रोजन बम का पहला विस्फोट किया. 1972 वाटरगेट इमारत स्थित डेमोक्रैटिक पार्टी के कार्यालय में जासूसों का उपकरण लगाते हुए पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया. 1991 दक्षिण अफ्रीका श्वेत बहुमत वाली संसद ने नस्ली वर्गीकरण संबंधी कानून को सम्मत किया.

## दैनिक पंचांग

**17 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | मिथुन | 05.06 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | कर्क | 07.24 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 09.40 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 11.52 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.03 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.17 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.33 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.38 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.25 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 23.58 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मेष | 01.28 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 03.08 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 168 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** षष्ठी 14.47 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** शतभिषा 01.02 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** विष्कुम्भ 09.34 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 14.47 बजे तदनन्तर विष्टि 02.15 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 20.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 23'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872378
**जूलियन दिन** 2460843.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 20

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ– शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

17-05-2025 Final_17-05-2025 Final.qxd 6/16/2025 11:41 PM Page 7





# गर्मी के मौसम में पहनने के लिए जरूर चुने ये स्टाइलिश फुटवियर पैरों को मिलेगी राहत

**गर्मी का मौसम में अधिकतर महिलाएं हल्के आउटफिट के साथ कंफर्टेबल फुटवियर पहनना पसंद करती हैं। अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से एक है, जो गर्मी के मौसम में एकदम कुल रहना चाहती हैं, तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको ऐसे स्टाइलिश फुटवियर डिजाइंस बताएंगे, जो न सिर्फ आपको मॉडर्न लुक देंगे, बल्कि इन फुटवियर को पहनकर आप कंफर्टेबल भी महसूस कर सकेंगी।**

अगर आप भी गर्मी के मौसम में पहनने के लिए खूबसूरत फुटवियर तलाश रही हैं, तो आपके लिए यह फुटवियर डिजाइन एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। आप इसे अपने एथेनिक वियर के साथ पेयर कर सकती है। यह फुटवियर आपके पैरों की खूबसूरती में भी चार चांद लगा सकता है। इस फुटवियर को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

## ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल

अगर आप अपने पैरों की खूबसूरती में चार चांद लगाना चाहती हैं, तो आपके लिए यह ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल फुटवियर भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इस फुटवियर को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। यह न सिर्फ आपके पैरों को खूबसूरत बनाएगी, बल्कि इसे पहनकर आप आरामदायक भी महसूस कर सकती हैं।

## स्ट्रैपी वेज हील्स

अगर आप गर्मी के मौसम में ऑफिस या किसी इवेंट में कंफर्टेबल फुटवियर पहन कर जाना चाहती हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आपके लिए यह स्ट्रैपी वेज हील्स फुटवियर भी बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। आप इसे ट्राई कर अपने पैरों की खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। यह फुटवियर आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा।

## टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स

गर्मी के मौसम में अगर आप भी स्टाइलिश फुटवियर की तलाश कर रही हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप यह खूबसूरत स्टाइलिश टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स फुटवियर ट्राई कर सकती है। इसे पहनकर आप न सिर्फ अपने लुक को कंप्लीट करेंगी, बल्कि यह आपको एलिगेंट टच भी दे सकता है। इस फुटवियर को आप ऑनलाइन या ऑफलाइन खरीद सकती हैं। इस फुटवियर को आप अपने ऑफिस या दोस्तों के साथ घूमने जाते वक्त भी पहन सकती हैं।



# महिलाएं सिर्फ घर नहीं संभालती लोन चुकाने से लेकर कंपनी चलाने तक इन कामों में पुरुषों से हैं आगे

**बदलते समय और समाज की सोच के साथ अब महिलाओं ने भी अपनी जिम्मेदारियों का दायरा बढ़ा लिया है। अब केवल महिलाएं घर की जिम्मेदारी नहीं संभालती, बल्कि लोन पेमेंट से लेकर कई बड़े काम भी करती हैं।**

हमेशा से महिलाओं को घर-गृहस्थी की जिम्मेदारियों को संभालने के लिए जाना जाता रहा है और अक्सर फाइनेंशियल और लीडरशिप की भूमिकाओं में उनकी भागीदारी को सीमित माना जाता रहा है। हालांकि, पिछले कुछ सालों में भारतीय महिलाओं में एक पॉजिटिव बदलाव देखने को मिला है। अब महिलाएं न केवल अपने घर को संभालती हैं, बल्कि फाइनेंस मैनेजमेंट की जिम्मेदारी भी उठा रही हैं। साथ ही, वे एंटरप्रेन्योरशिप, कॉरपोरेट लीडरशिप, बैंकिंग और पॉलिटिक्स जैसे दूसरे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी अपनी उत्कृष्टता साबित कर रही हैं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 5 सालों में भारत में लोन लेने वाली महिलाओं की संख्या 22 फीसदी की सालाना दर से बढ़ी है। महिलाओं ने 42 फीसदी पर्सनल लोन अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए लिया हुआ है। वहीं, 'फ्रॉम बॉरोवर्स टू बिल्डर्स' वीमन रोल इन इंडिया फाइनेंशियल ग्रोथ स्टोरी नाम की रिपोर्ट में बताया गया है कि 3 फीसदी महिलाओं ने बिजनेस लोन, 42 फीसदी महिलाओं ने पर्सनल लोन, कंज्यूमर लोन और होम लोन लिया है और 38 फीसदी महिलाओं ने गोल्ड गिरवी रखकर लोन लिया है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि महिलाएं अब क्रेडिट स्कोर काफी चेक करने लगी हैं और लोन लेने वाली महिलाओं में करीब 60 फीसदी महिलाएं कस्बों और ग्रामीण इलाकों से हैं।

## महिलाएं लोन डिफॉल्टर कम

साल 2023 में भारत में कुल लोन में 17 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई थी, जिसमें महिलाओं ने पुरुषों को पछाड़ दिया था। दिलचस्प बात यह है कि महिलाएं लोन चुकाने में ज्यादा भरोसेमंद साबित हुई हैं, क्योंकि केवल 3.4 फीसदी महिला एंटरप्रेन्योर्स लोन डिफॉल्टर रहीं, जबकि पुरुषों की डिफॉल्ट दर 4.6 फीसदी से अधिक रही।

## जीवन बीमा खरीदने में आगे

मैक्स लाइफ द्वारा किए गए एक सर्वे में पता चला था कि 79 फीसदी कामकाजी महिलाओं के पास जीवन बीमा पॉलिसी है, जबकि 76 फीसदी पुरुषों के पास पॉलिसी है। हमेशा से महिलाएं वित्तीय सुरक्षा के मामले में पुरुषों से बेहतर रही हैं।

## भारतीय महिलाएं परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैं

पॉलिसी बाजार के सर्वे के अनुसार, 2023-24 में 25 लाख रुपये से अधिक कवरेज वाली हेल्थ पॉलिसी खरीदने वाली महिलाओं की संख्या बढ़कर 24 फीसदी हो गई, जबकि 2022-23 में यह आंकड़ा 15 फीसदी था। वहीं, दूसरी तरफ 25 लाख रुपये से कम कवरेज वाली हेल्थ पॉलिसी लेने वाली महिलाओं की संख्या में कमी पाई गई है। इससे पता चलता है कि शहर में रहने वाली कामकाजी महिलाएं अपने परिवार को किसी भी परेशानी से बचाने के लिए ज्यादा सतर्क रहती हैं।

## स्टार्टअप्स में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी

महिलाओं द्वारा स्थापित स्टार्टअप्स के मामले में दिल्ली एनसीआर सबसे आगे है। अब तक करीब 2000 महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स को इन्वेस्टर्स मिल चुके हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, टेक्निकल सेक्टर्स में महिलाओं द्वारा स्थापित स्टार्टअप्स की हिस्सेदारी 18 फीसदी से अधिक है, जबकि फंडिंग स्टार्टअप्स में महिला एंटरप्रेन्योर्स की भागीदारी 14 फीसदी से ज्यादा है। वहीं, भारत में महिला एंटरप्रेन्योर्स द्वारा शुरू किए गए स्टार्टअप्स की संख्या 8,000 से अधिक हो चुकी है।

## MSMEs में बढ़ी महिला कर्मचारियों की भागीदारी

एक सर्वे से पता चला है कि महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने पुरुषों की तुलना में 11 फीसदी अधिक महिला कर्मचारियों को रोजगार दिए हैं। वुमेन लीडरशिप वाले स्त्रस्स्नह्य में नौकरी पाने वालों में से एक-तिहाई महिलाएं हैं। केवल रोजगार देने के मामले में महिला एंटरप्रेन्योर्स आगे नहीं हैं, बल्कि उनके द्वारा संचालित MSMEs की मंथली इनकम में भी 12% की वृद्धि दर्ज की गई है। यह



आंकड़ा दर्शाता है कि महिला एंटरप्रेन्योर्स न केवल आर्थिक रूप से आगे बढ़ रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी नए रोजगार के अवसर पैदा कर रही हैं।

## घर खरीदने में बढ़ी महिलाओं की भागीदारी

एनारॉक द्वारा जुलाई-दिसंबर 2023 के बीच किए गए सर्वे से पता चला कि 78 फीसदी भारतीय महिलाएं घर अपने रहने के लिए खरीदती हैं, जबकि केवल 22 फीसदी महिलाएं इसे इन्वेस्टमेंट के रूप में देखती हैं। वहीं, साल 2021 में हुआ सर्वे बताता है कि 74 फीसदी महिलाएं रहने के लिए घर खरीदी थीं, जबकि 26 फीसदी ने निवेश के रूप में लिया था। हालांकि, अब महिलाएं रियल एस्टेट में इन्वेस्ट करने में रुचि दिखा रही हैं और साल दर साल उनकी संख्या में वृद्धि देखने को मिल रही है।



# कुर्ता स्कर्ट नहीं अब ट्राई करें ये 4 लेटेस्ट शर्ट स्कर्ट ड्रेसेस, दिखेंगी खूबसूरत

**अगर आप अपने लुक को डिफरेंट और यूनिक बनाना चाहती हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। आप इन खूबसूरत शर्ट और स्कर्ट सेट को ट्राई कर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं। यह सभी ड्रेस आपके लुक को एलिगेंट टच देने में मदद करेगी। इन आउटफिट को पहनकर आप ना सिर्फ स्टाइलिश लुक क्रिएट करेंगी, बल्कि यह आउटफिट आपको कंफर्ट महसूस कराएगा।**

## पार्व बेज शर्ट स्कर्ट

अगर आप भी अपने लुक में कुछ बदलाव करना चाहती हैं और लेटेस्ट ट्रेंड को फॉलो करना चाहती हैं, तो फैशन की इस दुनिया में आप भी इस खूबसूरतपार्व बेज शर्ट स्कर्ट सेट को ट्राई कर अपने लुक को डिफरेंट और मॉडर्न बना सकती हैं। यह स्कर्ट और शर्ट की डिजाइन आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी और आपको यूनिक लुक देने में मदद भी करेगी। इन्हें आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

## कॉटन स्कर्ट के साथ हरी जूट शर्ट

अगर आप कुछ यूनिक और डिफरेंट ट्राई करने का सोच रही है, तो अब आपको ऑउटफिट को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। आप इस तरह की खूबसूरतकॉटन स्कर्ट के साथ हरी जूट शर्ट सेट को ट्राई कर सकती है। इस ड्रेस को आप किसी भी फंक्शन में पहनकर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं। यह आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह आसानी से मिल जाएगी।

## स्कर्ट के साथ लाइम ग्रीन प्रिंट शर्ट

यही नहीं अगर आप भीड़ से हटकर दिखना चाहती हैं और अपने लुक को गॉर्जियस बनाना चाहती हैं, तो अब आप इसस्कर्ट के साथ लाइम ग्रीन प्रिंट शर्टसेट को ट्राई कर अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं। इसे पहनकर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेगी। इस तरह का आउटफिट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकता है। इसके साथ आप एसेसरीज भी शामिल कर अपने लोग को कंप्लीट कर सकती हैं।

## लैवेंडर स्कर्ट विद शर्ट

आप चाहें तो इस तरह केलैवेंडर स्कर्ट विद शर्ट को भी ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप हसीना की तरह लगेंगी। इस ड्रेस में आपको देखकर आपके सभी दोस्त खुश हो जाएगा और आपकी तारीफ करने पर मजबूर हो जाएंगे। आप इस ड्रेस को बनवा सकती हैं या इसे ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप एक्सेसरीज और खूबसूरत हेयर स्टाइल बनाकर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।





# अल्फा फीमेल क्या होती है? कैसे होती हैं ये अलग ...क्या होती है इनकी खासियत

**आपने अल्फा मेल के बारे में तो खूब सुना होगा, लेकिन क्या आपने कभी अल्फा फीमेल के बारे में सुना है? अल्फा फीमेल अन्य महिलाओं के काफी अलग होती हैं। इनकी खासियत सुनकर आपको भी विश्वास नहीं होगा।**

हाल ही में एक्टर मनोज बाजपेई ने अपनी मां को अल्फा फीमेल कहा है। अब तक आपने अल्फा मेल के बारे में तो जरूर सुना होगा, लेकिन क्या आपने कभी अल्फा फीमेल के बारे में सुना है। अल्फा वुमन...अंग्रेजी में इस शब्द का इस्तेमाल सुपर वुमन के लिए किया जाता है। इस तरह की महिलाओं को इतना गुणवान माना जाता है, जिनकी तारीफें कितनी भी कर लो, कम ही है। अल्फा फीमेल बहुत ही खास होती हैं। इस तरह की महिलाएं दूसरों पर निर्भर नहीं रहतीं। अल्फा फीमेल स्मार्ट सोच वाली होती हैं और हमेशा आगे बढ़ने के बारे में सोचती हैं। आइए जानें, आखिर अल्फा फीमेल कैसे होती हैं? अल्फा फीमेल की खासियत क्या होती है?

## अल्फा फीमेल क्या होती है?

कई अध्ययनों ने अल्फा फीमेल शब्द को जन्म दिया है। ये महिलाएं अन्य महिलाओं की तुलना में काफी अलग होती हैं। इनमें सबसे अलग कुछ करने का जज्बा होता है। ऐसी महिलाएं बहुत ही तेज-तर्रार और आत्मविश्वासी होती हैं। इनके अंदर बहुत ज्यादा कॉन्फिडेंस होता है। इनके अंदर कुछ अलग खासियत होती है।

## बिना सहारे के बढ़ती हैं आगे

अल्फा फीमेल अपने आप में बहुत ही मजबूत होती हैं। उन्हें आगे बढ़ने के लिए किसी की भी जरूरत नहीं होती। अल्फा फीमेल अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को बहुत अच्छे से बैलेंस करना भी जानती हैं। ऐसी महिलाएं अपने हर रोल को बखूबी निभाना जानती हैं।

कूट-कूट के भरा होता है आत्मविश्वास

आत्मविश्वास के मामले में ये महिलाएं बहुत आगे होती हैं। इनमें आत्मविश्वास भर-भरकर होता है। अल्फा वुमन अपना हर काम बिना किसी सपोर्ट के भी पूरे आत्मविश्वास के साथ करती हैं।

## सकारात्मक सोच रखती हैं

अल्फा वुमन हर चीज को लेकर एक सकारात्मक सोच रखती है। हर कंडीशन में डटकर खड़े रहना इनकी खासियत होती है। इन्हें हार मानना जल्दी आता ही नहीं है।

## परिश्रमी से नहीं घबरातीं

अल्फा फीमेल की एक बड़ी खासियत है कि वह कभी भी परिश्रम से नहीं डरती। वह अपने हर काम को पूरी लगन के साथ करती है। इनके अंदर हर काम को लगन से करने की इच्छा होती है।

## मुंह पर बोलती हैं

अल्फा फीमेल को धोखेबाजी करनी नहीं आती। इनके दिल में जो होता है, वहीं इनके मुंह पर भी होता है। कई बार इनकी बातों से लोगों का दिल भी दुख जाता है, लेकिन ये सीधी बात करना ही जानती हैं। इनके दिल में कोई छल नहीं होता।



## पहले ही दिन 50 प्रतिशत से ज्यादा का फायदा, बाजार में उतरते ही शेयर ने मचाया धमाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक छोटी कंपनी सचीरोम लिमिटेड की बाजार में धमाकेदार शुरुआत हुई है। फ्रेग्रन्स और फ्लेवर्स बनाने वाली कंपनी सचीरोम लिमिटेड के शेयर 50 पर्सेंट या 51 रुपये के प्रीमियम के साथ 153 रुपये पर बाजार में लिस्ट हुए हैं। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 102 रुपये था। शानदार लिस्टिंग के बाद सचीरोम लिमिटेड के शेयरों में और तेजी देखने को मिली है। लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयर 4 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 159.90 रुपये पर पहुंच गए।

**ग्रे मार्केट के अनुमान को भी पीछे छोड़ा-** सचीरोम लिमिटेड के शेयरों की लिस्टिंग ने ग्रे मार्केट के अनुमान को भी पीछे छोड़ दिया है। शेयरों की लिस्टिंग से ठीक पहले सचीरोम लिमिटेड के शेयर ग्रे मार्केट में 24 रुपये के प्रीमियम के साथ 126 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। कंपनी के शेयर 23.53 पर्सेंट के प्रीमियम पर थे। सचीरोम लिमिटेड का आईपीओ दांव लगाने के लिए 9 जून 2025 को खुला था और यह 11 जून 2025 तक ओपन रहा। कंपनी के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 61.62 करोड़ रुपये तक का था। सचीरोम लिमिटेड के शेयर हृस्थ्र स्स्थ्र प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए हैं।

## अनिल अंबानी की कंपनी का शेयर बना रॉकेट, महीनेभर में 135 प्रतिशत रिटर्न

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी के रिलायंस समूह का एक पेनी स्टॉक ने कमाल का रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर में केवल एक महीने में 135 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई। इसी के साथ यह रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी अधिक प्रमुख समूह कंपनियों के लाभ से आगे निकल गया है। हम बात कर रहे हैं- रिलायंस होम फाइनेंस की। कंपनी के शेयर लगातार फोकस में हैं और 10 रुपये से नीचे कारोबार कर रहा है। बीते शुक्रवार को यह शेयर 7.69 रुपये पर बंद हुआ था। महीनेभर में यह शेयर करीबन 3 रुपये से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंच गया।

**इस तेजी की वजह क्या है-** कंपनी ने अभी तक कोई बड़ा बुनियादी बदलाव पब्लिकली घोषित नहीं किया है, लेकिन एनालिस्ट का सुझाव है कि सट्टा ब्याज, अल्पकालिक गति और कम आधार प्रभाव इस



तेजी को बढ़ावा दे सकते हैं। वर्तमान में, रिलायंस होम फाइनेंस का मार्केट कैप 372.63 करोड़ रुपये है। ट्रेंडलाइन डेटा के अनुसार, रिलायंस होम फाइनेंस के पास वर्तमान में स्थायित्व स्कोर नहीं है, जो दर्शाता है कि यह कमज़ोर या असंगत वित्तीय स्थिति के कारण पात्र नहीं है। मूल्यांकन स्कोर 33 पर है - जो अपने सेक्टर के साथियों के बीच मध्यम स्तर के मूल्यांकन का संकेत देता है। यह मूल्यांकन में छठे स्थान पर है, आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड जैसे बेहतर-ज्ञात नामों से पीछे है। तेज वृद्धि के बावजूद, विशेषज्ञों ने संकेत दिया है कि स्टॉक अब पी/ई सेल ज़ोन में है, जो लगभग 80 प्रतिशत समय अपने वर्तमान पी/ई अनुपात 15.3 से नीचे कारोबार कर रहा है। इसका मतलब है कि अधिकांश तत्काल उछाल पहले से ही मूल्यांकित हो सकता है।

**क्या निवेशकों को सावधान रहना चाहिए-** मुंबई स्थित एक विश्लेषक ने नाम न बताने की शर्त पर बिजनेस टुडे को बताया, यह रैली ठोस बुनियादी बातों की तुलना में बाजार की गति से अधिक प्रेरित लगती है। निवेशकों को सावधानी से कदम उठाना चाहिए। कंपनी ने हाल ही में कोई पुनर्गठन योजना, पूंजी निवेश या विनियामक सफलता की घोषणा नहीं की है जो दीर्घकालिक बुनियादी बातों का समर्थन करेगी। उद्योग पर्यवेक्षकों का मानना है कि जब तक ठोस व्यावसायिक विकास सामने नहीं आता, तब तक रैली कम हो सकती है।

# दुनिया का दूसरा सबसे अमीर बना बिना डिग्री वाला अरबपति लैरी एलिसन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सॉफ्टवेयर कंपनी ओरेकल के चेयरमैन लैरी एलिसन दुनिया के दूसरे सबसे धनी व्यक्ति बन गए हैं। शुक्रवार को उन्होंने मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस को पीछे छोड़ दिया। फोर्ब्स की शीर्ष अरबपतियों की सूची 2025 के मुताबिक, 80 वर्षीय लैरी की कुल संपत्ति 258.8 अरब डॉलर है। उनसे आगे अब सिर्फ टेस्ला के मालिक एलन मस्क (कुल संपत्ति 410.8 अरब डॉलर) हैं।

**एक महीने में नीचे आए-** जुकरबर्ग सूची में एलिसन से पिछड़ कर तीसरे पर पहुंच गए हैं, जिनकी कुल संपत्ति 235.7 अरब डॉलर है। इससे पहले अप्रैल में वह दूसरे नंबर पर थे। वहीं बेजोस भी 226.8 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ चौथे पायदान पर आ गए हैं।

**शेयर में उछाल का फायदा-** 12 जून 2025 को ओरेकल के शेयरों में 13 प्रतिशत की तेज़ी आई, जिससे सिर्फ एक दिन में एलिसन की



संपत्ति में 26 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। पिछले दो महीनों में उनकी कुल संपत्ति में 66.8 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई, जिसका श्रेय‌ढ्ढ और क्लाउड कंप्यूटिंग में ओरेकल की बढ़त को दिया जाता है।

**न्यूयार्क में पैदा हुए-** लॉरेंस जोसेफ एलिसन का जन्म 17 अगस्त 1944 को न्यूयॉर्क में हुआ था। इन्हें दुनिया लैरी एलिसन के नाम से जानती है, ओरेकल कॉर्पोरेशन के संस्थापक हैं और वर्तमान में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

### ओरेकल की स्थापना और सफलता

1977 में उन्होंने सिर्फ दो साझेदारों के साथ ओरेकल की शुरुआत की, जो आज दुनिया की सबसे बड़ी डेटाबेस सॉफ्टवेयर कंपनियों में से एक है। ओरेकल ने सन माइक्रोसिस्टम्स जैसी कंपनियों का अधिग्रहण करके और‌ढ्ढ टेक्नोलॉजी में निवेश करके अपनी ताकत बढ़ाई। हाल ही में अमेरिकी सरकार के प्रोजेक्ट स्टारगेट में ओरेकल की भूमिका ने उनकी संपत्ति में भारी उछाल लाया। ओरेकल में आज भी एलिसन 42.9 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं और कंपनी के चेयरमैन व मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी हैं।

### शुरुआती जीवन की संघर्ष भरी कहानी

लैरी को 9 महीने की उम्र में ही उनकी मां ने गोद दे दिया था, क्योंकि वे एक अविवाहित यहूदी महिला थीं। उनका पालन-पोषण शिकागो में रहने वाले रिश्तेदारों ने किया। कॉलेज की पढ़ाई बीच में छोड़कर उन्होंने कंप्यूटर प्रोग्रामिंग सीखी और एम्पेक्स कंपनी में नौकरी की। यहीं पर उन्होंने रिलेशनल डेटाबेस का कॉन्सेप्ट सीखा, जिसने ओरेकल की नींव रखी। उन्हें बिना डिग्री वाला अरबपति भी कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने कभी कोई फॉर्मल डिग्री पूरी नहीं की।

### बिल गेट्स टॉप-10 से बाहर

माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स सूची से बाहर हो गए हैं। वह 116.5 अरब डॉलर के साथ अमीरों की सूची में 12वें पायदान पर पहुंच गए हैं। वहीं, एनवीडिया के मालिक जेनसेन हुआंग फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर लिस्ट की ताजा रैंकिंग में टॉप-10 में एंट्री पा चुके हैं। 123.9 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ जेनसेन हुआंग 10वें नंबर पर हैं।

## भारत के एनएसई और साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज के बीच समझौता, निवेश-व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और साइप्रस के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक अहम कदम उठाया गया है। जिसके तहत भारत के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसके तहत दोनों देशों की कंपनियां एक दूसरे के स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हो सकेंगी। इससे दोनों देशों के बीच वित्तीय रिसर्च और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।



**समझौते से क्या होगा फायदा-** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने बताया कि इस समझौते से यूरोपीय कंपनियों के भारत के साथ जुड़ाव में इजाफा होगा और निवेश भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे दोनों देशों के रिश्तों में नए अध्याय की शुरुआत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 जून को साइप्रस दौरे पर रहे। उस दौरान उन्होंने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ बैठक की। इस बैठक में बैंकिंग, वित्तीय संस्थानों, विनिर्माण, रक्षा, रसद, समुद्री, शिपिंग, प्रौद्योगिकी और नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बात हुई।

**कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा-** साइप्रस की की निवेश फंड मैनेजर कंपनी ब्रह्र लिमिटेड ने बताया कि उन्होंने अपने फ्लैगशिप फंड में से 10 करोड़ डॉलर भारत में निवेश के लिए रखे हैं। इस पैसे को पब्लिक इक्विटीज, उभरती हुई तकनीक और मेक इन इंडिया पहल में निवेश किया जाएगा। बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज तेजी से आर्थिक विकास कर रहा है। और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक उड्डयन, बंदरगाह, जहाज निर्माण, डिजिटल भुगतान और हरित विकास क्षेत्रों में विकास ने साइप्रस की कंपनियों के लिए भारत के साथ साझेदारी करने के असंख्य अवसर खोले हैं।

## म्यूचुअल फंड निवेश में लखनऊ की बादशाहत, कानपुर, वाराणसी, आगरा और मेरठ भी कम नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कम समय में ज्यादा पैसा कमाने की चाह शहरियों में समय के साथ बढ़ती ही जा रही है। यही वजह है कि म्यूचुअल फंड में कानपुर का बंपर निवेश हो गया है, हालांकि यूपी में लखनऊ की बादशाहत बरकरार है। प्रदेश के अन्य महानगरों में भी




इसमें निवेश करने वालों का ग्राफ भी बढ़ा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी ) के आंकड़ों ने भी इसकी तस्दीक की है। यूपी से म्यूचुअल फंड में अब तक तीन लाख 35 हजार 301 करोड़ का निवेश हो चुका है। इसमें कानपुर के 36091 करोड़ शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश की बात करें तो म्यूचुअल फंड में सबसे अधिक पैसा लखनऊ वालों ने लगा रखा है। मई तक राजधानी से 49806 करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है। इस हिसाब से लखनऊ का योगदान 0.69 प्रतिशत है। दूसरे स्थान पर कानपुर रहा। देश के कुल म्यूचुअल फंड कारोबार में 0.50 प्रतिशत की भागीदारी कनपुरियों की रही।

# ईरान-इस्राइल युद्ध से वैश्विक व्यापार पर असर, 50 प्रतिशत बढ़ जाएगी माल ढुलाई लागत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इस्राइल युद्ध ने वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं को और बढ़ा दिया है। इससे न सिर्फ भारत के निर्यात समेत वैश्विक व्यापार पर असर पड़ रहा है, बल्कि हवाई और समुद्री माल ढुलाई दरों के साथ बीमा शुल्क में भी बढ़ोतरी का भी जोखिम है। निर्यातकों का कहना है कि इस युद्ध के कारण यूरोप और रूस जैसे देशों को भारत का निर्यात प्रभावित हो सकता है। अगर युद्ध लंबे समय तक चलता रहा, तो ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य एवं लाल सागर जैसे मार्गों के जरिये व्यापारिक जहाजों की आवाजाही प्रभावित होगी।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा, वैश्विक व्यापार की स्थिति धीरे-धीरे सुधर



रही थी, जो ईरान-इस्राइल तनाव बढ़ने से फिर से प्रभावित होगी। वहीं, मुंबई स्थित निर्यातक एवं टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज के संस्थापक अध्यक्ष एसके सराफ ने कहा, मालवाहक जहाज धीरे-धीरे लाल सागर के मार्गों पर लौट आए हैं। इससे भारत और एशिया के अन्य हिस्सों से अमेरिका एवं यूरोप जाने में 15-20 दिन की बचत हो रही है। इस युद्ध के कारण मालवाहन जहाज अब फिर से लाल सागर मार्ग का इस्तेमाल करने से बचेंगे।

सराफ ने आगे कहा, ईरान और इस्राइल के बीच युद्ध अगर एक सप्ताह से अधिक समय तक चलत रहा, तो माल ढुलाई की लागत करीब 50 फीसदी तक बढ़ जाएगी, जिसका बोझ व्यापारियों को उठाना पड़ेगा। भारत के व्यापार पर असर पड़ेगा, क्योंकि दोनों देश हमारे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं।

### युद्ध लंबा खिंचा तो भारत पर ऐसे पड़ेगा असर...दोनों मार्गों से 34 फीसदी निर्यात

यूरोप के साथ भारत का करीब 80 फीसदी वस्तु व्यापार लाल सागर के जरिये होता है। अमेरिका के साथ भी काफी व्यापार इसी मार्ग से होता है। लाल सागर और होर्मुज जलडमरूमध्य इन दोनों भौगोलिक क्षेत्रों के जरिये भारत कुल 34 फीसदी निर्यात करता है। लाल सागर मार्ग से दुनिया के 30 फीसदी कंटेनर गुजरते हैं, जबकि 12 फीसदी वैश्विक व्यापार इसी रास्ते हो होता है।

भारत ने इस्राइल को 2024-25 में कुल 2.1 अरब डॉलर का निर्यात किया था, जो 2023-24 के 4.5 अरब डॉलर से आधा है। ईरान को होने वाला निर्यात 2024-25 में 1.4 अरब डॉलर रहा। अगर युद्ध लंबे समय तक जारी रहता है, तो भारत से दोनों देशों को होने वाला निर्यात प्रभावित होगा।इसका असर कुल व्यापार पर पड़ेगा।

# निवेश मंत्रा: अस्थिरता और तनाव के बीच हाइब्रिड फंड बन रहे आकर्षक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुधार के बावजूद इक्विटी बाजारों में हालिया अस्थिरता और सोने की रिकॉर्ड कीमतों के कारण निवेशक हाइब्रिड म्यूचुअल फंड की ओर आकर्षित हो रहे हैं। एम्फी के आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में हाइब्रिड म्यूचुअल फंड में निवेशकों ने 14,247 करोड़ का शुद्ध निवेश किया, जबकि मार्च में 946 करोड़ की शुद्ध निकासी हुई थी। बाजार विशेषज्ञ हाइब्रिड म्यूचुअल फंड में वृद्धि का श्रेय बाजार की अनिश्चित स्थितियों को देते हैं। रूस-यूक्रेन संघर्ष बढ़ने के नए संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी टैरिफ को लेकर अस्पष्टता है। इस्राइल-ईरान तनाव पूरी दुनिया को चपेट में ले सकता है। ये कारक संभावित रूप से अस्थिरता का कारण बन सकते हैं, जो निवेशकों में मनोवैज्ञानिक भय पैदा करता है।इससे वे बाजार से बाहर निकल



जाते हैं।

**डेट, गोल्ड, रियल एस्टेट में निवेश बनाता है आकर्षक-** हाइब्रिड म्यूचुअल फंड इक्विटी, डेट, गोल्ड और रियल एस्टेट जैसी अन्य परिसंपत्ति वर्गों के संयोजन में निवेश करते हैं। इन संपत्तियों के बीच निवेश हाइब्रिड फंड के प्रकार के आधार पर अलग-अलग होता है। हाइब्रिड फंड एक पोर्टफोलियो में दो या उससे अधिक एसेट क्लास को मिलाते हैं, इसलिए वे बाजार में होने वाले सुधारों के प्रभाव को कम करते हुए विकास के अवसरों को भुनाने की कोशिश करते हैं।

**बड़े सूचकांकों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन-** हाइब्रिड फंड व्यापक इंडेक्सों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हैं क्योंकि परिसंपत्तियों का मिश्रण होता है। हाइब्रिड फंड मूल्यांकन और अन्य बाजार संकेतकों के आधार पर इक्विटी और डेट एक्सपोजर को समायोजित करते हैं। यह गतिशील दृष्टिकोण नकारात्मक जोखिम को कम करने में मदद करता है। यही कारण है कि निवेशक हाइब्रिड फंड को प्राथमिकता देते हैं।

### हाइब्रिड फंड की स्कीमें देती हैं अच्छा फायदा

हाइब्रिड फंड के हालिया प्रदर्शन पर नजर डालें तो निवेशकों की दिलचस्पी का कारण स्पष्ट है। निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड इस चार्ट में सबसे आगे हैं। इसके बैलेंस्ड एडवांटेज फंड ने पिछले तीन वर्षों में 13.55 फीसदी रिटर्न दिया है, जबकि निप्पॉन इंडिया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड ने इसी अवधि में 17.99 फीसदी रिटर्न दिया है। यह फंड सोने और चांदी जैसी कमोडिटी में भी निवेश करता है। कोटक म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल और एसबीआई म्यूचुअल फंड जैसे हाइब्रिड फंड ने भी इसी अवधि में निवेशकों को 10 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है। ये फंड भी सोने में निवेश करते हैं, इसलिए कीमतों में हाल ही में हुई बढ़ोतरी ने हाइब्रिड म्यूचुअल फंड के प्रदर्शन में मदद की है।

# 9 जुलाई से पहले हो जाएगा काम! भारत और अमेरिका के बीच बन गई बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापार समझौता होने वाला है। इसे अर्ली ट्रेंच कहा जा रहा है। मतलब, ये समझौते का शुरुआती हिस्सा है। दोनों देश मिलकर इस समझौते के नियम और शर्तों को तय करने में लगे हैं। उम्मीद है कि 9 जुलाई से पहले ये समझौता हो जाएगा। 9 जुलाई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कुछ चीजों पर लगने वाले टैक्स को हटाने वाले हैं।

टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक सरकार कुछ खास चीजों पर टैक्स में छूट देने को तैयार है। ये वो चीजें हैं जो अमेरिका भारत को बेचना चाहता है, जैसे कुछ कृषि उत्पाद और गाड़ियां। इसके बदले में भारत चाहता है कि अमेरिका कुछ चीजों पर सिर्फ 10 प्रतिशत टैक्स लगाए। ये वो चीजें हैं जो भारत बनाता है और दूसरे देशों को बेचता है, जैसे कपड़े, जूते और गाड़ियों के कुछ पार्ट्स। अभी अमेरिका में सरकार को व्यापार समझौते करने के लिए संसद की मंजूरी नहीं मिल रही है। इसलिए जीरो-ड्यूटी (मतलब कोई टैक्स नहीं) का नियम अभी लागू नहीं हो पाएगा। इसके लिए अमेरिका में हालात सामान्य होने का इंतजार करना होगा।

**भारत का क्या है प्लान-** भारत सरकार चाहती है कि जिन चीजों को भारत बनाता है, उन पर अमेरिका सिर्फ 10 प्रतिशत टैक्स




लगाए। इससे भारत के सामान की कीमत कम होगी और वो दूसरे देशों के मुकाबले ज्यादा बिकेंगे। अभी भारत कुछ चीजों पर 26 प्रतिशत तक टैक्स लगाता है। इसमें अमेरिका का 10 प्रतिशत टैक्स भी शामिल है। फिर भी, भारत के सामान दूसरे देशों के मुकाबले सस्ते पड़ते हैं।

भारत और अमेरिका के अधिकारियों ने 4 जून से 10 जून के बीच बातचीत की। इस बातचीत में कुछ और मुद्दों पर भी बात हुई। जैसे, खाने-पीने की चीजों और पौधों के लिए नियम और व्यापार में आने वाली तकनीकी दिक्कतें। भारत सरकार चाहती है कि अमेरिका में सामान बेचने वाले व्यापारियों को जो दिक्कतें आती हैं, उन्हें दूर किया जाए। इसके अलावा, डिजिटल व्यापार, कस्टम और व्यापार को आसान बनाने जैसे मुद्दों पर भी बात हुई।

**लिखित समझौता जरूरी-** सरकारी सूत्रों का कहना है कि भारत चाहता है कि समझौता होने से पहले उसका एक लिखित रूप तैयार हो जाए। ऐसा इसलिए जरूरी है क्योंकि अमेरिका की सरकार बिना लिखित समझौते के ही घोषणाएं कर देती है और फिर जीत का दावा करती है। चीन के अधिकारियों को भी ट्रंप के सोशल मीडिया पर किए गए दावों से परेशानी हुई थी। ब्रिटेन के साथ जो समझौता हुआ था, वो ज्यादा व्यवस्थित था।

**कई मुद्दों पर बात होनी बाकी-** कई मुद्दे हैं जिन पर अभी बात होनी बाकी है। जैसे, कुछ चीजों पर लगने वाले टैक्स को लेकर कोर्ट का फैसला। ट्रंप ने इसके लिए इमरजेंसी के नियम लागू किए थे। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए अर्ली ट्रेंच को फाइनल किया जाएगा। पहले ये समझौता सितंबर या अक्टूबर तक होने वाला था। भारत ये भी चाहता है कि अगर अमेरिकी कोर्ट टैक्स को गैरकानूनी घोषित कर दे, तो भी भारत को दूसरे देशों के मुकाबले फायदा मिले।

# स्पाइसजेट को 3 गुना मुनाफा, शेयर ऊंची उड़ान भरने के बाद जमीन पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोमवार की सुबह जब शेयर बाजार खुला तो स्पाइसजेट के शेयरों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। कंपनी के शेयर शुरुआती कारोबार में 5 प्रतिशत तक चढ़ गए। ये उछाल एकदम से हुआ, जबकि बाकी बाजार शांत था, लेकिन जब मार्केट चहकने लगा तो स्पाइसजेट के शेयर शुरुआती सारी बढ़त गंवाकर लाल निशान पर गए। सवा 11 बजे के करीब यह 43.79 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। सुबह की उछाल के पीछे की कहानी यह है कि शनिवार को स्पाइसजेट ने मार्च खत्म हुए तिमाही के नतीजे घोषित किए थे, जो बेहद शानदार रहे। कंपनी ने अपना अब तक का सबसे ऊंचा तिमाही मुनाफा दिखाया 324.87 करोड़ का। यह पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले लगभग तीन गुना ज्यादा था। ये उनकी लगातार दूसरी तिमाही थी जहां उन्होंने मुनाफा कमाया।

**सात साल में कंपनी का पहला सालाना मुनाफा-** साल भर का नजरिया डालें तो कहानी और भी दिलचस्प बनती है। पूरे साल में स्पाइसजेट ने 48 करोड़ का मुनाफा दर्ज किया। ये कोई मामूली बात नहीं है, क्योंकि ये पिछले सात सालों में कंपनी




का पहला सालाना मुनाफा था। कंपनी के मैनेजमेंट ने इसे अपनी टर्नअराउंड स्ट्रैटेजी की कामयाबी बताया।

उनका कहना था कि ये सब यील्ड बेहतर होने, पैसेंजर लोड फैक्टर ऊंचा रहने और लागत कम करने की वजह से मुमकिन हुआ। नतीजतन, कंपनी की कमाई भी पिछली तिमाही के मुकाबले बहुत बढ़ी। यह 209 करोड़ से सीधे 527 करोड़ पर पहुंच गई।

**कार्लाइल एविएशन के साथ डील अहम-** इसी के साथ, कंपनी ने कार्लाइल एविएशन के साथ हुए डील के बारे में भी अपडेट दिया। ये डील काफी अहम है, क्योंकि इसमें स्पाइसजेट ने अपने एयरक्राफ्ट लीज के कर्ज को रीस्ट्रक्चर करने का रास्ता निकाला है, जो करीब 121 मिलियन डॉलर (लगभग 1,000 करोड़) का था।

17-05-2025 Final_17-05-2025 Final.qxd 6/16/2025 11:41 PM Page 9





# यशस्वी जायसवाल के पास इतिहास रचने का मौका

## इंडिया-इंग्लैंडः राहुल द्रविड़-वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड तोड़ने के करीब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्टार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराने और वीरेंद्र सहवाग और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ने के कगार पर हैं। टेस्ट क्रिकेट में 2023 में डेब्यू के बाद से ही यह युवा खिलाड़ी ने अपनी छाप छोड़ी है। उन्हें पहले से ही दुनिया के बेहतरीन युवा खिलाड़ियों में गिना जाता है। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज रिकॉर्ड बुक में अपना नाम और दर्ज करा सकता है। उसके पास टेस्ट में सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले भारतीय बनने का सुनहरा मौका है।

### जायसवाल ने 52.88 के औसत से 1798 रन बनाए

जायसवाल ने फिलहाल 19 मैच की 36 पारियों में 52.88 के औसत से 1798 रन बनाए हैं। इसमें उनके नाम चार शतक और दस अर्द्धशतक हैं। अगर वह अगली तीन पारियों में 2000 रन का आंकड़ा पूरा करने में सफल हो जाते हैं, तो वह टेस्ट में भारत के लिए सबसे तेज 2000 रन बनाने के मामले में राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ सकते हैं। द्रविड़ और सहवाग दोनों ने 40 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। ऐसे में जायसवाल के पास इंग्लैंड में आगामी सीरीज में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने का शानदार मौका होगा।

### इंग्लैंड में ओपनिंग करने की चुनौती आसान नहीं

यशस्वी जायसवाल के लिए इंग्लैंड की परिस्थितियों में ओपनिंग करने की चुनौती आसान नहीं होगी। दौरे की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अभ्यास मैच में चार पारियों में उन्होंने सिर्फ एक अर्धशतक बनाया। जायसवाल के साथ केएल राहुल पारी की शुरुआत कर सकते हैं, जिन्होंने दौरे की शुरुआत इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शतक के साथ की थी और इंट्रा-स्क्वाड मैच में भी अर्धशतक बनाया था।

### विदेशी में जायसवाल का प्रदर्शन अच्छा

विदेशी में जायसवाल का प्रदर्शन अच्छा रहा है। वह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में 10 पारियों में 43.44 की औसत से 1 शतक और 2 अर्द्धशतक की मदद से 391 रन बनाकर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। भारतीय टीम उम्मीद करेगी कि वह अपना फॉर्म जारी रखें और इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करें।

# 'प्रमुख भारतीय क्रिकेटर ने मुझे संन्यास लेने को कहा', करुण नायर के खुलासे ने मचाई सनसनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली के रिटायरमेंट के बाद इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम में करुण नायर की 7 साल बाद वापसी हुई। भारत-इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट मैच से पहले करुण नायर ने सनसनीखेज खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि भारत के एक प्रमुख क्रिकेटर ने उन्हें संन्यास लेने की सलाह दी थी। 2022 के घरेलू सत्र के बाद नायर को कर्नाटक ने सभी प्रारूपों से बाहर कर दिया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने नॉर्थम्पटनशायर के साथ काउंटी चैंपियनशिप अनुबंध से वापसी करने से पहले लगभग 14 महीने तक कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला। नायर ने खुलासा किया कि इस दौरान एक प्रमुख भारतीय क्रिकेटर ने उन्हें सलाह दी कि टी20 लीग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए संन्यास लेने से उन्हें फाइनेंसियल सिक्योरिटी मिलेगी। नायर ने डेली मेल को दिए इंटरव्यू में बताया, मुझे अभी भी याद है कि एक प्रमुख भारतीय क्रिकेटर ने मुझे फोन करके कहा था कि तुम्हें संन्यास ले लेना चाहिए क्योंकि इन लीग में मिलने वाला पैसा मुझे सुरक्षित रखेगा। ऐसा करना आसान होता, लेकिन मुझे पता था कि पैसे की परवाह किए बिना, मैं इतनी आसानी से हार मानने के लिए खुद को कोसता। मैं फिर से भारत के लिए खेलने की कोशिश कभी नहीं छोड़ता। यह सिर्फ दो साल पहले की बात है और देखिए हम अब कहां हैं। यह पागलपन है, लेकिन अंदर से मुझे पता था कि मैं काफी बेहतर हूं।हाल ही में कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया ए के मैच में शानदार प्रदर्शन करने के बाद नायर ने फिर से भारतीय टेस्ट टीम की प्लेइंग 11 में जगह बनाने के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया है। नायर ने लायंस के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा। यह इस साल उनका 5वां प्रथम श्रेणी शतक था।विदर्भ को रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने में करुण नायर ने अहम योगदान निभाया। नॉकआउट में उन्होंने 3 शतक लगाए। भारत के लिए 2016-17 के बीच छह टेस्ट मैचों में खेलने वाले नायर ने 374 रन बनाए। इसमें नौ साल पहले चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 303 रन की रिकॉर्ड तोड़ पारी भी शामिल है।

# खेल और सचिन के सहारे दंतेवाड़ा से दूर होगा नक्सलवाद, नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बनेंगे 50 खेल मैदान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 13 विभिन्न खेलों की सुविधाओं के साथ 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं जिनमें रनिंग ट्रैक, गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का फेंक, लंबी कूद, वॉल क्लाइंबिंग शामिल हैं। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर ऐसी अनोखी पहले शुरू की है, जिससे छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा पर लगा नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र का ठप्पा जल्द बीते दिनों की बात होगी। स्थानीय प्रशासन ने सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के साथ मिलकर मैदान कप की शुरुआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत के मुताबिक इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक 50 मैदान के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। बीते वर्ष राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था। दुदावत ने बताया कि इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था। उन्होंने कहा, इसी तर्ज पर हमने सचिन फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के सहयोग से युवाओं को खेल के मैदान उपलब्ध कराने के लिए मैदान कप शुरू करने का फैसला किया।

# वीवीएस लक्ष्मण नहीं तो कौन!



## हेड कोच पर चौंकाने वाला खुलासा, सामने आया पूरा सच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इन दिनों इंग्लैंड में मौजूद हैं, जो चर्चा का विषय बना हुआ है. दरअसल, टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर टेस्ट सीरीज के शुरू होने से पहले अपने घर वापस लौट आए हैं. उनकी मां नई दिल्ली के अस्पताल में भर्ती हैं. ऐसे में कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वीवीएस लक्ष्मण को बतौर हेड कोच टीम इंडिया के साथ जुड़ा जा सकता है. लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है. यह खबर क्रिकेट प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बन गई है. लेकिन वीवीएस लक्ष्मण को लेकर अब एक बड़ा अपडेट सामने आया है.

### टीम इंडिया के हेड कोच पर बड़ा खुलासा

एक रिपोर्ट के मुताबिक, वीवीएस लक्ष्मण इंग्लैंड में हैं, लेकिन भारतीय टीम के आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए उनकी कोई औपचारिक नियुक्ति नहीं हुई है. हालांकि यह साफ नहीं है कि लक्ष्मण इंग्लैंड में किस उद्देश्य से गए हैं, लेकिन माना जा रहा है कि यह उनकी व्यक्तिगत यात्रा या क्रिकेट से संबंधित किसी दूसरी गतिविधि से जुड़ा हो सकता है. लक्ष्मण, जो वर्तमान में नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के हेड हैं, वह कई बार टीम इंडिया के अंतरिम कोच के रूप में काम कर चुके हैं, लेकिन इस बार ऐसा मुश्किल माना जा रहा है. बीसीसीआई के एक सूत्र ने क्रिकबज को बताया, 'लक्ष्मण किसी अन्य उद्देश्य से इंग्लैंड गए हैं, भारतीय टीम के साथ किसी असाइनमेंट पर नहीं. वह लुसाने से लंदन गए हैं. एक दूसरे सूत्र ने कहा, 'लक्ष्य इंग्लैंड में जीतना है, और हो सकता है कि उन्होंने यहां मौजूद कोचों और चयनकर्ताओं से बात की हो, और शायद इंट्रा-स्क्वॉड गेम में भी शामिल हुए हों. लेकिन इस टीम के साथ उनकी कोई आधिकारिक भूमिका नहीं है.' वहीं, एक सूत्र ने कहा, 'वह स्विटजरलैंड गए और लंदन में बस लड़कों के साथ समय बिताने के लिए रुके. यह हमेशा उनकी योजना का हिस्सा था.'

### गौतम गंभीर की जल्द होगी वापसी

दोनों टीमों के बीच इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा. क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, गंभीर इस मुकाबले से पहले इंग्लैंड लौट सकते हैं. गंभीर के एक करीबी सूत्र ने क्रिकबज को बताया, 'वह निश्चित रूप से पहले टेस्ट से पहले टीम से जुड़ जाएंगे. उन्होंने अपनी मां की हालत के बारे में डॉक्टरों से सलाह ली है.

# बड़े-बड़े क्रिकेटरों से नहीं, तमिलनाडु के अपने साथी खिलाड़ी प्रेरित हैं साई सुदर्शन

**बेकेनहैम (यूके), एजेंसी।** लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट से पूर्व भारत के उभरते हुए बल्लेबाज साई सुदर्शन ने बताया कि कैसे तमिलनाडु के ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर उनके लिए प्रेरणा रहे हैं जिन्होंने उन्हें आगे बढ़ने और भारतीय टीम की जर्सी पहनने के लिए प्रेरित किया। 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट 23 वर्षीय सुदर्शन के टेस्ट करियर की शुरुआत कर सकता है जिन्होंने अब तक तीन वनडे और एक टी20आई में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका में दो वनडे अर्धशतक शामिल हैं। हाल ही में उन्होंने गुजरात टाइटन्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान सबसे अधिक रनों के लिए ऑरेंज कैप और इमर्जिंग प्लेयर का पुरस्कार जीता जिसमें उन्होंने 16 पारियों में एक शतक और छह अर्धशतकों के साथ 759 रन बनाए। सुदर्शन घरेलू क्रिकेट में सुंदर से जूनियर हैं, इस ऑलराउंडर ने 2016 में 17 साल की उम्र में अपना प्रथम श्रेणी डेब्यू किया था। सुदर्शन ने छह साल बाद 21 साल की उम्र में डेब्यू किया। आईपीएल स्टार बनने से पहले सुदर्शन ने तमिलनाडु प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन किया, जहां वह 30 पारियों में 56.65 की औसत, एक शतक और 13 अर्द्धशतक के साथ 1,303 रन बनाकर शीर्ष रन बनाने वालों में 10वें नंबर पर हैं। 2017 में एक किशोर के रूप में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले और 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार ब्रिस्बेन टेस्ट के दौरान टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सुंदर को आदर्श मानने के बारे में बात करते हुए सुदर्शन ने कहा कि 25 वर्षीय सुंदर की त्वरित प्रगति ने उनके लिए प्रेरणा और प्रेरक का काम किया। आधिकारिक वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में सुदर्शन ने कहा, जब मैं छोटा था, तब से ही वह मेरी प्रेरणा रहे हैं। मैंने उनके खिलाफ कुछ मैच खेले हैं, इसलिए यह हमेशा खास होता है। ईमानदारी से कहूं तो हमने उनसे बहुत प्रेरणा ली है। मैंने एक या दो बार (सुंदर के खिलाफ) अभ्यास किया है, जिस तरह से वह आगे बढ़े और जिस तरह से उन्होंने देश के लिए खेला, वह वाकई बहुत तेज था, इसलिए मैंने इसे अपने दिमाग में रखा।



## 5वां केयर्न्स कप शतरंज

# फिर जीती हंपी और हरिका



**सेंट लुइस,यूएसए, एजेंसी।** में चल रही दुनिया की सबसे मज़बूत महिला प्रतियोगिताओं में से एक केयर्न्स कप के चौथे राउंड में भारत की दोनों महिला खिलाड़ी विश्व रैपिड चैम्पियन कोनेरु हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली नें एक बार फिर से जीत दर्ज करते हुए खुद को पुनः सयुंक्त बढ़त में शामिल कर लिया है। हम्पी नें सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए कजक्स्तिान की बीबीसारा के खिलाफ सेमी स्लाव ओपनिंग में शुरुआत से दबाव बनाया और मात्र 35 चालों में अपनी जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ हम्पी लाइव रैंकिंग में एक बार फिर 2550 के पार पहुँच गयी है। हरिका द्रोणावल्ली की दूसरी जीत जॉर्जिया की नंबर एक खिलाड़ी नाना दगनिडजे के खिलाफ आई और उन्होने काले मोहरो से खेलते हुए कुईं पान ओपनिंग में हाथी और ऊंट के एंडगेम में 47 चालों में जीत दर्ज की।

# दो बच्चों की मां मारिया क्वींस क्लब टेनिस चैंपियन; डुप्लांटिस ने अपना विश्व रिकॉर्ड फिर तोड़ा

**लंदन, एजेंसी।** विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकीं विश्व नंबर 86 मारिया का इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में पूर्व विंबलडन विजेता चौथी वरीय एलीना रिबाकीना, तीसरे दौर में छठी वरीय कैरोलिन मुचोवा को पराजित किया। दो बच्चों की मां और बतौर क्वालिफायर टूर्नामेंट में खेलने वाली जर्मनी की 37 वर्षीय तात्याना मारिया ने प्रेरणा दायक प्रदर्शन करते हुए क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। उन्होंने फाइनल में अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा को 6-3, 6-4 से पराजित किया। उन्होंने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता अमेरिका की मेडिसन कीज को 6-3, 7-6 से हराया था। मारिया बीते पांच वर्ष में किसी टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। इससे पहले 2020 में सेरेना विलियम्स ने 38 वर्ष की उम्र में ऑकलैंड क्लासिक का खिताब जीता था। विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकीं विश्व नंबर 86 मारिया का इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में पूर्व विंबलडन विजेता चौथी वरीय एलीना रिबाकीना, तीसरे दौर में छठी वरीय कैरोलिन मुचोवा को पराजित किया। मारिया ने कहा कि वह इस खेल से प्यार करती हैं। वह इन क्षणों के लिए ही जी रही हैं। एनिसिमोवा ने कहा कि उनका परिवार बहुत प्यारा है। वह उनके बच्चों को हर जगह आते देखती हैं।



# महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 का पूरा शेड्यूल जारी



## टूर्नामेंट दो देशों के पांच प्रमुख स्थानों पर आयोजित किया जाएगा

| | |
|---|---|
| मंगलवार, 30 सितंबर – भारत बनाम श्रीलंका – बेंगलुरु | बुधवार, 15 अक्टूबर – इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान – कोलंबो |
| बुधवार, 1 अक्टूबर – ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड – इंदौर | गुरुवार, 16 अक्टूबर – ऑस्ट्रेलिया बनाम बांग्लादेश – विजाग |
| गुरुवार, 2 अक्टूबर – बांग्लादेश बनाम पाकिस्तान – कोलंबो | शुक्रवार, 17 अक्टूबर – दक्षिण अफ्रीका बनाम श्रीलंका – कोलंबो |
| शुक्रवार, 3 अक्टूबर – इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका – बेंगलुरु | शनिवार, 18 अक्टूबर – न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान – कोलंबो |
| शनिवार, 4 अक्टूबर – ऑस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका – कोलंबो | रविवार, 19 अक्टूबर– भारत बनाम इंग्लैंड – इंदौर |
| रविवार, 5 अक्टूबर – भारत बनाम पाकिस्तान – कोलंबो | सोमवार, 20 अक्टूबर – श्रीलंका बनाम बांग्लादेश – कोलंबो |
| सोमवार, 6 अक्टूबर – न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका – इंदौर | मंगलवार, 21 अक्टूबर – दक्षिण अफ्रीका बनाम पाकिस्तान – कोलंबो |
| मंगलवार, 7 अक्टूबर – इंग्लैंड बनाम बांग्लादेश – गुवाहाटी | बुधवार, 22 अक्टूबर – ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड – इंदौर |
| बुधवार, 8 अक्टूबर – ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान – कोलंबो | गुरुवार, 23 अक्टूबर – भारत बनाम न्यूजीलैंड – गुवाहाटी |
| गुरुवार, 9 अक्टूबर – भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका – विजाग | शुक्रवार, 24 अक्टूबर – पाकिस्तान बनाम श्रीलंका – कोलंबो |
| शुक्रवार, 10 अक्टूबर – न्यूजीलैंड बनाम बांग्लादेश – विजाग | शनिवार, 25 अक्टूबर – ऑस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका – इंदौर |
| शनिवार, 11 अक्टूबर – इंग्लैंड बनाम श्रीलंका – गुवाहाटी | रविवार, 26 अक्टूबर – इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड – गुवाहाटी |
| रविवार, 12 अक्टूबर – भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया – विजाग | रविवार, 26 अक्टूबर – भारत बनाम बांग्लादेश – बेंगलुरु |
| सोमवार, 13 अक्टूबर – दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश – विजाग | बुधवार, 29 अक्टूबर – सेमीफाइनल 1 – गुवाहाटी/कोलंबो |
| मंगलवार, 14 अक्टूबर – न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका – कोलंबो | गुरुवार, 30 अक्टूबर – सेमीफाइनल 2 – बेंगलुरु |

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। महिला विश्व कप 30 सितंबर से शुरू होगा जिसमें मेजबान भारत श्रीलंका से पहला मुकाबला बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलेगा। आठ टीमों का यह टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप का होगा जिसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। हुप्रतीक्षित फाइनल 2 नवंबर खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया अपना अभियान 1 अक्टूबर को इंदौर के होलकर क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू करेगा। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण पाकिस्तान अपने सभी मैच कोलंबो, श्रीलंका में खेलेगा जो बीसीसीआई और पीसीबी द्वारा सहमत हाइब्रिड होस्टिंग मॉडल के तहत होगा। ऐसे में भारत सहित पाकिस्तान के साथ खेलने वाली टीमें कोलंबो जाएंगी, जो एक तटस्थ स्थल है। कोलंबो में 5 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का सबसे प्रतीक्षित मुकाबला 5 अक्टूबर को खेला जाएगा।

17-05-2025 Final_17-05-2025 Final.qxd 6/16/2025 11:42 PM Page 10



### अनुराग बसु की वजह से

# बदला अभिनय को लेकर मेरा नजरियाः फातिमा सना



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस फातिमा सना शेख मेट्रो... इन दिनों की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने निर्देशक अनुराग बसु के साथ काम करने के अनुभव को आईएएनएस के संग साझा किया। बताया कि उन्हें इस बार पहले से ज्यादा आरामदायक और सहज महसूस हुआ। बता दें कि फातिमा ने इससे पहले अनुराग की फिल्म लूडो में साथ में काम किया था, जो महामारी के बीच रिलीज हुई थी। फातिमा ने खास बातचीत में बताया कि उस समय वह एक्टर के तौर पर असुरक्षित महसूस कर रही थीं। लेकिन जब वह सेट पर पहुंचीं, तो सब बदल गया। अनुराग बसु के काम करने के तरीके से वो काफी रिलैक्स रहीं। फातिमा ने कहा, जब आप उनके काम करने के तरीके के सामने खुद को पूरी तरह छोड़ देते हो, तो आप बेफिक्र महसूस करते हो। आप ज्यादा सोचते नहीं, बल्कि अपने अंदर की आवाज पर भरोसा करते हो। यही मैंने महसूस किया। मुझे लूडो करते वक्त समझ आया कि मुझे क्या करना है। उस वक्त मैं एक्टर के तौर पर असुरक्षित महसूस कर रही थी, लेकिन सेट पर पहुंचकर सब बदल गया। अनुराग ने मुझसे कहा, अपने आप पर शक करना बंद करो। जो तुम कर रही हो वह सही है। उन्होंने आगे कहा, जब ऐसी बात अनुराग बसु जैसे बड़े निर्देशक की ओर से आती है, तो यह बड़ी बात होती है। उन्हें शायद पता नहीं कि उनके शब्दों का कितना असर होता है। मेरे जैसे नए एक्टर के लिए ये बात मेरे काम करने के तरीके को पूरी तरह बदल गई।

### इस बात ने मेरी बहुत मदद की

फातिमा ने कहा, इस बात ने मेरी बहुत मदद की। मुझे लगता है कि मैं लूडो की तुलना में थोड़ा बेहतर एक्ट्रेस बन गई हूं। इसलिए इस बार काम करना मेरे लिए ज्यादा आसान था। उस वक्त भी काम आसान था, क्योंकि मैं पूरी तरह खुद को समर्पित कर चुकी थी। लेकिन इस बार मुझे लगता है कि मेरे पास अपने अभिनय पर थोड़ा ज़्यादा नियंत्रण है। मेट्रो... इन दिनों फिल्म को गुलशन कुमार और टी-सीरीज ने पेश किया है। यह फिल्म अनुराग बसु प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर बनाई गई है। इस फिल्म के निर्माता भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, अनुराग बसु, और तानी बसु हैं।

# मुझे पसंद है आशुतोष का काम, वह हर किरदार को लगन और प्रतिभा के साथ निभाते हैंः रेणुका शहाणे



**अभिनेत्री** और फिल्म निर्माता-निर्देशक रेणुका शहाणे नई स्क्रिप्ट पर काम कर रही हैं और इसकी जानकारी उन्होंने खुद दी। अभिनेत्री ने यह भी बताया कि वह अभिनेता, पति आशुतोष राणा की फैन हैं। शहाणे का मानना है कि वह लगन के साथ काम करते हैं, जिसे देखकर उन्हें गर्व होता है। रेणुका ने कहा, मैं एक स्क्रिप्ट लिख रही हूं। उम्मीद है, एक दिन मैं कैमरे के पीछे और आशुतोष उसके सामने होंगे। रेणुका ने हालिया फिल्म 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में आशुतोष के निभाए किरदार की तारीफ की।

राणा ने चंद बरदाई की भूमिका निभाई थी। रेणुका ने उनकी एक्टिंग को सराहते हुए कहा, मुझे आशुतोष का काम पसंद है। वह एक गजब के अभिनेता और व्यक्तित्व हैं। वह हर किरदार को पूरी लगन और प्रतिभा के साथ निभाते हैं। मुझे उनकी एक्टिंग देखना हमेशा अच्छा लगता है। उनकी पत्नी होने के नाते मैं बहुत गर्व महसूस करती हूं। उन्होंने कहा कि चंद बरदाई का किरदार एक कथावाचक की तरह है, जो कहानी का हिस्सा होने के बजाय उसे बयां करता है। रेणुका को उनका लुक और अभिनय बहुत पसंद आया। आशुतोष ने भी एक हालिया इंटरव्यू में बताया था कि वह रेणुका के साथ ऑन-स्क्रीन काम करना चाहते हैं, लेकिन खास तौर पर उनके निर्देशन में। 'संघर्ष' फेम अभिनेता ने कहा था, अब तक लोग हमें केवल पति-पत्नी के रूप में देखते आए हैं। मैं चाहता हूं कि रेणुका मुझे निर्देशित करें, क्योंकि वह एक शानदार अभिनेत्री, लेखिका और निर्देशक हैं। मैं उनके निर्देशन में अभिनय करने के लिए उत्सुक हूं। रेणुका के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनके निर्देशन में तैयार मराठी एनिमेटेड शॉर्ट फिल्म 'लूप लाइन' का न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में 21 जून को प्रीमियर होगा। यह फिल्म पारंपरिक, पितृसत्तात्मक परिवारों में भारतीय गृहिणियों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और उपेक्षा को दिखाती है।



# खेलने कूदने की उम्र से ही नोट छाप रही हैं Shweta

श्वेता तिवारी टीवी की इन अदाकाराओं में से एक हैं जो कि बहुत कम उम्र से ही इंडस्ट्री में काम कर रही हैं. आपको जानकर हैरानी होगी कि श्वेता तिवारी 12 साल की उम्र से काम करने लग गई थीं.

श्वेता तिवारी टीवी की उन अदाकाराओं में से एक हैं जो सालों से टीवी की दुनिय पर राज कर रही हैं. एक समय था जब टीवी की दुनिया पर श्वेता तिवारी यानी प्रेरणा के नाम का सिक्का चलता था. आपको जानकर हैरानी होगी कि सीरियल में काम करना श्वेता तिवारी की पहली जॉब नहीं थी. एक्टर बनने से पहले श्वेता तिवारी नौकरी भी कर चुकी हैं. इस बात का खुलासा खुद श्वेता तिवारी ने ही किया है. श्वेता तिवारी ने एक इंटरव्यू में ये खुलासा किया है. चलिए जानते हैं कि श्वेता तिवारी की पहली नौकरी क्या थी और उनको पहली बार कितनी सैलेरी मिली थी.

**12 साल की उम्र में ये काम करती थीं श्वेता तिवारीः** श्वेता तिवारी ने बात करते हुए बताया, 12 साल की उम्र में मैंने पहली नौकरी की थी. मैं पढ़ाई के साथ साथ काम भी किया करती थी. मैंने कमाना शुरू किया ताकि मैं अपनी मर्जी से खर्चा कर सकूं. मेरी मां मुझे खर्चा करने से बहुत रोका करती थी.

**ये थी श्वेता तिवारी की पहली कमाईः** श्वेता तिवारी ने बताया कि मेरी पहली सैलेरी 500 रुपए थी. इन रुपयों से मैं अपनी ट्यूशन की फीस भरती थी. अपने लिए कपड़े लेती थी और बाकी जरुरतें पूरी करती थी. उस समय मेरी मां भी काम करती थी लेकिन हमारे खर्चे पूरे नहीं हो पाते थे.

**कम उम्र में श्वेता तिवारी को मिला बड़ा चांसः** भले ही अब श्वेता तिवारी 44 साल की हो चुकी हैं लेकिन एक टाइम था जब उनको कच्ची उम्र में बड़ा चांस मिला था. श्वेता तिवारी ने कम उम्र में ही सीरियल्स के लिए ऑडिशन देने शुरू कर दिए थे. जिसका नतीजा ये निकला कि श्वेता तिवारी को छोटे पर्दे पर काम मिलने लग गया.

**रातों रात टीवी स्टार बनीं श्वेता तिवारीः** एक जमाना था जब एकता कपूर ने सीरियल कसौटी जिंदगी के में श्वेता तिवारी को लेकर धमाल मचा दिया था. इस टीवी शो के जरिए श्वेता तिवारी ने सालों साल तक टीवी की दुनिया पर राज किया है. लोग आज भी श्वेता तिवारी को प्रेरणा के नाम से बुलाना पसंद करते हैं.

**आज लोगों के दिलों पर राज करती हैं श्वेता तिवारीः** लोग दुआ करते हैं कि उनके पास भी श्वेता तिवारी के जैसी एक गर्लफ्रेंड हो जिसकी फिगर इतनी बरदस्त है. हाल ये है कि अब तो लोगों ने श्वेता तिवारी को संतूर मॉम कहकर बुलाना शुरू कर दिया है. श्वेता तिवारी की अदाओं पर तो यंगस्टर्स भी फिदा हैं.

**सोशल मीडिया पर चलता है श्वेता तिवारी के नाम का सिक्काः** हाल ये है कि टीवी से दूरी बनाने के बाद भी सोशल मीडिया पर श्वेता तिवारी के नाम का सिक्का चलता है. समय के साथ श्वेता तिवारी के चाहने वाले बढ़ते चले जा रहे हैं. श्वेता तिवारी की एक एक पोस्ट पर लोग कमेंट और लाइक्स की बरसात कर देते हैं.



# कांतारा 2 की शूटिंग के दौरान बड़ा हादसा

### ऋषभ शेट्टी समेत बचाए गए 30 क्रू मेंबर

कांतारा 2 की शूटिंग के दौरान एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। शूटिंग के दौरान क्रू मेंबर्स की नाव पलट गई। ऋषभ शेट्टी समेत 30 क्रू मेंबर को बचा लिया गया है। ऋषभ शेट्टी की कन्नड़ फिल्म कंतारा 2 की शूटिंग के दौरान लगातार समस्याएं आ रही हैं।

अब फिल्म की शूटिंग के दौरान एक नाव पलट गई। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हादसे में अभिनेता-निर्देशक ऋषभ शेट्टी और 30 क्रू सदस्य सुरक्षित बच गए है। पुलिस ने ये जानकारी दी है। उनके मुताबिक यह घटना शिवमोगा जिले के मस्ती कट्टे क्षेत्र में मणि जलाशय में फिल्मांकन के दौरान हुई।

**कैमरे और मशीनें पानी में डूबीं**

बताया जा रहा है कि कैमरे और दूसरी मशीने पानी में डूब गई हैं। नुकसान का आकलन अभी किया जाना बाकी है। मौके पर पहुंची तीर्थहल्ली पुलिस के मुताबिक नाव पर सवार लोग सुरक्षित बच गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रंगमंच कलाकार रामदास पुजारी ने पीटीआई को बताया कि दक्षिण कन्नड़ की आत्माओं पर फिल्म बनाना हमेशा जोखिम भरा होता है, क्योंकि आत्माएं (भूत-दैव) अपने से जुड़ी किसी भी गतिविधि का व्यावसायीकरण पसंद नहीं करती हैं।

**ऋषभ को दी गई फिल्म बनाने की इजाजत**

हालांकि, पुजारी कहते हैं कि आत्माओं को पूजने वाले ऋषभ शेट्टी ने उनके लिए पूजा की है और उन्हें फिल्म बनाने की अनुमति दी गई है।



# अर्जुन अर्जुनने लाइक की एक्स गर्लफ्रेंड मलाइका अरोड़ा की पोस्ट

### नेटिजेंस ने दी प्रतिक्रिया

अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा पिछले साल अलग हो गए थे, लेकिन उनकी दोस्ती अभी भी कायम है। हालांकि, दोनों ने कभी भी आधिकारिक तौर पर अपने रिश्ते की पुष्टि नहीं की। मलाइका ने आज सोशल मीडिया पर रविवार को अपनी कुछ शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिस पर अर्जुन ने लाइक किया है। अर्जुन की इस लाइक के बाद नेटिजेंस इस पोस्ट पर अपनी लगातार प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

### मलाइका की पोस्ट को अर्जुन ने किया लाइक

आज मलाइका अरोड़ा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कई लाजवाब तस्वीरें शेयर कीं, जिसे अर्जुन कपूर ने लाइक किया। इससे उनके फैंस हैरान रह गए, क्योंकि ब्रेकअप के बाद दोनों ने एक-दूसरे के पोस्ट पर कम बातचीत की थी। मलाइका की पोस्ट में सुबह की आरामदायक तस्वीरें, पायजामा सेट, खाने का मेनू और डाइनिंग टेबल की सजावट शामिल थी। एक पोस्ट में कवि रूमी का उद्धरण था, मैं तुम्हें अपने दिल और दिमाग से नहीं, अपनी आत्मा से प्यार करता हूं। अर्जुन ने इस पोस्ट को लाइक किया, जिससे नेटिजेंस हैरान रह गए हैं।

### दोनों का रिश्ता?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा ने करीब छह साल तक डेट किया था। ब्रेकअप के बाद दोनों ने इस पर चुप्पी साधी रखी। 2024 में सिंघम अगेन के प्रमोशन के दौरान अर्जुन ने कहा कि वह अब सिंगल हैं। वहीं मलाइका ने भी अपनी निजी जिंदगी पर बात करने से इनकार किया और कहा कि वह इसे सार्वजनिक नहीं करना चाहतीं। दोनों एक-दूसरे की पर्सनल लाइफ का सम्मान करते हैं।

### नेटिजेंस की प्रतिक्रिया

मलाइका की इस पोस्ट पर एक यूजर ने लिखा, बिंदास मलाइका, एक और यूजर ने लिखा,अर्जुन वापस आ गया है, एक और यूजर ने लिखा,कोई इतना सुंदर कैसे हो सकता है, एक और यूजर ने लिखा,आज पिता दिवस है, स्वयं दिवस नहीं, एक और यूजर ने लिखा,आप बहुत खूबसूरत और आकर्षक लग रही हैं... चमकती रहें और हमेशा मुस्कुराती रहें... मुस्कान जानलेवा है और वैसे भी आप हमेशा मजबूत हैं... लव यू।

# उर्फी जावेद को लेकर अपूर्वा ने किया ऐसा खुलासा कि सुन दंग रह जाएंगे आप

**इस** वक्त करण जौहर का रियलटी शो द ट्रेटर्स चर्चा में बना हुआ है। शो के दौरान ही दो कंटेस्टेंट इंफ्लुएंसर अपूर्वा मुखीजा और उर्फी जावेद के बीच तीखी बहस हो गई थी। इससे दोनों के बीच तनाव इतना बढ़ गया कि ऑफ कैमरा पर भी इनकी बहस हुई, जिसका जिक्र अपूर्वा ने अपने व्लॉग में किया है। साथ ही उन्होंने उर्फी पर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।



रविवार को इंफ्लुएंसर अपूर्वा मुखीजा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो के माध्यम से बताया कि उर्फी ने शो के बाद भी अन्य कंटेस्टेंट के सामने उनका अपमान किया था, जिससे वह रोने लगी थी। उन्होंने बताया कि 'द ट्रेटर्स' में शामिल होने से पहले, उर्फी की अपनी मां से लड़ाई हुई थी और उन्हें शो के दौरान घर पर तीन फोन कॉल करने की इजाजत थी। हालांकि, जब उन्होंने घर पर कॉल करने का अनुरोध किया, तो शो के मेकर्स ने इससे इनकार कर दिया, जिससे वह इमोशनल हो गईं। इसके बाद जन्नत जुबैर ने उर्फी को सांत्वना दी, वहीं अपूर्वा ने इस पूरी बात को प्राइवेट रखने को कहा। इसपर ऊर्फी ने उनसे सवाल किया, तो अपूर्वा ने कहा, 'सब कुछ तुम्हारे बारे में नहीं है, ऊर्फी।' वीडियो में आगे अपूर्वा मुखीजा ने बताया कि शो के बाद उर्फी ने उन्हें आपत्तिजनक शब्दों के जरिए अपने पास बुलाया। इसके बावजूद इंफ्लुएंसर ने आराम से जवाब दिया।

# बिपाशा बसु ने बॉडी-शेमिंग करने वालों को दिया करारा जवाब



**बिपाशा** बसु को उनके बढ़ते वजन के कारण सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया। अब एक्ट्रेस ने बॉडी-शेमिंग को लेकर लगातार हो रही ट्रोलिंग पर रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे बुरे और दिल दुखाने वाले कमेंट्स से उनकी पहचान या उनकी खुद की अहमियत तय नहीं होती। दरअसल, बिपाशा बसु ने साल 2022 में बेटी देवी को जन्म दिया था। मां बनने के बाद से ही एक्ट्रेस के बढ़ते वजन के कारण उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच पूर्व मिस इंडिया श्वेता विजय नायर ने बिपाशा को सपोर्ट किया और कहा कि कैसे एक मां को फिजिकली और इमोशनली चीजों को हैंडल करना पड़ता है। इस पोस्ट पर बिपाशा ने भी रिएक्ट किया। उन्होंने कहा, थैंक्यू आपके शब्दों के लिए। मैं उम्मीद करती हूं कि लोग हमेशा इतने छोटे और नीचे सोच वाले न रहें। वो समझें और मानें कि महिलाएं हर दिन बहुत सी जिम्मेदारियां निभाती हैं, इसलिए उन्हें तारीफ और सम्मान मिलना चाहिए। मैं एक बेहद आत्मविश्वासी महिला हूं, जिसे एक समझदार और प्यार करने वाला साथी और परिवार मिला है। मीम्स और ट्रोल्स न तो मेरी पहचान बनाते हैं और न ही उन्होंने मुझे वो बनाया जो मैं हूं। लेकिन ये सब समाज की महिलाओं के प्रति सोच का एक बहुत ही चिंताजनक रूप दिखाते हैं। मेरी जगह अगर कोई और महिला होती, तो इतनी नफरत और कटाक्ष से गहरे जख्म खा सकती थी और मानसिक रूप से टूट सकती थी। अगर हमारी आवाज और मजबूत हो जाए और कम से कम महिलाएं ही एक-दूसरे को समझें और जैसा वे हैं, उसके लिए तारीफ करें तो महिलाएं आगे बढ़ती जाएंगी।

# 13 साल छोटी एक्ट्रेस के प्यार में पड़े कुशाल टंडन

### ब्रेकअप का किया एलान, फिर डिलीट की पोस्ट



कुशाल टंडन ने रात को एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए एलान किया कि उन्होंने शिवांगी जोशी से ब्रेकअप कर लिया है। फिर उन्होंने पोस्ट को डिलीट कर दिया। टीवी के मशहूर अभिनेता कुशाल टंडन ने रविवार की सुबह एलान किया कि उन्होंने शिवांगी जोशी से अलग होने का फैसला किया है। अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर सुबह 2:30 बजे के आसपास यह नोट लिखा। हालांकि पांच मिनट के बाद एक्टर ने ये पोस्ट डिलीट कर दी। अब उनकी पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। फैंस इसे लेकर कई अटकलें लगा रहे हैं। हम इस पोस्ट की पुष्टि नहीं करते हैं।

**थोड़ी देर बाद पोस्ट को किया डिलीट**

कुशाल टंडन ने पोस्ट में लिखा मैं जिन लोगों से प्यार करता हूं, उनसे बस इतना कहना चाहता हूं कि मैं और शिवांगी अब साथ नहीं हैं, 5 महीने हो गए हैं। इससे पहले कि फैंस इस खबर को समझ पाते, कुशाल ने इसे अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी से हटा दिया। इसके बाद उन्होंने कोई बात नहीं कही है। फैंस अटकलें लगा रहे हैं कि क्या एक्टर नशे में थे या फिर ब्रेकअप की बात सही है जिसकी वजह से उन्होंने पोस्ट डिलीट की।

### फैंस लगा रहे अटकलें

कुशाल टंडन ने अपने ब्रेकअप का एलान ऐसे मौके पर किया जब फैंस ने अनुमान लगाया कि दोनों अलग होने वाले हैं। कुशाल और शिवांगी, जो कुछ महीने पहले तक सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा एक्टिव थे, ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया। कई लोगों का मानना है कि शिवांगी ने कुशाल को ऑनलाइन ब्लॉक कर दिया है। दोनों के लाइक और कमेंट अचानक इंस्टाग्राम पोस्ट से गायब हो गए हैं।